डाक संस्करण

www.facebook.com/rashtriyasahara https://twitter.com/SaharaRashtriya www..rashtriyasahara.com

राष्ट्रीय सहारा

राष्ट्रीयता ■ कर्त्तव्य ■ समर्पण

■ गोरखपुर ■ नई दिल्ली ■ लखनऊ ■ पटना ■ कानपुर ■ देहरादून ■ वाराणसी से प्रकाशित

गोरखपुर

बृहस्पतिवार ● 17 जुलाई ● 2025

14 पृष्ठ, मूल्य ₹ 6.00

SAEL
SUSTAINABLE & AFFORDABLE ENERGY FOR LIFE

द्वारा ₹8000+ करोड़ के निवेश

से बनने वाले एकीकृत सोलर निर्माण संयंत्र से उत्तर प्रदेश के स्वच्छ ऊर्जा विकास को मिलेगी नई गति

योगी आदित्यनाथ जी
उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री

श्री सुखबीर सिंह आवला
को-फाउंडर एवं डायरेक्टर
SAEL इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड

हम **उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी, उत्तर प्रदेश सरकार** और **YEIDA** के प्रति **हार्दिक आभार व्यक्त** करते हैं कि उन्होंने **SAEL इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड** पर विश्वास जताते हुए **5 GW सोलर सेल** और **5 GW सोलर मॉड्यूल** निर्माण क्षमता वाले एकीकृत संयंत्र की स्थापना की अनुमति दी। यह परियोजना **8000+ करोड़ रुपये** के निवेश से **ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश** में स्थापित की जा रही है।

SAEL इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड एक एकीकृत नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी है, जिसका उद्देश्य सभी के लिए किफायती, सतत एवं स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध कराना है। हम राष्ट्र निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं और उत्तर प्रदेश की आर्थिक प्रगति और नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र को गति देने में भी अपना योगदान दे रहे हैं।

SAEL
SUSTAINABLE & AFFORDABLE ENERGY FOR LIFE
www.sael.co

6.7+ GW सोलर IPP क्षमता

11 एग्रो वेस्ट-टू- एनर्जी संयंत्र, 3 राज्यों में

3.5 GW सोलर मॉड्यूल निर्माण क्षमता

गोरखपुर। बृहस्पतिवार • 17 जुलाई • 2025
राष्ट्रीय सहारा | www.rashtriyasahara.com |

उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री, श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। बाबा केदारनाथ जी से प्रार्थना है कि आपको दीघार्यु, उत्तम स्वास्थ्य एवं प्रसन्नता प्रदान करें। डा. मोहन यादव@DrMohanYadav51

'शेख अली की गुमटी' को संरक्षित घोषित करने का निर्देश

नई दिल्ली (भाषा)। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली सरकार को बुधवार को निर्देश दिया कि वह लोधी कालीन स्मारक ''शेख अली की गुमटी'' को कानून के तहत संरक्षित स्मारक घोषित करने के लिए नयी अधिसूचना जारी करे। स्मारक पर विवाद तब सुर्खियों में आया जब उच्चतम न्यायालय ने डिफेंस कॉलोनी निवासी कल्याण संघ को अपनी संरचना को खाली करने और 1960 के दशक से ऐतिहासिक स्थल पर कब्जे के लिए मुआवजे के रूप में दिल्ली सरकार के पुरातत्व विभाग को 40 लाख रुपए का भुगतान करने का निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ डिफेंस कॉलोनी निवासी राजीव सूरी द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिन्होंने गुमटी को प्राचीन स्मारक और पुरातात्विक स्थल एवं अवशेष अधिनियम, 1958 (एएमएएसआर अधिनियम) के तहत संरक्षित स्मारक घोषित करने का अनुरोध किया है। दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा 2019 में उनकी याचिका खारिज किए जाने के बाद उच्चतम न्यायालय में यह याचिका दायर की गई थी।

मुठभेड़ में इनामी नक्सली ढेर सीआरपीएफ जवान शहीद

बोकारो (भाषा)। झारखंड के बोकारो जिले में बुधवार सुबह हुई मुठभेड़ में पांच लाख रुपए का इनामी नक्सली मारा गया और इस दौरान केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान की भी जान चली गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। मुठभेड़ के दौरान एक आम नागरिक की भी जान चली गई है। पुलिस ने पहले उसकी पहचान एक अन्य नक्सली के रूप में की थी।

पुलिस ने बताया कि गोमिया थाना क्षेत्र के बिरहोर डेरा जंगल में सुबह करीब साढे पांच बजे सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता ने बताया कि विशेष सूचना पर कार्रवाई करते हुए सीआरपीएफ और जिला पुलिस ने जंगल में छापेमारी की। उन्होंने कहा, ''नक्सलियों और सुरक्षाबलों के बीच हुई मुठभेड़ में पांच लाख रुपए का इनामी नक्सली कुंवर माझी मारा गया।'' गुप्ता ने बताया कि मुठभेड़ में जान गंवाने वाले सीआरपीएफ के जवान की पहचान असम के कोकराझार निवासी परनेश्वर कोच के रूप में हुई है।

ड्रोन व मानवरहित हवाई प्रणालियों में आत्मनिर्भरता जरूरी : CDS

नई दिल्ली (एसएनबी)। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष अनिल चौहान ने बुधवार को कहा कि हाल के वैश्विक संघर्षों में यह बात सामने आई है कि कैसे ड्रोन ''युद्ध के रणनीतिक संतुलन को गैर आनुपातिक रूप से प्रभावित कर सकते हैं।''

■ कहा, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान ने हथियाररहित ड्रोन का इस्तेमाल किया था

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ड्रोन और काउंटर-अनमैन्ड एरियल सिस्टम (सी-यूएएस) (मानवरहित हवाई रोधी प्रणाली) में आत्मनिर्भरता भारत के लिए ''रणनीतिक रूप से अनिवार्य'' है। यहां 'मानेकशॉ सेंटर' में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनरल चौहान ने यह भी कहा कि 'ऑपरेशन सिदूर' ने दिखाया है कि क्यों स्वदेशी रूप से विकसित मानव रहित हवाई प्रणालियां (यूएएस) और सी-यूएएस ''हमारे क्षेत्र और हमारी जरूरतों के लिए महत्वपूर्ण हैं''। 'यूएवी और सी-यूएएस के क्षेत्र में विदेशी ओईएम से वर्तमान में आयात किए जा रहे महत्वपूर्ण घटकों के स्वदेशीकरण' विषय पर थिंक टैंक 'सेंटर फॉर ज्वाइंट वारफेयर स्टडीज' के सहयोग से एकीकृत रक्षा कार्मिक मुख्यालय (एचक्यू-आईडीएस) की मेजबानी में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जा रही है।

अवमानना के मामले में एसपी बस्ती को हाईकोर्ट का नोटिस

हर्रैया (बस्ती)। (एसएनबी)। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक का चरित्र प्रमाण पत्र का आवेदन बिना किसी कारण के निरस्त करने के यूपी पुलिस के आदेश को खारिज कर दिया है। मामले में न्यायालय के आदेश का पालन न करने पर बस्ती के पुलिस अधीक्षक को अवमानना नोटिस जारी किया है। न्यायमूर्ति शेखर बी सर्राफ और माननीय न्यायमूर्ति विपिन चंद्र दीक्षित की खंडपीठ ने स्थानीय थानांतर्गत खम्हरिया सुजात निवासी लवकुश सिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए उक्त आदेश पारित किया।

■ चरित्र प्रमाण पत्र का आवेदन बिना किसी कारण के निरस्त करने के यूपी पुलिस के आदेश को भी किया खारिज

उल्लेखनीय है कि याचिकाकर्ता बड़ौदा यू पी बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र का संचालक है। याचिकाकर्ता के खिलाफ 2017 में एक अपराधिक मामला दर्ज था जो जिला न्यायालय में विचाराधीन है । याचिकाकर्ता ने 7 अक्टूबर 2024 को यूपी पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट पर चरित्र प्रमाण पत्र जारी करने के लिए आवेदन किया। जब याचिकाकर्ता ने अपने आवेदन की स्थिति जांच किया तो पता चला कि उसका आवेदन अस्वीकार कर दिया गया है जबकि यूपी पुलिस की वेबसाइट पर दिखाए गए याचिकाकर्ता के आवेदन को खारिज करने वाले विवादित अदिनांकित आदेश को रद करने का आदेश न्यायालय द्वारा दिया गया है। संबंधित प्राधिकारी को याचिकाकर्ता की शिकायत पर गौर करते हुए कानून के अनुसार बारह सप्ताह में निर्णय लेने का आदेश न्यायालय द्वारा दिया था। जिसके बाद याची के द्वारा हाइकोर्ट के आदेश की कॉपी एसपी बस्ती को उपलब्ध कराया गया लेकिन निर्धारित समय बीत जाने पर भी एसपी बस्ती ने आज तक न्यायालय के आदेश का अनुपालन नहीं किया।

न्यायालय के आदेश का अनुपालन न करने पर लवकुश सिंह ने अपने अधिवक्ता केएलतिवारी के माध्यम से एसपी बस्ती के खिलाफ अवमानना याचिका दाखिल कार्यवाही की मांग किया। अधिवक्ता द्वारा दिए गए तर्को को सुनने के बाद माननीय न्यायालय ने एसपी बस्ती को अवमानना का दोषी पाते हुए नोटिस जारी कर जवाब मांगा है और कहा कि क्यों न एसपी बस्ती के खिलाफ आरोप बनाकर दंडित किया जाए।

प्रशांत कुमार राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के सचिव बने

नई दिल्ली। मणिपुर के मुख्य सचिव प्रशांत कुमार सिह को राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग का सचिव नियुक्त किया गया है। छह महीने पहले उन्हें केंद्र ने इस संकटग्रस्त राज्य में भेजा था। मणिपुर कैडर के 1993 बैच के आईएएस अधिकारी सिंह नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा सचिव के रूप में कार्यरत थे, लेकिन 11 जनवरी को उन्हें राज्य में वापस भेज दिया गया था। कार्मिक मंत्रालय ने एक आदेश में कहा है कि कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने भारत सरकार के सचिव पद और वेतनमान के साथ राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के सचिव के पद पर सिह की नियुक्ति को मंजूरी दी है।

यूपी में अगले कुछ दिनों तक झमाझम बारिश के आसार

लखनऊ (एसएनबी)। देश के ऊपर बन चुके दो सक्रिय निम्न दबाव के क्षेत्रों ने उत्तर भारत के कई राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी को और अधिक गंभीर बना दिया है। मौसम विभाग के अनुसार ये दोनों मौसम प्रणालियां पहले ही 'डिप्रेशन' का रूप ले चुकी हैं और इसका असर अब उप्र में भी दिखाई देने लगा है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार भारी बारिश का यह सिलसिला बिहार व झारखंड से शुरू होकर अब उप्र, मप्र, राजस्थान, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा होते हुए हिमालयी क्षेत्रों तक पहुंचेगा।

प्रदेश के अधिकतर जिलों में कहीं तेज तो कहीं बूंदाबांदी हुई। सबसे अधिक 36.8 मिमी वर्षा चुर्क में रिकार्ड की गयी। उरई में 25.4 मिमी, वाराणसी में 22.6 मिमी, फुरसतगंज में 21.4 मिमी, नजीबाबाद में 18 मिमी, बहराइच में 14 मिमी और गाजीपुर में 12 मिमी बारिश हुई। लखनऊ में दिन भर बूंदाबांदी हुई, लेकिन शाम को तेज बारिश हुई।

प्रदेश के बाकी जिलों में बूंदाबांदी हुई। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अगले 24 से 48 घंटों के दौरान उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश, आंधी और तेज़ हवाओं के साथ जलभराव की स्थिति बन सकती है।

कौशल विकास मिशन ने लाखों युवाओं को बनाया आत्मनिर्भर

लखनऊ (एसएनबी)। योगी आदित्यनाथ सरकार के नेतृत्व में कौशल विकास एक जनआंदोलन बन चुका है। बीते आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (UPSDM) ने प्रदेश के लाखों युवाओं की जिंदगी बदलने का कार्य किया है। इस दौरान 14 लाख से अधिक युवक एवं युवतियों को विभिन्न क्षेत्रों में कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिनमें से 5.65 लाख से अधिक युवा रोजगार व स्वरोजगार से जुड़कर आत्मनिर्भर बने हैं।

■ अब तक 14 लाख युवाओं को मिला प्रशिक्षण

■ पं दीन दयाल योजना से ग्रामीण युवाओं को मिला नया जीवन, 1.30 लाख को मिला रोजगार

योगी सरकार द्वारा संचालित कौशल विकास मिशन न केवल युवाओं को प्रशिक्षित करने, बल्कि उन्हें रोजगार से जोड़ने के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। यह पहल उत्तर प्रदेश को आत्मनिर्भरता की ओर ले जा रही है और 'नया भारत, नया उत्तर प्रदेश' की परिकल्पना को साकार कर रही है।

1000 से अधिक ट्रेनिंग पार्टनर्स, 350 से अधिक कोर्स : प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र के युवाओं को उनके रूचि एवं क्षेत्रीय आवश्यकताओं के अनुसार अल्पकालीन प्रशिक्षण देने के लिए मिशन ने 1000 से अधिक ट्रेनिंग पाटनर्स को जोड़ा है। इनके माध्यम से 350 से अधिक कोर्स संचालित किए जा रहे है, जो उद्योगों की मांग के अनसार डिजाइन किए गए है। इससे न केवल प्रशिक्षण की गुणवत्ता बढ़ी है, बल्कि युवाओं का औद्योगिक दुनिया से सीधा जुड़ाव भी हुआ है।

फ्लेक्सी ट्रेनिंग पार्टनर्स के माध्यम से उद्योगों की सीधी भागीदारी : युवाओं को रोजगार दिलाने में उद्योगों की भूमिका को महत्वपूर्ण मानते हुए कौशल विकास मिशन ने फ्लेक्सी ट्रेनिंग पार्टनर्स योजना शुरू की है। इसके अंतर्गत अब तक 33 औद्योगिक इकाइयों को अनुबंधित किया गया है। मिशन का लक्ष्य है कि प्रत्येक जनपद से 5 नई इकाइयों को जोड़कर उद्योगों की संख्या को और बढ़ाया जाए। हाल ही में इस दिशा में 11 नई इकाइयों के साथ अनुबंध किए गए हैं।

ग्रामीण युवाओं के लिए वरदान बनी 'दीन दयाल उपाध्याय-ग्रामीण कौशल योजना' : प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं के लिए दीन दयाल उपाध्याय-ग्रामीण कौशल योजना एक मील का पत्थर साबित हुई है। इस योजना के अंतर्गत आवासीय मोड में मुफ्त कौशल प्रशिक्षण और सुनिश्चित सेवायोजन की सुविधा दी जाती है। बीते आठ वर्षों में करीब 1.80 लाख ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षण और उनमें से 1.30 लाख को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। कौशल विकास मिशन की एक और बड़ी पहल है रोजगार मेले, जो प्रदेश के कोने-कोने तक पहुंचे है। अब तक 1736 रोजगार मेलों के माध्यम से 4.13 लाख से अधिक युवाओं को 2537 कंपनियों में नियुक्ति पत्र दिलवाए गए है। ये मेले केवल नौकरी का माध्यम नहीं है, बल्कि युवाओं को आत्मविश्वास और अवसर का मंच भी प्रदान करते है।

पेराई सत्र के लिए गन्ना सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण : गन्ना आयुक्त

लखनऊ (एसएनबी)। गन्ना एवं चीनी आयुक्त प्रमोद कुमार उपाध्याय ने बताया कि पेराई सत्र 2025-26 के लिए गन्ना सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण हो चुका है जो 01 मई से प्रारम्भ हुआ था। सर्वे के दौरान जो भी आंकड़े प्राप्त हुये हैं उसके आधार पर गन्ना सट्टा आगणित करते हुये वर्तमान में ग्राम स्तरीय सर्वे एवं सट्टा प्रदर्शन कार्यक्रम 20 जुलाई से 30 अगस्त तक चलाया जाएगा। 'गन्ना विभाग किसान के द्वार' अभियान के अंतर्गत गन्ना विकास विभाग के कर्मचारी गन्ना किसानों को उनके गन्ना सर्वे एवं सट्टे से सम्बन्धित कुल 63 बिंदुओं पर आंकड़े दिखाकर उनका मत प्राप्त करेंगे। यदि किसी किसान को 63 कालम से सम्बन्धित आंकड़ों में किसी बिन्दु पर आपत्ति है तो कृषक से आपत्ति प्राप्त करते हुये रजिस्टर में दर्ज कर निस्तारण तत्समय ही किया जायेगा। उन्होंने किसानों से अपील की है कि वे ग्राम स्तरीय सर्वे सट्टा प्रदर्शन मेला में अपनी कृषि योग्य भूमि, गन्ना प्रजाति, मोबाइल नम्बर, बेसिक कोटा एवं बैंक खाता आदि महत्वपूर्ण विवरणों की सही जानकारी कर लें और कोई विवरण गलत होने की स्थिति में गन्ना पर्यवेक्षकों को आवश्यक दस्तावेज एवं प्रार्थना-पत्र देकर मौके पर ही अपडेट करा लें।

भाजपा ने पुलिस को बना दिया उत्पीड़न का हथियार

■ प्रदेश में कानून नहीं, लाठी का राज

लखनऊ। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने पुलिस तंत्र को पूरी तरह से भ्रष्ट, बेलगाम और राजनीतिक हथियार में तब्दील कर दिया है, जिससे आम जनता विशेषकर गरीब और कमजोर वर्ग का जीना मुश्किल हो गया है। अखिलेश ने कहा कि पुलिस अब जनता की रक्षक नहीं, खुद ही भक्षक बन गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस की प्रताड़ना और न्याय की अनुपलब्धता के कारण गरीब लोग आत्महत्या करने को मजबूर हो रहे है। फर्रूखाबाद का युवक, जिसने थाने से छूटकर 50 हजार रुपये की मांग का आरोप लगाकर जान दे दी इस निर्मम तंत्र की एक शर्मनाक मिसाल है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा के शासनकाल में उप्र पुलिस हिरासत में मौतों के मामलों में देश में अव्वल बन गया है। कानपुर में हाल ही में पशु व्यापारी से लूट के मामले में 11 सिपाहियों का निलंबन इसका एक और प्रमाण है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार चुनावों में पुलिस का दुरुपयोग करती है, मतदाताओं को डराती है, फर्जी वोटिंग कराती है, और विरोधियों पर झूठे मुकदमे दर्ज कराती है।

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू से मिले मंत्री दानिश अंसारी

■ अल्पसंख्यक युवाओं के कौशल विकास व रोजगार पर हुई सार्थक चर्चा

लखनऊ। प्रदेश सरकार में अल्पसंख्यक कल्याण एवं हज राज्य मंत्री तथा यूपी राज्य हज कमेटी केचेयरमैन दानिश आजाद अंसारी ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू से भेंट की। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर विशेष रूप से अल्पसंख्यक समुदाय के युवाओं के कौशल विकास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, रोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा देने संबंधी वर्तमान योजनाओं और भावी संभावनाओं पर गहन चर्चा की गई। अंसारी ने इन क्षेत्रों में उप्र सरकार की प्राथमिकताओं से अवगत कराया और केंद्र सरकार के सहयोग की अपेक्षा जताई। रिजिजू ने भी युवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी और यूपी के प्रयासों की सराहना करते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

सरकारी स्कूलों को बंद करके बाबा साहब के सपनों को कुचल रही भाजपा सरकार

लखनऊ । आप के राज्य प्रभारी और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा है कि सरकारी स्कूलों को बंद कर, बाबा साहब आंबेडकर के सपनों को कुचला जा रहा है। सरकार को बच्चों की पढ़ाई की नहीं, शराब की दुकानों की चिंता है। सिंह ने बुधवार को मेरठ में 'स्कूल बचाओ आंदोलन' के तहत प्राथमिक विद्यालय गोटका से गगोल नंबर-2 तक सैकड़ों बच्चों और अभिभावकों के साथ पैदल मार्च किया। उन्होंने कहा कि यह सरकार बच्चों से किताबें छीनकर शराब की बोतल थमा रही है। 27000 स्कूल बंद, 27308 शराब की दुकानें चालू यही है डबल इंजन सरकार का असली एजेंडा। उत्तर प्रदेश को पाठशाला चाहिए, मधुशाला नहीं। जिन स्कूलों में गरीब, दलित, पिछड़े और किसानों के बच्चे पढ़ते है, उन्हें जानबूझकर बर्बाद किया गया। सरकार ने शिक्षक नहीं दिए, सुविधाएं नहीं दीं और फिर कहा कि बच्चों की संख्या कम है। उन्होंने बताया कि प्राथमिक स्तर पर 1.93 लाख, माध्यमिक में 3,872, और वरिष्ठ माध्यमिक में 8,714 शिक्षकों की कमी है, लेकिन सरकार के पास कोई ठोस भर्ती योजना नहीं है। उन्होंने कहा, एक तरफ स्कूलों में सिर्फ एक शिक्षक, दूसरी तरफ हर मोहल्ले में एक शराब का ठेका यही है भाजपा का संस्कार।

एकलव्य वन से शुरू होगी विशिष्ट वनों की स्थापना

लखनऊ। एक दिन में 37 करोड़ 21 लाख से अधिक पौधे रोपने वाले उत्तर प्रदेश में अब विशिष्ट वनों की स्थापना होगी। राज्य स्तरीय आयोजनों को लेकर वन विभाग ने फाइनल तिथि भी जारी कर दी है। यह कार्यक्रम पूरे वर्षाकाल के दौरान चलेगा। अलग-अलग प्रभागों को राज्य स्तर पर मुख्य आयोजन कर अलग-अलग वन स्थापित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। 18 जुलाई को मीरजापुर से एकलव्य वन की स्थापना के साथ ही विशिष्ट वनों की श्रृंखला का आगाज होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य स्तरीय सभी आयोजनों को उत्सव के रूप में मनाने का निर्देश दिया है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक व विभागाध्यक्ष सुनील चौधरी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' के तहत यह आयोजन उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। उक्त वनों की स्थापना सभी वन प्रभागों में होगी, लेकिन कई कार्यक्रम राज्य स्तर पर आयोजित किए जाएंगे। इनकी जिम्मेदारी संबंधित प्रभागों को सौप दी गई है। राज्य स्तरीय कार्यक्रम के नोडल अधिकारी संबंधित क्षेत्र के जोनल/मंडलीय मुख्य वन संरक्षक होंगे।

विवाद के बीच राजकीय शिक्षक का ऑफलाइन तबादला

प्रयागराज। राजकीय शिक्षकों के ऑनलाइन तबादले में मनमानी को लेकर मचे बवाल के बीच ऑफलाइन स्थानान्तरण के कारण फिर से बहस छिड़ गई है। अपर शिक्षा निदेशक (राजकीय) अजय कुमार द्विवेदी की ओर से 10 जुलाई को एक शिक्षिका का रायबरेली से लखनऊ तबादला किया गया। शासन के माध्यमिक शिक्षा अनुभाग-दो से मिली अनुमति के आधार पर उप्र अधीनस्थ शैक्षणिक (प्रवक्ता संवर्ग) महिला शाखा में कार्यरत निधि चौरसिया, प्रवक्ता-गृह विज्ञान, केबी सिन्हा राजकीय बालिका इंटर कालेज, देवानन्दपुर, रायबरेली का दांपत्य नीति के तहत राजकीय बालिका इंटर कालेज शाहमीना रोड लखनऊ में रिक्त पद पर स्थानान्तरण हुआ है। मालूम हो कि ऑनलाइन स्थानान्तरण में मनमानी को लेकर शिक्षकों ने हाईकोर्ट में याचिकाएं कर दी हैं। इस बीच बिना किसी नीति के ऑफलाइन तबादले से वे शिक्षक निराश हैं जो नियमों के तहत पसंदीदा जिले में तैनाती चाहते हैं।

विस में विधायकों को एआई का मिलेगा प्रशिक्षण

लखनऊ। उप्र विस में विधायकों के कामकाज को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का प्रशिक्षण शुरू करने की तैयारी है। यह प्रशिक्षण देश के प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर के प्रोफेसरों द्वारा प्रदान किया जाएगा। आगामी मानसून सत्र के मध्य या अंत में इस विशेष सत्र का आयोजन प्रस्तावित है। प्रशिक्षण पूरी तरह स्वैच्छिक रहेगा और किसी भी सदस्य पर बाध्यकारी नहीं होगा। इसका मकसद यह सुनिश्चित करना है कि विस के सदस्य एआई टूल को आसानी से समझें और अपने दायित्वों में उनका उपयोग कर सकें। सत्र में यह बताया जाएगा कि किस प्रकार एआई विभिन्न क्षेत्रों में मददगार हो सकता है।

देवरिया की अनुपमा के अपहरण मामले में विवेचक पर घूस लेने का लगाया आरोप

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने देवरिया की अनुपमा यादव का एलबम फिल्म निर्माता सुनील यादव द्वारा अपहरण मामले में विवेचना अधिकारी पर 2 लाख 80 हजार घूस लेने के आरोपों की एसपी को जांच कर रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने पूछा है कि लापता अनुपमा की बरामदगी के लिए अब-तक क्या कदम उठाए गए हैं। यह भी बतायें कि किन वजहों से पीड़िता की बरामदगी में पुलिस फेल रही। अभियुक्त याची सुनील यादव ने विवेचना अधिकारी पर घूस लेने का आरोप लगाया है। कोर्ट ने अगली सुनवाई की तिथि 21 जुलाई को एसपी देवरिया व एसएचओ कोतवाली को तलब किया है। याची सुनील के अधिवक्ता ने पूरक हलफनामा दाखिल कर कोर्ट को बताया कि पीड़िता की बरामदगी नहीं की गई है। विवेचना अधिकारी दरोगा रिजवान अंसारी ने उससे व उसके भाई से घूस मांगी। 27 फरवरी 25 को फोनपे एप के जरिए दरोगा के कहने पर तह्उर अंसारी के खाते में 40 हजार भेजे गये 12 मार्च 25 को 2.40 लाख रुपए विवेचक को नकद दिए गए। कोर्ट ने इस आरोप को गंभीरता से लिया और एसपी को जांच कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। यह आदेश न्यायमूर्ति सलिल कुमार राय तथा न्यायमूर्ति संदीप जैन की खंडपीठ ने अभियुक्त सुनील यादव की याचिका की सुनवाई करते हुए दिया है। कोर्ट ने दर्ज आपराधिक मामले में लगी याची की गिरफ्तारी पर रोक बढ़ा दी है। इससे पहले कोर्ट ने पीड़िता की बहन शिकायतकर्ता सुष्मिता यादव को नोटिस जारी की थी और राज्य सरकार व सुष्मिता से जवाब मांगा था। किंतु किसी की तरफ से जवाब दाखिल नहीं किया गया। अपर शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि पीड़िता की अभी तक बरामदगी नहीं की जा सकी है। याची का कहना है कि एक ब्लैकमेलिंग का गैंग है, जो लोगों को झूठे केस में फंसाकर धन की उगाही करता है। इसलिए एफआईआर रद्द की जाय।

दो विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के खिलाफ याचिका खारिज

■ कोर्ट ने कहा कल्पना पर आधारित है जनहित याचिका

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड और पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के निजीकरण के खिलाफ दाखिल जनहित याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि याचिका में किए गए दावे अवधारणाओं पर आधारित हैं। ऐसा कुछ भी लिखित आदेश नहीं है। 20 मार्च, 2025 के एक पत्र में मुख्य अभियंता ने केवल यह संकेत दिया था कि उप्र पावर कार्पोरेशन लिमिटेड की तकनीकी मूल्यांकन समिति ने दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड और पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड में निजीकरण के लिए बोलीदाताओं की ओर से प्रस्तुत तकनीकी बोलियों का मूल्यांकन किया है। इन तथ्यों के आधार पर कोर्ट ने याचिका पर विचार करने का कोई औचित्य नहीं पाया। कोर्ट ने समय पर याची को कानून के अनुसार उचित कार्यवाही करने की स्वतंत्रता दी गई है। यह आदेश मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र की खंडपीठ ने विजय प्रताप सिंह जनहित याचिका पर दिया।

अशरफ के करीबी की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज

■ बरेली जेल में फर्जी दस्तावेजों से मुलाकात करने का है आरोप

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दिवंगत विधायक अशरफ के करीबी मो. अजहर की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी है। अजहर पर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर अशरफ से बरेली जेल में मुलाकात करने और उसके साथ आपराधिक साजिश में शामिल होने का आरोप है। यह आदेश न्यायमूर्ति समीर जैन ने मो. अजहर की अग्रिम जमानत अर्जी पर सुनवाई के बाद दिया। याची के अधिवक्ता का कहना था कि याची प्राथमिकी में नामजद नहीं है। उसका नाम बाद में विवेचना में शामिल किया गया। उसके खिलाफ कोई दस्तावेजी साक्ष्य नहीं है। याचिका का विरोध करते हुए अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल का कहना था कि याची पर गंभीर आरोप है। वह विवेचना में सहयोग नहीं कर रहा है और लगातार गिरफ्तारी से बच रहा है। उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट और कुर्की का नोटिस भी जारी हो चुका है। कोर्ट ने सुनवाई के बाद अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी।

छांगुर बाबा व नसरीन की रिमाण्ड पूरी, भेजे गए जेल

लखनऊ (एसएनबी)। धर्मांतरण सिंडिकेट चलाने वाले मास्टमाइंड जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा और उसकी खास नीतू उर्फ नसरीन की यूपी एटीएस की रिमाण्ड अवधि बुधवार शाम को पूरी हो गई। यूपी एटीएस ने दोनों आरोपियों को मेडिकल जांच के बाद जिला कारागार में दाखिल कर दिया है। हैरानी की बात यह है कि एटीएस ने रिमाण्ड बढ़ाने के लिए कोई अर्जी दाखिल नहीं की। जांच एजेंसी अब तक मिले सबूतों के आधार पर आगे की जांच में जुटी है। अस्पताल में मेडिकल जांच के बाद जेल जाते वक्त छांगुर बाबा ने खुद को बेकसूर बताया, साथ ही कहा कि मुझे कुछ नहीं पता। सूत्रों का कहना है कि दोनों के लाई डिटेक्टर और नार्को टेस्ट पर मंथन किया जा रहा है।

■ पहली बार बोला छांगुर, मैं बेकसूर हूं, मुझे नहीं पता

■ लाई डिटेक्टर और नार्को टेस्ट पर किया जा रहा है विचार

दरअसल यूपी एटीएस ने छांगुर और उसकी खास सहयोगी नीतू उर्फ नसरीन को पांच जुलाई को गिरफ्तार किया था। दोनों के खिलाफ लखनऊ एटीएस थाने में देशद्रोह, सांप्रदायिक विद्वेष फैलाने, धोखाधड़ी और यूपी धर्मातरण प्रतिषेध अधिनियम की गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया था।

इस्लाम के प्रचार के लिए आया था फंड : एटीएस ने छांगुर से सवाल किया कि सैकड़ों करोड़ रुपये कहां से आए, इस पर उसने कहा कि इस्लाम के प्रचार के लिए फंड आया था। जब उससे रुपयों का हिसाब मांगा गया तो उसने कहा कि उसे इस बारे में जानकारी नहीं है। सब कुछ लैपटॉप में है। इसके बाद नसरीन ने खुलासा किया उसका लैपटॉप कोठी में रखा था। आशंका जताई जा रही है कि इस लैपटॉप और एक डायरी से काफी खुलासा हो सकता है। फिलहाल, एटीएस इस बिन्दु पर भी पड़ताल कर रही है।

अलग-अलग बैरक में हुए बंद : जिला कारागार लखनऊ के वरिष्ठ अधीक्षक आरके जायसवाल ने बताया कि यूपी एटीएस ने छांगुर और नसरीन को दाखिल किया है। तलाशी एवं स्वास्थ्य परीक्षण के बाद दोनों को अलग-अलग बैरक में बंद किया गया है।

दिल्ली के पांच स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

■ तीन दिन में 10 ऐसे मामले आए सामने

नई दिल्ली (एसएनबी)। दिल्ली के पांच निजी स्कूलों को बुधवार सुबह बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद दहशत फैल गई और अधिकारियों ने गहन जांच के लिए परिसर तत्काल खाली कराए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

यह लगातार तीसरा दिन है जब राष्ट्रीय राजधानी के शैक्षणिक संस्थानों को ईमेल से बम रखे होने की धमकी दी गई है। इससे पहले पिछले दो दिन में कुछ स्कूलों में बम रखे होने की धमकी, जांच में झूठी साबित हुई है। अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने बताया कि द्वारका स्थित सेंट थॉमस स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी वाला ईमेल मिलने के बाद सुबह पांच बजकर 26 मिनट पर इसकी जानकारी अग्निशमन विभाग को दी गई। उन्होंने बताया कि वसंत कुंज स्थित वसंत वैली स्कूल को सुबह साढे छह बजे, हौज खास स्थित मदर इंटरनेशनल को सुबह 8.12 बजे और पश्चिम विहार स्थित रिचमंड ग्लोबल स्कूल को सुबह 8.11 बजे धमकी भरा ईमेल मिला।

वर्गीकृत सूचना

मेरा हाईस्कूल वर्ष-2005 अनुक्रमांक 1870858 तथा इंटरमीडिएट वर्ष-2007 अनुक्रमांक 1126003 का प्रमाणपत्र सह-अंकपत्र खो गया है। **कु. श्वेता राय पुत्री स्व. कृष्ण प्रकाश राय ग्राम-दुघरा, पोस्ट-बनियाबारी जनपद-संतकबीरनगर।**
PR.1415

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जय प्रकाश यादव व अनिरुद्ध दोनों मेरा ही नाम है। मुझे दोनों नामों से जाना व पहचाना जाय। **जय प्रकाश यादव पुत्र बैजनाथ यादव, ग्राम-पोस्ट-शंकरपुर, तहसील-हर्रैया, जिला-बस्ती**
PR.1068

आवश्यकता है

इस्लामिया कालेज आफ कामर्स, गीडा, गोरखपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत संविदा के आधार पर (यू.जी.सी. मानक व विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार)।
02 प्रवक्ता बी.बी.ए.
02 प्रवक्ता बी.सी.ए.
01 प्रवक्ता बी.काम.
अर्ह अभ्यर्थी आवेदन-पत्र प्रकाशन के तीन सप्ताह के अन्दर महाविद्यालय के रजिस्टर्ड कार्यालय प्लाट संख्या बी.एल.-2, सेक्टर-7, गीडा, गोरखपुर को प्राप्त करायें।
(शोयेब अहमद) प्रबन्धक
MR.2500304

आवश्यकता है

इस्लामिया कालेज आफ कामर्स, गोरखपुर में आवश्यकता है।

एकाउन्टेन्ट	-	01 पद
विडियो एडिटर	-	01 पद
कम्प्यूटर आपरेटर-		01 पद
क्लर्क	-	01 पद
रिसेप्शनिस्ट	-	01 पद
माली	-	01 पद
चपरासी	-	01 पद
स्वीपर	-	01 पद

विज्ञापन के प्रकाशन से 10 दिन के अन्दर प्रार्थना-पत्र महाविद्यालय को प्राप्त करायें।
(शोयेब अहमद) प्रबन्धक
MR.25000305

आवश्यकता है

इस्लामिया कालेज आफ कामर्स, बक्शीपुर, गोरखपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत संविदा के आधार पर (यू.जी.सी. मानक व विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार)

02 प्रवक्ता रसायन विज्ञान	स्नातक स्तर
01 प्रवक्ता प्राणि विज्ञान	स्नातक स्तर
01 प्रवक्ता वनस्पति विज्ञान	स्नातक स्तर
01 प्रवक्ता गणित	स्नातक स्तर
01 प्रवक्ता बी.सी.ए.	स्नातक स्तर
03 प्रवक्ता वाणिज्य	स्नातक स्तर

अर्ह अभ्यर्थी आवेदन-पत्र प्रकाशन से तीन सप्ताह के अन्दर महाविद्यालय के रजिस्टर्ड कार्यालय बक्शीपुर, गोरखपुर को प्राप्त करायें।
(शोयेब अहमद) प्रबन्धक
MR.25000306

सात्विक-चिराग और लक्ष्य दूसरे दौर में, सिंधु पहले दौर में हारी
पेज-12

लोस अध्यक्ष की पहल : अब सांसदों को मिलेगा 'सेहतमंद आहार'
पेज-11

यदि किसी फिल्म में तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया है तो उस पर प्रतिबंध लगना चाहिए लेकिन यदि फिल्म सच्ची घटना पर आधारित है और उसमें सच्चाई को दर्शाया गया है तो उस पर प्रतिबंध क्यों लगाया जा रहा है?
-विष्णु शंकर जैन@Vishnu_Jain1

छोटे देशों पर भी 10 फीसद से ज्यादा शुल्क लगाएंगे ट्रंप
पेज-13

डाक संस्करण
www.facebook.com\rashtriyasahara https://twitter.com/SaharaRashtriya www..rashtriyasahara.com

42 वर्ष की हुई कैटरीना कैफ
पेज-14

राष्ट्रीय सहारा

राष्ट्रीयता ■ कर्तव्य ■ समर्पण

■ गोरखपुर ■ नई दिल्ली ■ लखनऊ ■ पटना ■ कानपुर ■ देहरादून ■ वाराणसी से प्रकाशित
गोरखपुर
बृहस्पतिवार • 17 जुलाई • 2025
14 पृष्ठ, मूल्य ₹ 6.00

सर्राफा | दिल्ली सोना (प्रति 10 ग्राम) ₹ 98,870 | चांदी (प्रति किलो) ₹1,11,000 | शेयर सेंसेक्स 82,634 +64 | निफ्टी 25,212 +16 | विनिमय दर ₹/$ 85.92 -0.16 | मौसम (गोरखपुर) तापमान अधिकतम 32° न्यूनतम 27°

भूलेश्वर, खजनी शिव मंदिर और झारखंडी महादेव मंदिर का होगा कायाकल्प

प्रदेश के कई प्राचीन शिव मंदिरों के कायाकल्प की तैयारी में योगी सरकार

■ सरकार ने 188 छोटे-बड़े प्राचीन मंदिरों का कराया है कायाकल्प

■ आगरा, फिरोजाबाद, गोरखपुर और गोंडा में 7 प्राचीन मंदिरों की बदलेगी तस्वीर

लखनऊ (एसएनबी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार पर्यटन क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है। यूपी टूरिज्म विभाग, यूपी प्रोजेक्ट्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड और यूपी स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड के सहयोग से प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में पर्यटन इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं शुरू करने की तैयारी है। इन परियोजनाओं में धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों का सौंदर्यीकरण, बुनियादी सुविधाओं का विकास और ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देना शामिल है। इनमें से अधिकांश वो प्राचीन शिवमंदिर है, जो पिछली सरकारों में उपेक्षा के कारण दुर्दशाग्रस्त हो चुके है। बता दें कि बीते आठ साल में योगी सरकार ने 188 छोटे-बड़े प्राचीन मंदिरों का कायाकल्प और सौंदर्यीकरण कराने का कार्य किया है।

योगी सरकार द्वारा प्रदेश के धार्मिक स्थलों के विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इनमें आगरा के फतेहाबाद में भट्टा की पिपरी मौजा मेवालीखुर्द स्थित शिव मंदिर परिसर, फिरोजाबाद में चकलेश्वर महादेव मंदिर और समौर बाबा मंदिर क्षेत्र में इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास जैसे कार्य यूपी प्रोजेक्ट्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा करने की तैयारी है। इसके अलावा, गोरखपुर जिले में भूलेश्वर मंदिर, खजनी महादेव शिव मंदिर और झारखंडी महादेव मंदिर के साथ-साथ गोंडा जिले में तीरे मनोरमा मंदिर का पर्यटन विकास कार्य यूपी स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा संचालित किया जाएगा। ये परियोजनाएं धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ स्थानीय कला और संस्कृति को भी संरक्षित कर रही है। इसके अलावा मैनपुरी जिले में घंटा घर का सौंदर्यीकरण यूपी प्रोजेक्ट्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा किया जाएगा।

योगी सरकार ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भी सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। मीरजापुर मंडल के तीन जिलों मीरजापुर, भदोही और सोनभद्र में ग्रामीण पर्यटन विकास रणनीति तैयार करने और ग्रामीण होमस्टे विकसित करने के लिए एक एजेंसी का चयन किया जा रहा है। इसके तहत कुल 8 गांवों में इस योजना को लागू करते हुए ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा दिया जाएगा। यह पहल न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यटन को प्रोत्साहित करेगी, बल्कि स्थानीय समुदायों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में भी मदद करेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस दिशा में जोर देते हुए कहा है कि पर्यटन के माध्यम से स्थानीय हस्तशिल्प, खाद्य उत्पादों और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी।

बोक्टा से सहजनवां तक बनेगा एलिवेटेड फ्लाईओवर

निर्माण पर खर्च होंगे 700 करोड़

■ केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सांसद रवि किशन को दी जानकारी, सांसद ने की थी मांग

गोरखपुर (एसएनबी)। गोरखपुर-सहजनवां के बीच ट्रैफिक जाम की रोजाना समस्या अब दूर हो सकेगी। एनएच-27 पर बोक्टा से सहजनवां तक एलिवेटेड फ्लाईओवर के लिए सांसद रवि किशन शुक्ल का प्रयास रंग लाया है। एलिवेटेड फ्लाईओवर के प्रस्ताव को केंद्र सरकार ने सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान कर दी है।

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सांसद रवि किशन शुक्ल को भेजे पत्र में इसकी जानकारी दी है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि लगभग 700 करोड़ की लागत वाली इस परियोजना के लिए डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने हेतु सलाहकार की नियुक्ति कर दी गई है और नियमानुसार आगे की प्रक्रिया जल्द ही शुरू होगी। सांसद रवि किशन ने एलिवेटेड फ्लाईओवर के लिए केंद्रीय मंत्री को पत्र भेजकर इस परियोजना को स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया था। सांसद एवं सहजनवां विधायक प्रदीप शुक्ल ने इस संबंध में केंद्रीय मंत्री से मुलाकात भी की थी। सांसद रवि किशन ने परियोजना की स्वीकृति पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा कि यह फ्लाईओवर केवल एक परियोजना नहीं, बल्कि पूर्वांचल के लाखों लोगों के जीवन में बदलाव की शुरुआत है। यह फ्लाईओवर न केवल आवागमन को आसान बनाएगा बल्कि आने वाले वर्षों में इस क्षेत्र की अर्थव्यवस्था, उद्योग और शिक्षा में क्रांतिकारी परिवर्तन लाएगा।

पीएम धन-धान्य कृषि योजना को हरी झंडी

हर साल खर्च होंगे 24 हजार करोड़, छह साल में 1.7 करोड़ किसानों को मिलेगा लाभ

■ केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दी योजना को मंजूरी

■ अक्टूबर माह से शुरू होगी योजना

नई दिल्ली (एसएनबी)। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 100 जिलों में कृषि क्षेत्र के प्रोत्साहन के लिए सालाना 24,000 करोड़ रुपए के आवंटन वाली 'प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना' को बुधवार को मंजूरी दी। छह साल तक चलने वाली इस योजना से करीब 1.7 करोड़ किसान लाभान्वित होंगे। यह योजना 2025-26 के बजट में कृषि उत्पादकता बढाने, फसल विविधीकरण और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए 100 जिलों के विकास की घोषणा के अनुरूप है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए इस निर्णय की जानकारी दी।

वैष्णव ने संवाददाताओं से कहा कि 'प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना' 11 विभागों की 36 मौजूदा योजनाओं, अन्य राज्य योजनाओं और निजी क्षेत्र के साथ स्थानीय भागीदारी को समाहित कर कार्यान्वित की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस योजना से लगभग 1.7 करोड़ किसान लाभान्वित होंगे। कृषि मंत्री शिवराज सिह चौहान ने एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से कहा, ''इस योजना के क्रियान्वयन की तैयारियां शुरू हो चुकी है। ...प्रशिक्षण और जागरूकता अभियान अगस्त में शुरू होगा।'' उन्होंने कहा, ''हम इस योजना को अक्टूबर से लागू करेंगे, जब रबी की बुवाई शुरू होगी।'' चौहान ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में खाद्यान्न, बागवानी और दूध के उत्पादन में तीव्र वृद्धि के बावजूद राज्यों और जिलों के बीच उपज का अंतर है। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, इस योजना का उद्देश्य कृषि उत्पादकता बढाना, फसल विविधीकरण और पर्यावरण अनुकूल कृषि पद्धतियों को अपनाना, पंचायत एवं ब्लॉक स्तर पर फसलों की कटाई के बाद अनाज भंडारण बढाना, सिचाई सुविधाओं में सुधार और किसानों के लिए दीर्घकालिक एवं अल्पकालिक ऋण की उपलब्धता को सुगम बनाना है।

योजना के लिए 100 जिलों की पहचान कम उत्पादकता, कम फसल सघनता और कम ऋण वितरण के तीन प्रमुख मानदंडों के आधार पर की जाएगी। प्रत्येक राज्य/केंद्रशासित प्रदेश में जिलों की संख्या शुद्ध फसल क्षेत्र और परिचालन जोत के हिस्से पर आधारित होगी। हालांकि, प्रत्येक राज्य से कम-से-कम एक जिला इस योजना के लिए चुना जाएगा।

बयान के मुताबिक, योजना के प्रभावी नियोजन, कार्यान्वयन और निगरानी के लिए जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर समितियां गठित की जाएंगी। जिला धन-धान्य समिति द्वारा एक 'जिला कृषि एवं संबद्ध कार्यकलाप योजना' को अंतिम रूप दिया जाएगा, जिसमें प्रगतिशील किसान भी शामिल होंगे। जिला योजनाओं को फसल विविधीकरण, जल एवं मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता और प्राकृतिक एवं जैविक खेती के विस्तार जैसे राष्ट्रीय लक्ष्यों के अनुरूप बनाया जाएगा। प्रत्येक धन-धान्य जिले में योजना की प्रगति की निगरानी मासिक आधार पर एक डैशबोर्ड के माध्यम से 117 प्रमुख संकेतकों पर की जाएगी। नीति आयोग इन जिला योजनाओं की समीक्षा और मार्गदर्शन करेगा। इसके अलावा प्रत्येक जिले के लिए नियुक्त केंद्रीय नोडल अधिकारी भी नियमित आधार पर इसकी समीक्षा करेंगे। आधिकारिक बयान के मुताबिक, ''इन 100 जिलों में लक्षित परिणामों में सुधार होने के साथ ही देश के लिए प्रमुख निष्पादन संकेतकों के संदर्भ में समग्र औसत में वृद्धि होगी।''

शुभांशु शुक्ला को कैबिनेट ने दी बधाई

नई दिल्ली (एसएनबी)। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर उनके ऐतिहासिक 18 दिवसीय मिशन के सफल समापन पर बुधवार को बधाई दी और कहा कि इससे देश के अंतरिक्ष कार्यक्रम में एक नया अध्याय शुरू हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में मंत्रिमंडल ने एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें शुक्ला की अंतरिक्ष यात्रा को पूरे देश के लिए गर्व, गौरव और खुशी का क्षण बताया गया।

एनटीपीसी की निवेश सीमा 20,000 करोड़ रुपए बढ़ी

नई दिल्ली (एसएनबी)। हरित ऊर्जा की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए सरकार ने बुधवार को सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनटीपीसी की निवेश सीमा बढ़ाकर 20,000 करोड़ रुपए कर दी। साथ ही सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र की एक अन्य कंपनी एनएलसीआईएल को नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं में 7,000 करोड़ रुपए का निवेश करने की अनुमति दे दी। इस बढ़े अधिकार के साथ एनटीपीसी 2032 तक 60 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल कर सकेगी।

एनएलसी इंडिया लिमिटेड को अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी एनएलसी इंडिया रिन्यूएबल्स लिमिटेड में 7,000 करोड़ रुपए का निवेश करने की अनुमति दी गई है। इससे एनआईआरएल को पूर्व अनुमोदन की जरूरत के बिना सीधे या संयुक्त उद्यमों के गठन के माध्यम से विभिन्न परियोजनाओं में निवेश करने की अनुमति मिल गई है।''

मानसून सत्र में आठ बिल पेश करने की तैयारी

नई दिल्ली (एसएनबी)। सरकार ने आगामी सोमवार से आरंभ हो रहे संसद के मानसून सत्र में कुल आठ नए विधेयकों को पेश करने की योजना बनाई है जिनमें भू-विरासत स्थलों और भू-अवशेषों के संरक्षण और सुरक्षा से संबंधित एक विधेयक भी शामिल है।

■ भू-विरासत स्थलों और भू-अवशेषों के संरक्षण और सुरक्षा से संबंधित विधेयक भी शामिल

मानसून सत्र के लिए प्रस्तावित विधेयकों में राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक, भू-विरासत स्थल और भू-अवशेष (संरक्षण और रखरखाव) विधेयक, खान और खनिज (विकास और विनियमन) संशोधन विधेयक और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी (संशोधन) विधेयक शामिल हैं। संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होने वाला है और 21 अगस्त तक दोनों सदनों की कुल 21 बैठकें प्रस्तावित है। सत्र के दौरान 12 अगस्त से 18 अगस्त तक रक्षाबंधन और स्वतंत्रता दिवस समारोह के कारण अवकाश रहेगा। इस सत्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों के बीच तीखी नोकझोंक होने की संभावना है। सरकार और विपक्ष के बीच संभावित टकराव के बिंदुओं में इस वर्ष के अंत में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का मामला भी शामिल होगा। कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दल 'ऑपरेशन सिंदूर' और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा युद्धविराम की मध्यस्थता का दावा किए जाने के विषयों पर सरकार से जवाब मांगने की तैयारी में है। इस सत्र में चार अन्य नए विधेयक मणिपुर वस्तु एवं सेवा कर (संशोधन) विधेयक, जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) विधेयक, भारतीय प्रबंधन संस्थान (संशोधन) विधेयक और कराधान कानून (संशोधन) विधेयक है।

सरकार द्वारा मानसून सत्र के दौरान आयकर विधेयक, 2025 भी पेश किए जाने की उम्मीद है। यह विधेयक फरवरी में लोकसभा में पेश किया गया था और इसे निचले सदन की प्रवर समिति को भेज दिया गया था।

समिति ने बुधवार को अपनी रिपोर्ट अंगीकार कर ली और सोमवार को इसे लोकसभा में पेश किए जाने की संभावना है। सरकार मणिपुर में राष्ट्रपति शासन की अवधि बढ़ाने के लिए संसद की मंजूरी भी मांगेगी और राज्य की अनुदान मांगों को सदन की मंजूरी के लिए रखेगी। गोवा राज्य के विधानसभा क्षेत्रों में अनुसूचित जनजातियों के प्रतिनिधित्व का पुनर्समायोजन विधेयक, 2024, व्यापारिक नौवहन विधेयक, 2024 और भारतीय बंदरगाह विधेयक, 2025 अनुमोदन के लिए लोकसभा में लंबित है।

संक्षिप्त खबरें

हवाई अड्डे पर उतरते ही विमान ने फिर भरी उड़ान

पटना। दिल्ली से 173 यात्रियों को लेकर आ रहे विमान के पटना के जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने के तुरंत बाद फिर से उड़ान भरने के चलते यात्रियों में घबराहट फैल गई। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बताया कि घटना मंगलवार रात नौ बजे हुई। इंडिगो की उड़ान 6ई 2482 रनवे पर उतरी, लेकिन पायलट को एहसास हुआ कि विमान की गति धीमी करने के लिए रनवे पर पर्याप्त स्थान नहीं है, जिसके बाद विमान ने फिर से उड़ान भर ली। अधिकारियों ने बताया कि कुछ देर आसमान में चक्कर लगाने के बाद पायलट ने विमान को सुरक्षित उतार लिया। उन्होंने बताया कि घटना के समय पटना हवाई अड्डे पर उड़ानों का संचालन और यात्रियों की आवाजाही सुचारू रही।

असम के डिब्रूगढ़ में मिला हाइड्रोकार्बन : हिमंत सरमा

गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बुधवार को कहा कि 'ऑयल इंडिया लिमिटेड' (ओआईएल) ने डिब्रूगढ जिले में 'नामरूप बोरहाट-1' कुएं में हाइड्रोकार्बन की खोज की है, जिसमें राज्य सरकार की अहम हिस्सेदारी है। मुख्यमंत्री ने इस खोज को ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक लचीलेपन की दिशा में एक बड़ा कदम बताया।

दिल्ली के पांच स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

■ तीन दिन में 10 ऐसे मामले आए सामने

नई दिल्ली (एसएनबी)। दिल्ली के पांच निजी स्कूलों को बुधवार सुबह बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद दहशत फैल गई और अधिकारियों ने गहन जांच के लिए परिसर तत्काल खाली कराए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

यह लगातार तीसरा दिन है जब राष्ट्रीय राजधानी के शैक्षणिक संस्थानों को ईमेल से बम रखे होने की धमकी दी गई है। इससे पहले पिछले दो दिन में कुछ स्कूलों में बम रखे होने की धमकी, जांच में झूठी साबित हुई है। अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने बताया कि द्वारका स्थित सेंट थॉमस स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी वाला ईमेल मिलने के बाद सुबह पांच बजकर 26 मिनट पर इसकी जानकारी अग्निशमन विभाग को दी गई। उन्होंने बताया कि वसंत कुंज स्थित वसंत वैली स्कूल को सुबह साढे छह बजे, हौज खास स्थित मदर इंटरनेशनल को सुबह 8.12 बजे और पश्चिम विहार स्थित रिचमंड ग्लोबल स्कूल को सुबह 8.11 बजे धमकी भरा ईमेल मिला।

बांग्लाभाषियों के 'उत्पीड़न' के होंगे गंभीर परिणाम : ममता

कोलकाता (भाषा)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को भाजपा नीत केंद्र सरकार पर देश भर में बांग्ला भाषी लोगों को परेशान करने और उनके साथ दुर्व्यवहार करने की नीति पर चलने का आरोप लगाया तथा चेतावनी दी कि अगर उसने इस तरह की कार्रवाइयों पर तत्काल रोक नहीं लगाई तो उसे गंभीर राजनीतिक परिणाम भुगतने होंगे।

बनर्जी ने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र सरकार राज्यों में अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए ''निर्वाचन आयोग को प्रभावित कर रही है।'' वह भाजपा शासित राज्यों में बांग्ला भाषी लोगों पर कथित अत्याचार के खिलाफ यहां वर्षा के दिन विरोध मार्च निकालने के बाद एक जनसभा को संबोधित कर रही थीं। बनर्जी ने रैली में आरोप लगाया, ''मै केंद्र सरकार के उन नोटिसों को चुनौती दूंगी जो बांग्ला भाषी लोगों को परेशान करने और मामूली संदेह पर उन्हें हिरासत में लेने के लिए भाजपा शासित राज्यों को गुप्त रूप से भेजे गए थे।'' यह रैली मध्य कोलकाता के डोरीना क्रॉसिंग पर समाप्त हुई। बनर्जी ने दावा किया, ''बंगालियों के प्रति केंद्र और भाजपा के रवैये से मै शर्मिंदा एवं निराश हूं।''

अकबर 'क्रूर' लेकिन था 'सहिष्णु', बाबर था 'निर्मम'!

■ एनसीईआरटी की आठवीं कक्षा की नई पुस्तक में किया गया दावा



नई दिल्ली (भाषा)। एनसीईआरटी की आठवीं कक्षा की नयी पाठ्यपुस्तक में मुगल सम्राटों के शासनकाल का वर्णन करते हुए कहा गया है कि अकबर का शासन ''क्रूरता'' और ''सहिष्णुता'' का मिश्रण था, बाबर एक ''निर्मम आक्रमणकारी'' था, जबकि औरंगजेब एक ''सैन्य शासक'' था, जिसने गैर-मुस्लिमों पर जजिया लगा दिया था। इस सप्ताह प्रकाशित पुस्तक ''एक्सप्लोरिंग सोसाइटीः इंडिया एंड बियॉन्ड'' एनसीईआरटी (राष्ट्रीय शैक्षणिक अनुसंधान और परीक्षण परिषद) के नए पाठ्यक्रम की पहली पुस्तक है, जो विद्यार्थियों को दिल्ली सल्तनत, मुगलों, मराठों और औपनिवेशिक युग से परिचित कराती है। पहले के संस्करणों में कक्षा 7 में इनमें से कुछ विषयों को शामिल किया गया था। एनसीईआरटी का कहना है कि अब इस कालखंड को पूरी तरह से कक्षा 8 में स्थानांतरित कर दिया गया है, जो स्कूल शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (एनसीएफएसई) 2023 की सिफारिशों के अनुरूप है। पुस्तक के आरंभ में ''इतिहास के कुछ अंधकारमय काल पर टिप्पणी'' शीर्षक वाला एक खंड है। इसमें एनसीईआरटी ने संवेदनशील और हिंसक घटनाओं, मुख्य रूप से युद्ध और रक्तपात को शामिल किया है। इसमें दिये गये नोट में छात्रों से आग्रह किया गया है कि वे ''क्रूर हिंसा, अपमानजनक कुशासन या सत्ता की गलत महत्वाकांक्षाओं के ऐतिहासिक मूल'' को निष्पक्षता से समझें। इसमें कहा गया, ''अतीत की घटनाओं के लिए आज किसी को भी जिम्मेदार नहीं ठहराया जाना चाहिए।

'' नयी पुस्तक में, भारतीय इतिहास के 13वीं से 17वीं शताब्दी तक के कालखंड को 'भारत के राजनीतिक मानचित्र का पुनर्निर्माण' नामक अध्याय के तहत शामिल किया गया है। इसमें दिल्ली सल्तनत के उत्थान और पतन तथा उसका प्रतिरोध, विजयनगर साम्राज्य, मुगलों और उनका प्रतिरोध तथा सिखों के उत्थान पर प्रकाश डाला गया है।

एनसीईआरटी की आठवीं कक्षा की नयी सामाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तक छात्रों को दिल्ली सल्तनत और मुगलों से परिचित कराती है। इसमें बाबर को ''एक बर्बर और निर्मम विजेता बताया गया, जिसने शहरों की पूरी आबादी का कत्लेआम किया''। इसमें औरंगजेब को एक सैन्य शासक बताया गया है, जिसने मंदिरों और गुरुद्वारों को नष्ट किया। इसमें उस काल के दौरान ''धार्मिक असहिष्णुता के कई उदाहरण'' बताए गए हैं।

किताब में अकबर के शासनकाल को विभिन्न धर्मो के प्रति ''क्रूरता और सहिष्णुता का मिश्रण'' बताया गया है, साथ ही यह भी बताया गया है कि ''प्रशासन के उच्च स्तरों पर गैर-मुसलमानों को अल्पसंख्यक रखा गया था''। चित्तौड़गढ की घेराबंदी के बाद अकबर को ''लगभग 30,000 नागरिकों के नरसंहार का आदेश'' देने वाला बताया गया है।

भारतीयों को ईरान न जाने की सलाह

तेहरान (भाषा)। ईरान में भारतीय मिशन ने देश में बदलती सुरक्षा स्थिति को देखते हुए अपने नागरिकों को गैर-जरूरी यात्रा से बचने की सलाह दी है। भारतीय दूतावास ने ईरान की यात्रा पर विचार कर रहे नागरिकों से कहा है कि वे क्षेत्रीय हालात पर नजर बनाए रखें और भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए जा रहे अद्यतन परामर्शों का पालन करें। एक आधिकारिक परामर्श में कहा गया है 'पिछले कुछ सप्ताहों में हुई सुरक्षा से जुड़ी घटनाओं को ध्यान में रखते हुए भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे ईरान की गैर-जरूरी यात्रा करने से पहले मौजूदा हालात पर गंभीरता से विचार करें।'

संक्षिप्त खबरें

अधिकारियों की निगरानी में यूरिया वितरित

सिसवा बाजार(एसएनबी)। स्थानीय नगर के वार्ड नंबर एक अंबेडकर नगर सबया ढाला पर स्थित उर्वरक की दुकानों पर कृषि विभाग के अधिकारी एवं पुलिसकर्मियों की निगरानी में खाद वितरित करवाया गया। आसपास की क्षेत्र में दुकान पर यूरिया खाद आने की सूचना मिलते ही सुबह से ही किसानों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इसी बीच कृषि विभाग के कर्मचारी भी दुकानों पर पहुंच गए। उन्होंने अपनी निगरानी में खाद का वितरण शांति पूर्वक व नियमबद्ध तरीके से करवाया। सहायक विकास अधिकारी कृषि धीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सबया चौराहे पर स्थित निजी उर्वरक की दुकानों पर लगभग 850 बोरी यूरिया प्राप्त हुआ था। जिन्हें प्रति आधार कार्ड एवं खेत के क्षेत्रफल के हिसाब से निर्धारित मूल्य पर वितरित करवाया गया। इस दौरान नायब तहसीलदार निचलौल पीयूष जायसवाल ने भी देर शाम को दुकानों पर पहुंच उर्वरक वितरण का निरीक्षण किया।

वारण्टी गिरफ्तार

महराजगंज(एसएनबी)। जनपद की घुघली पुलिस नेपुलिस अधीक्षक केनिर्देश पर चलायेजा रहेअभियान के क्रम मेंउत्तर प्रदेश गुण्डा एक्ट अधिनियम केतहत जिलाधिकारी द्वारा जारी वारण्ट सेसंबंधित एक वारण्टी संतोष चौधरी निवासी मेदनीपुर टोला कसियहवा कोगिरफ्तार किया है। साथ ही सम्बन्धित वारंण्टी कोचालान न्यायालय भेज दिया है।

दिवंगत महिला की संपत्ति के निकले दो दावेदार

मोहनापुर (एसएनबी)। नौतनवा थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत सेमरहवा निवासी शारदा पत्नी जग्गू 65 वर्ष बीते 10 जुलाई को रोहिन नदी पार करते समय लापता हो गई थी। उसके ठीक अगले दिन 11 जुलाई को पुरंदरपुर थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत टेढ़ी निवासी रजनी पत्नी मूरत 60 वर्ष के साथ भी यही हादसा हुआ। दोनों महिलाओं के परिजनों ने उनकी तलाश की 12 जुलाई को एक बुजुर्ग महिला का शव नागरिकों ने देखा और सूचना पुलिस को दी। ग्राम प्रधान सेमरहवा उपेंद्र यादव पुलिस व जग्गू को लेकर मौके पर पहुंचे। साथ ही यह बताया कि यह शव शारदा को ही है। शव का पंचनामा पीएम कराकर उसका अंतिम संस्कार सेमरहवा में किया गया। उधर इस मामले में एक नाटकीय मोड़ तब आया जब टेढ़ी निवासी माया पत्नी रमेश ने पुलिस को सूचना दी कि जो शव रोहिन नदी में मिली है वह उनकी शव रजनी का है जो नदी में बह गई थीं। उनके शव की फोटो वायरल भी हुआ था। जिसे देखने के बाद परिजनों ने यह निर्णय लिया कि सेमरहवा में जो अंतिम संस्कार हुआ था, वह रजनी का था। दोनों पक्ष अपने-अपने तर्क दे रहे है। इस संबंध में थानाध्यक्ष नौतनवा पुरूषोत्तम राव ने बताया कि दोनों पक्षों से सूचना मिली है, जांच के बाद ही कोई निर्णय लिया जायेगा।

अधिकारियों ने किया कावंरियों का स्वागत

नौतनवा (एसएनबी)। पवित्र सावन माह में अपने लिए कल्याण की कामना किए भारत विभिन्न स्थानों की यात्रा पर आ रहे नेपाली कांवरियों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन पहले से कही अधिक सतर्क हो चुका है। इसके तहत उनकी सुरक्षा के विशेष

प्रबल किए जा रहे। पुलिस क्षेत्राधिकारी जयप्रकाश त्रिपाठी की अगुवाई में प्रभारी निरीक्षक अजीत प्रताप सिंह व चौकी प्रभारी सोनौली बृजभान की यादव द्वारा सुरक्षा का विशेष अभियान चलाया जा रहा। बुधवार को भारत आए नेपाली कांवरियों का एसडीएम नवीन प्रसाद व सीओ श्री त्रिपाठी ने अपने अधिनस्थ अधिकारियों के साथ रेलवे स्टेशन पर मालाओं के द्वारा स्वागत किया, साथ ही उन्हें पेयजल की बोतलें प्रदान की। उनकी आगे की धार्मिक यात्रा के लिए उन्हें बधाई प्रेषित की।

वर्षो से पटी जल निकासी की नाली की सफाई शुरू

बागापार (एसएनबी)। सदर विकास खंड क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत बागापार चौराहे पर सडक के किनारे वर्षो से पटी जल निकासी की नाली की आखिरकार सफाई का कार्य एडीओ पंचायत व सेक्रेटरी के देख रेख में शुरू कर दिया गया है। यह नाली पिछले कई वर्षो से पूरी तरह से मिट्टी व कचरे से पट चुकी थी। गांव के उमेश चन्द मिश्र, शेषनाथ मोदनवाल, सर्वेश,भगवती वर्मा, परमेश्वर वर्मा, सोबिन्द राय,आदि ने कहा कि नाली साफ होने से अब जलजमाव की समस्या से काफी हद तक निजात मिलेगी। दुकानदारो ने प्रशासन का आभार जताया।क्योंकि बारिस के समय नाली का पानी सड़क पर फैल जाने से उनकी दुकानों में पानी घुसने के कगार पर था। ग्रामीणों ने पंचायत से यह भी मांग की है कि नाली की नियमित सफाई कराई जाय ताकि भविष्य में इस तरह की परेशानी फिर न उठानी पड़े।

रेलवे लाइन पर बैठी महिला को सुरक्षाबलों ने बचाया

नौतनवा (एसएनबी)। जान देने के नीयत से रेलवे स्टेशन में समीप पट्टी पर बैठी नगर की एक महिला को सुरक्षाबलों की सक्रियता से बचा लिया गया। इसके तहत सभी ने इस कदम की सराहना की। बाद में उक्त महिला को पूछताछ के बाद उसके पति को बुलाकर उसे सौंप दिया गया है। इसको लेकर पूरे दिन नगर में चर्चाओं का बाजार गर्म रहा।

बेनीगंज में रास्ते में अवैध कब्जे पर चला बुल्डोजर

पनियरा (महराजगंज)(एसएनबी)। विकास खण्ड पनियरा के बेनीगंज में बुधवार को पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने रास्ते पर किए गए अवैध अतिक्रमण पर बुल्डोजर चला कर रास्ते को अवैध कब्जे से मुक्त कराया। यह कार्रवाई मुख्यमंत्री के जनता दर्शन कार्यक्रम में हुई शिकायत के बाद की गई है। कानूनगो दीपक पांडेय ने बताया कि इसरावती और दुर्योधन ने मुख्यमंत्री से जनता दर्शन में शिकायत की थी कि गांव में रास्ते पर अवैध रूप से पक्की दीवार बनाकर

अतिक्रमण कर लिया गया है। इस शिकायत पर तत्काल संज्ञान लेते हुए टीम ने कार्रवाई की। राजदेव पुत्र नरेश और बबलू पुत्र लाल्हि द्वारा रास्ते में बनाई गई दीवार को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया। जिन अन्य लोगों ने पक्के मकान बनाकर रास्ते पर अतिक्रमण किया है उनके खिलाफ उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की धारा 67(1) के तहत कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान कानूनगो दीपक पांडेय, कानूनगो जयप्रकाश, विजय चौधरी, हल्का लेखपाल सुरेंद्र प्रताप, अभिषेक सिंह, अंबरीश पाण्डेय, दरोगा विजय कुमार, एसपी सिंह सहित बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स व राजस्व विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

किडनी रोग से पीड़ित रोगियों के लिए होगा वरदान

नौतनवा (एसएनबी)। भारत- नेपाल के सरहदी क्षेत्रों व नेपाल में रह रहे नागरिकों के लिए नगर के लाइफ केयर अस्पताल में डायलिसिस की सेवा भी शुरू कर दी है। यह जानकारी अस्पताल के प्रबंध निदेशक डा. एमएम अहमद ने दी। डा. अहमद ने बताया कि उक्त सेवा के शुरू होने से भारत व नेपाल के सरहदी इलाकों के नागरिकों को इस सेवा का समुचित लाभ मिल सकेगा। डा. अहमद व आपरेटर रजनीश कन्नौजिया का कहना था कि उक्त सेवा के लिए क्षेत्र व नेपाल के मरीजों को गोरखपुर, लखनऊ व नेपाल के कई मेडिकल कालेज अस्पतालों सहित राजधानी काठमांडू तक की यात्रा करनी पड़ती थी। डा. अहमद ने बताया कि उक्त सेवा के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से आने वाली मरीजों को कम से कम कीमत में इलाज किया जा रहा है।

■ नगर में शुरू हुई अत्याधुनिक डायलिसिस की सुविधा

नशा मुक्ति के लिये परिवार व दोस्तों का सहयोग महत्वपूर्ण

महराजगंज(एसएनबी)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवंउप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों के अनुपालन मेंप्रभारी जनपद न्यायाधीश के आदेशानुसार बुधवार कोस्थानीय पं दीन दयाल इण्टर कालेज में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुनील कुमार

कार्यक्रम को संबोधित करतेअतिथि। फोटो : एसएनबी

नागर की अध्यक्षता में छात्र/छात्राओंको नशा मुक्ति अभियान, बाल विवाह से सम्बन्धित कानूनों की जानकारी दियेजानेके लिए विधिक साक्षरता /जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सचिव द्वारा छात्र/छात्राओंकोबताया गया कि नशा से व्यक्ति कोकैंसर जैसी जानलेवा बीमारी हो सकती है तथा इससे परिवार को आर्थिक हानि भी होती है। नशा मुक्त जीवन जीने के लिये परिवार और दोस्तों का सहयोग सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। यदि समाज भी इस समस्या के खिलाफ एकजुट हो जायेतोनशे पर काबू पाया जा सकता है।

उन्होंनेबताया कि बाल विवाह के कारण मातृ एवं शिशु मृत्यु दर ज्यादा है। बाल विवाह कुप्रथा ही नहीं बल्कि अपराध भी है। जो बच्चों से उनका बचपन, शिक्षा व आगे बढ़ने का अवसर छीन लेता है। बाल विवाह से शिक्षा के मूल अधिकार का भी हनन होता है। अधिवक्ता मो महताब द्वारा बच्चों को शिक्षा व समय का महत्व बताते हुये अपने लिये परिवार व समाज के लिये कुछ करने के लिये प्रेरित किया। सदस्य किशोर न्याय बोर्डउमा त्रिपाठी ने बच्चों को अच्छा इन्सान बनकर समाज सेवा करने की सीख दी। तहसीलदार सदर पंकज शाही नेबताया कि देश में बाल विवाह के 50 प्रतिशत से अधिक मामले केवल 5 राज्यों से सम्बन्धित है। इस अवसर पर कानूनगो, लेखपाल, सदस्य किशोर न्याय बोर्ड, प्रधानाचार्य एवं अध्यापक /अध्यापिकायें तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महराजगंज के कनिष्ठ लिपिक आशीष वर्मा व पराविधिक स्वयं सेवक, अधिकार मित्र रामभवन मौर्य व अवधेश गौतम उपस्थित रहे।

जन्म से कटे होंठ व तालू से ग्रसित 29 बच्चे पंजीकृत, इलाज के लिए 15 रेफर

महराजगंज(एसएनबी)। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जन्म से कटे होंठ एवं तालू से ग्रसित बच्चों के निःशुल्क इलाज और आपरेशन में स्वास्थ्य विभाग अहम भूमिका निभा रहा है। साथ ही बच्चों के चेहरे पर मुस्कान ला रहा है। इसी क्रम मेंजिला संयुक्त चिकित्सालय में शिविर लगाकर कर 29 बच्चों का पंजीकरण किया गया। इनमें से 15

शिविर में बच्चों की जांच करते चिकित्सक। फोटो : एसएनबी

बच्चों के इलाज और आपरेशन के लिए रेफर किया गया है। इन बच्चों को इस्माइल ट्रेन संस्था द्वारा सावित्री हास्पिटल गोरखपुर में निःशुल्क आपरेशन की सुविधा प्रदान की जाएगी। शेष बच्चों को अगले चरण में भेजा जाएगा। यह जानकारी राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी व एसीएमओ डा राकेश कुमार नेदी।

उन्होने बताया कि शिविर लगाकर या स्कूलों व आंगनबाड़ी केन्द्रों पर जाकर जन्म से कटे होंठ एवं तालू से ग्रसित बच्चों का चिन्हीकरण कर इलाज की सुविधा प्रदान करना आरबीएसके की प्रमुख उद्देश्य है। इसी क्रम में जिला संयुक्त चिकित्सालय परिसर में शिविर लगाकर ऐसे उक्त बच्चों का चिन्हीकरण कर पंजीकृत किया गया। इनमें से 15 बच्चों को इलाज के लिए इस्माइल ट्रेन संस्था द्वारा इलाज एवं आपरेशन के लिए सावित्री हास्पिटल गोरखपुर ले जाया गया है। एसीएमओ ने बताया कि आरबीएसके कार्यक्रम का उद्देश्य है कि लोगों को इस योजना के प्रति जागरूक किया जाए ताकि अभिभावक जन्मजात कटे होंठ एवं तालू से ग्रसित अपने बच्चों का निःशुल्क इलाज करा सकें। यह योजना गरीबों के लिए वरदान साबित हो रही है। आरबीएसके के जिला प्रबंधक डा क़मरूज्जमा लारी ने बताया कि आरबीएसके के तहत छह सप्ताह से छह वर्ष तथा छह वर्ष से उन्नीस वर्ष तक के बच्चों का स्कूलों तथा आंगनबाड़ी केन्द्र पर मोबाइल स्वास्थ्य टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। जन्मजात कटे होंठ एवं तालू से ग्रसित बच्चों का निःशुल्क इलाज कराया जाता है। इस अवसर पर जिला संयुक्त चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं वरिष्ठ चर्म रोग विशेषज्ञ डा. एके द्विवेदी, डिप्टी सीएमओ डा. वीर विक्रम सिंह, डा एवी त्रिपाठी, डा . हस्सान फरीद, इस्माइल ट्रेन संस्था के मोहम्मद रफीक, डा पीएन सागर, डा छाया, डा विशाल, डा उमर, डा मनीष, डा आलोक, डा अस्मा तब्बसुम, डा शायस्ता इजहार, डा बबीता, डा विश्वजीत्र, डा सतेन्द्र आदि प्रमुख तौर पर मौजूद रहे ।

विज्ञान प्रदर्शनी में छात्राओं ने दिखायी प्रतिभा

धानी बाजार (एसएनबी)। स्थानीय क्षेत्र पंचायत धानी के बंगला चौराहे पर स्थित राइजिंग इण्टर कालेज के छात्र-छात्राओं द्वारा विद्यालय के शिक्षकों के दिशा निर्देश में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विज्ञान प्रदर्शनी में बढ़ चढ़कर भाग लिया और अपने प्रतिभा का भरपूर प्रदर्शन किया। विज्ञान प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं नेभौतिक, रसायन

विज्ञान, जीव विज्ञान, पर्यावरण और प्रौद्योगिकी जैसे विज्ञान विषयों जैसे एयर डिफेंस सिस्टम , वाटर प्यूरीफायर, तोप, जेसीबी, मिसाइल, राकेट, भूकम्प मापी यंत्र, ज्वालामुखी, एयर पालुशन, आटोमेटिक वाटर पम्प, वैकुम्प क्लीनर, लाल किला, सौर्य मण्डल आदि के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्रबन्धक डा.एमएच खान ने कहा कि विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक गतिविधि ह छात्राओं को अपने वैधानिक माडलो, प्रयोगों, शोंध निष्कर्षो को प्रदर्शित करने का एक शानदार अवसर प्रदान करता है। इस अवसर पर प्राचार्य महबूब आलम, संतोष कुमार, एसपी यादव, धर्मेन्द्र, सुमेधा, हरजान, सायमा, स्मृति वर्मा, सनोज कुमार सहित विद्यालय के लोग उपस्थित रहे।

मारवाड़ी समाज ने किया वस्त्र दान

निचलौल (एसएनबी)। स्थानीय मारवाड़ी धर्मशाला में आज अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के तत्वावधान में मेगा डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। इस कैम्प में सैकड़ों जरूरतमंदों ने निःशुल्क वस्त्र प्राप्त किया। वस्त्र लेने वालों में महिलाओं की संख्या अधिक रही। मेगा डोनेशन कैंप का शुभारंभ चेयरमैन शिवनाथ मद्धेशिया ने फीता काट कर किया। अन्य अतिथियों में मुरलीधर सरावगी, नत्थू अग्रवाल, श्रवण कलकतिया व अजय जायसवाल आदि मौजूद रहे। मारवाड़ी युवा मंच सांवरिया शाखा व श्याम मित्र मंडल के पदाधिकारियों सहित मारवाड़ी समाज की महिलाओं

ने आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय योगदान दिया। नगर के पात्र जरूरतमंदों में करीब 700 टोकन बांटे गए थे। आज भी बंटे 700 टोकन के साथ कुल 1400 लोगों को कैंप का लाभ प्राप्त हुआ। स्टाल पर साड़ी, लहंगा, सलवार सूट, जींस, पेंट शर्ट लगे थे। इस दौरान अतिथियों के अलावा मंच के संरक्षक अनूप सरावगी व अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल सहित गौरव केडिया, आलोक कलकतिया, मनीष खड़किया, सुरेश केडिया, विकास केडिया, हेमंत अग्रवाल व प्रतीक अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

पुलिस ने छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

कोल्हुई बाजार(एसएनबी)। उपनगर कोल्हुई बाजार के मदनी इण्टरमीडिएट कालेज पर आज स्थानीय पुलिस द्वारा एक फेक न्यूज व अपराध के खिलाफ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पुलिस ने फेक न्यू ज तथा साइबर अपराध के सम्बन्ध में छात्र-छात्राओं कोजागरुक किया है और साइबर अपराध व फेक न्यूज के सम्बन्ध में सर्तक रहने की अपील किया है। वर्तमान समय में मोबाइल पर फेक न्यू ज व फेक काल तथा साइबर अपराध के सम्बन्ध में जाल साजों द्वारा शिकार बनाया जा रहा है। जिसको लेकर पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाकर जागरुक करने का कार्य किया जा रहा है। आज इसी मामले को लेकर मदनी इण्टरमीडिएट कालेज कोल्हुई बाजार में पुलिस ने फेक न्यूज एवं साइबर अपराध के खिलाफ कार्यक्रम आयोजित कर छात्र-छात्राओं को जागरुक किया है। इस दौरान प्रबन्धक हाजी मसीउल्लाह खान, मो.हासिम खां,साबिर अली, मो.रिजवान, आसिफ, धीरज, अब्दुल खालिक, हिमांचल व सलाहुददीन समेत कोल्हुई पुलिस मौजूद रही।

फर्जी दस्तावेज और नकली जेवर के साथ दो धराए

निचलौल(एसएनबी)। भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में बीओपी एसएसबी झुलनीपुर पर तैनात सुरक्षा बल ने मंगलवार की शाम करीब 5रू30 बजे दो संदिग्ध व्यक्तियों को नेपाल से भारत की ओर आते समय गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उनके पास से फर्जी आधार-पैन कार्ड व नकली सोने के आभूषण बरामद हुए। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान शाकिर अली खान (पुत्र अब्दुल अनवर खान, निवासी लक्ष्मीनगर, थाना खोड़ारी, जिला गोंडा) व अबरार अहमद (पुत्र दोष मोहम्मद, निवासी हरपुर टोला निबियहवा, जिला महराजगंज) के रूप में हुई

है। पकड़े गए आरोपितों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। ई-समवाय झुलनीपुर में ड्यूटी पर तैनात आरक्षी सुशील कुमार दुबे और आरक्षी शाहिल कुमार ने बताया कि मोटरसाइकिल से आ रहे दो व्यक्तियों को रोककर पूछताछ की गई। एक व्यक्ति शाकिर अली द्वारा दिखाए गए मोबाइल आधार की जांच पर उसके पास से दो अलग-अलग नामों के आधार कार्ड और एक पैन कार्ड बरामद हुआ, जिन पर उसकी ही तस्वीर थी। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि ये सभी दस्तावेज फर्जी हैं। तलाशी के दौरान शाकिर अली के पास से गले की चेन, ब्रेसलेट, पांच अंगूठी और पांच बिस्किट (जेवर के आकार के) बरामद हुए जो देखने में सोने जैसे प्रतीत हो रहे थे। नीले रंग के बैग में रखे इन सभी आभूषणों की जांच सहायक उपनिरीक्षक दलीप सिंह और मुख्य आरक्षी नवनीत कुमार द्वारा निचलौल के न्यू अनूप ज्वेलर्स में कराई गई, जिसमें सभी वस्तुएं नकली पाई गईं। पूछताछ में शाकिर ने खुलासा किया कि वह नकली जेवर दिल्ली के किसी बाजार से खरीदता है और रामसुरेश चौधरी नामक व्यक्ति के साथ मिलकर भोलेभाले लोगों को असली सोना बताकर ठगने का काम करता है। ग्राहकों की मांग पर पहचान पत्र दिखाने के लिए वह फर्जी आधार का प्रयोग करता है। आरोपी ने यह भी स्वीकार किया कि नेपाल में भी उसने ठगी की कोशिश की, लेकिन असफल रहा और वापसी के दौरान पकड़ा गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष अखिलेश वर्मा ने बताया कि आरोपित शाकिर अली खान, अबरार अहमद, रामसुरेश चौधरी तथा अन्य अज्ञात के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच जारी है।

आआररसी सेंटर तोड़ने का लगाया आरोप, दी तहरीर

सिन्दुरिया (एसएनबी)। विकास खण्ड मिठौरा क्षेत्र के ग्रामसभा मुंडेरा कला में बुधवार की देर शाम को कुछ व्यक्तियों द्वारा आरआरसी सेंटर की फर्श तोड़ने का मामला प्रकाश में आया है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने सदर कोतवाली व जेल चौकी में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है। इस दौरान मुंडेरा कला के प्रधान प्रतिनिधि राजेश प्रजापति ने तहरीर देकर आरोप लगाते हुए अवगत कराया है कि ग्राम सभा में 2024 में एक आरआरसी सेंटर बंजर की भूमि में निर्माण कराया गया है। दिनांक 16 जुलाई की शाम 3 बजे जयराम गुप्ता, संदीप, जितेन्द्र निवासी मउपाकड़ व अन्य 10 लोग कट्टा और तलवार के साथ आरसीसी सेंटर के अन्दर सफाई का कार्य तोड़ दिया। जिसका विरोध ग्रामसभा के लोगों के विरोध किया गया तो उन लोगों द्वारा कार्य कर रहे लोगों को भगा दिया गया। जब मैं मौके पर पहुंचा तो मुझे भी धकमाया गया।

अनियंत्रित बाइक सड़क पर गिरा , चालक गंभीर

निचलौल (एसएनबी)। स्थानीय थाना क्षेत्र के निचलौल सिसवा मार्ग पर ग्रामसभा अरदौना के समीप एक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गया। इस दुर्घटना में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद रहे लोगों ने घायल युवक को जरिए एम्बुलेंस से सीएचसी निचलौल पहुंचाया। जहां उसकी हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम भेड़िया निवासी सोनू चौहान पुत्र प्रकाश चौहान मंगलवार रात करीब 9 बजे अरदौना नहर के रास्ते बाइक से घर जा रहे थे। इसी दौरान बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल एम्बुलेंस की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निचलौल पहुंचाया।

एसएसबी को दिया गया प्रशिक्षण

निचलौल (एसएनबी)। पूर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति, शाखा निचलौल द्वारा संचालित श्सुरोखित शैशव कार्यक्रमश के अंतर्गत क्रस बर्डर मानव तस्करी की पहचान, बचाव व सुपुर्दगी प्रक्रिया को लेकर अभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम सशस्त्र सीमा बल की 22वीं बटालियन के कमांडेंट शक्ति सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में बीओपी एसएसबी ठूठीबारी व झुलनीपुर में आयोजित किया गया । कार्यक्रम में पूर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति के निदेशक फादर शाजी जोसेफ ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से एसएसबी जवानों की मानव तस्करी के मामलों में पहचान और कार्रवाई की क्षमता बढ़ेगी। प्रशिक्षक के रूप में यूनिसेफ के मंडलीय बाल संरक्षण सलाहकार शैलेश प्रताप सिंह ने भारत-नेपाल सीमा पर हो रही मानव तस्करी को रोकने के कानूनी उपाय, पीड़ितों की पहचान और स्थानीय पुलिस में सुपुर्दगी की प्रक्रिया पर जानकारी दी। उन्होंने समूह चर्चा और उदाहरणों के माध्यम से प्रशिक्षण दिया। इस दौरान बीओपी ठूठीबारी प्रभारी विशाल कुमार, बीओपी झुलनीपुर के सहायक उप निरीक्षक पुष्प राज, बीओपी बरगदवा, झिगटी, शीतलापुर और पथलहवा के एसएसबी जवान, सिस्टर जगरानी, अंकित कुमार, श्रवण कुमार गुप्त, आनंद कुमार गुप्त, कृष्ण मोहन तिवारी, साधना गोंड व मेनका कश्यप भी मौजूद रहीं।

अनुपस्थित बच्चों से संपर्क करें अध्यापक : बीईओ

निचलौल (एसएनबी)। स्थानीय विकास खण्ड क्षेत्र के इंडो नेपाल सीमावर्ती इलाकों में बुधवार को खण्ड शिक्षा अधिकारी ने संविलियन तथा प्राथमिक विद्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्कूलों में अध्यापकों की उपस्थिति तथा विद्यालय में छात्रों का नामांकन आदि का जायजा लिया। स्कूल में मौजूद विद्यार्थियों से पढ़ाई का ब्यौरा लेने के साथ ही क्लास में बच्चों को शिक्षा का उपदेश भी दिया। शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। संविलियन विद्यालय मिश्रौलिया में बच्चों ने उनके द्वारा पूछे गए प्रश्नों का सटीक उत्तर भी दिया। उन्होंने नामांकन वृद्धि शैक्षिक गुणवत्ता और विद्यालय के प्रचार प्रसार पर महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि सीमावर्ती क्षेत्र के सात विद्यालयों जिसमें कंपोजिट विद्यालय शीतलापुर , प्राथमिक विद्यालय बैठवलिया प्रथम, द्वितीय कंपोजिट विद्यालय भेडियारी, प्राथमिक विद्यालय गोसाईपुर, कंपोजिट विद्यालय मिश्रौलिया, कंपोजिट विद्यालय गेडहवा व प्राथमिक विद्यालय भेडियारी कटान टोला का निरीक्षण किया गया। शीतलापुर विद्यालय में समय सारणी बनाने का निर्देश दिया गया। अनुपस्थित बच्चों से संपर्क करके नामांकन स्कूल में दाखिला कराए। भेडिहारी कटान टोला में 39 बच्चों का नामांकन पाया गया। सर्वे करके आख्या प्रस्तुति करने का निर्देश दिया गया है। तथा सभी विद्यालयों की समय सारणी का अनुपालन करने का निर्देश शिक्षकों को दिया गया है इस मौके पर सभी विद्यालयों में अध्यापक उपस्थित मिले।

भारत-नेपाल सरहद : खुली सीमा पर नाकों की बढ़ेगी निगरानी

सरहद की सुरक्षा को अभेद बनाने की तैयारी, अब तक के सबसे बड़े अभियान का शीघ्र होगा आगाज

आधार को प्रमाणित करने के लिए (एम आधार) ऐप को लागू किए जाने की संभावना बढ़ाए जा सकते हैं मानव संसाधन, और अधिक किया जा सकता कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) अत्याधुनिक उपकरणों का उपयोग

नौतनवा (एसएनबी)। भारत-नेपाल की सरहद पर मौजूद और संभावित हालात यहां के सरहदी निकायों को और अधिक योगदान की दरकार को साफ तौर पर प्रदर्शित करने लगे हैं। हालांकि समय व हालात की हकीकत को देख उनकी भी तैयारी कुछ कमतर नहीं। बावजूद इसके सीमा से सटे नाके बड़ी चुनौती प्रस्तुत करते नजर आ रहे। इन चुनौतियों में सीमापार बैठे भारत विरोधी तत्व, ड्रग डीलर, लव जेहाद, हवाला के धंधेबाज, मानव व्यापार के संचालन के सरगना, प्रतिबंधित वस्तुओं की तस्करी के संजाल के संचालक व मादक पदार्थों व प्रतिबंधित दवाओं को

सघन जांच करते सुरक्षाबल।

चोरी छिपे नेपाल और भारत के बीच गोरखधंधा करने वाले असामाजिक तत्व। यह सब उस चुनौती का हिस्सा बन रहे, जो सरहद को अतिसंवेदनशील श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया है। हालांकि इन अदृश्य खतरों का गंभीर एहसास केन्द्र व राज्य सरकार के सुरक्षा, खुफिया, प्रशासनिक व सीमा शुल्क अधिकारियों को है। यही कारण है कि उन्होंने इस संबंध में अपनी रणनीति व कार्यशैली की गहन समीक्षा के बाद उसमें संभावित सुधार की मैराथन कोशिशें भी शुरू कर दी हैं।

खबर है कि संयुक्त कार्यबल बनाकर सरहद की निगरानी व निगहबानी के लिए मानव संसाधन (अधिकारी व जवान) की संख्या और बढ़ाये जाने की तैयारी चल रही है। साथ ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के तहत अत्याधुनिक निगरानी उपकरणों व संबंधित यंत्रों को और अधिक क्रियाशील बनाया जा रहा। इसके अलावा नेपाल से प्रवेश करने वाले हर व्यक्ति की पहचान पत्र (आधार) व अन्य दस्तावेजों को प्रमाणित करने के लिए (एम आधार) नामक विशेष ऐप का उपयोग किया जा सकता है। सुरक्षा से जुड़े सरहद से एक विशेष से अधिकारी ने राष्ट्रीय सहारा को अपना नाम न छापने की शर्त पर बताया कि बेशक हम मित्र देश के सरहद की निगरानी जरूर रहे लेकिन हमें मित्र के बीच छुप कर बैठे संभावित शत्रु की तलाश कर उसे और उसकी गतिविधियों की धार को कुंद किये जाने का कार्य सौंपा गया है। उधर भारत से प्रतिबंधित नशीली दवाओं और नेपाल से चरस को भारत भेजने की मुहिम भी तेज होने लगी है। इसकी पुष्टि लगातार हो रही बरामदगी कर रहीं।

उल्लेखनीय है कि भारत की आंतरिक सुरक्षा को लेकर नेपाल की खुली सीमा के चलते लगातार खतरा बढ़ता जा रहा। इसके तहत कई ऐसे मोर्चे नजर आ रहे, जिस पर भारतीय सुरक्षा व खुफिया निकायों की अघोषित जंग जारी है। लगभग एक दर्जन ऐसे बिन्दु हैं जिस पर लगातार काम करना पड़ रहा। उधर पाकिस्तान के खिलाफ की गई आपरेशन सिंदूर के तहत कार्रवाई के बाद जो नेपाली निकायों द्वारा गोपनीय इनपुट मिल रहे, उसने भारतीय अधिकारियों को चिंता में डाल दिया है। नेपाली सीमा में मौजूद भारत विरोधी तत्व और उसके सरहद के दोनों तरफ मौजूद स्लीपर सेल की पहचान कर उनके विरूद्ध निर्णायक कार्रवाई समय की मांग है।

सिरदर्द बनी पर्यटक बसों की आवाजाही

सोनौली । भारत-नेपाल के बीच मित्रवत् संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए दोनों देशों के बीच मैत्री बस सेवाओं का संचालन कर सुविधाएं दी गई हैं। जानकारों की माने तो अब यह सेवा भारत की आंतरिक सुरक्षा के लिए बड़ी चुनौती बन रही है। ऐसा इसलिए कि नकली भारतीय पहचान पत्र पर बांग्लादेश व म्यांमार के भगोड़े शरणार्थी बंगाल राज्य के नेपाल से जुड़े विभिन्न नाकों से नेपाल में प्रवेश कर चोरी छिपे भारत पहुंच रहे हैं। इसकी पुष्टि बीते दिनों सरहद पर पकड़े गये अनेक बांग्लादेशी व रोहिंगियां घुसपैठियों द्वारा घुसपैठ की असफल कोशिशों से हुई।

सुरक्षा व सुचनाओं के आदान-प्रदान की हो रही समीक्षा

सोनौली । सरहद पर तैनात भारतीय सुरक्षा, खुफिया निकायों व स्थानीय व उच्चाधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा अपने नेपाली समकक्षों के साथ सुरक्षा व सूचनाओं को लेकर होने वाले आदान-प्रदान की और अधिक समीक्षा शुरू हो चुकी है। इसका कारण भारत द्वारा चलाए गये आपरेशन सिंदूर से उत्पन्न हालात को देखते हुए किया जा रहा। भारतीय अधिकारियों ने नेपाल से इस बात का पुरजोर आग्रह भी किया है कि वह अपने क्षेत्र में इस तरह की गतिविधियों में लिप्त सक्रिय व स्लीपर सेल से जुड़े तत्वों की पहचान कर उनके विरूद्ध सख्त कदम उठाने के साथ ही इससे संबंधित सूचनाओं को साझा करने में सक्रिय सहयोग भी करें। उधर बलरामपुर में पकड़े गये धर्मपरिवर्तन के लिए जिम्मेदार जलालुद्दीन उर्फ झांगुर से नगर के कुछ परिवारों के तार भी जुड़ते नजर आए। इस तरह की संगीन सूचना मिलते ही नगर के एक मुहल्ले में जाकर इस पुरे मामले की छानबीन की। हालांकि पुलिस को जानकारी मिली कि इससे संबंधित लोग वर्षो पूर्व अलीगढ़ जाकर बस गये हैं।

संक्षिप्त खबरें

बादल व हवा के बीच हल्की-फुल्की बारिश जारी

महराजगंज(एसएनबी)। कुछ दिनों से बारिश के बने दौर के बीच जहां-तहा हल्की-फुल्की बारिश का दौर बना हुआ है। इस बीच पुरवा हवा का बेग जारी है। बादलों एवं हवा के उमड घुमड के बीच अच्छी बारिश की संभावना बन रही है। साथ ही किसान धान की फसल की निराई एवं यूरिया आदि का छिड़काव करने में लगे हैं। लंबे समय के बाद बारिश का साथ मिलने से गांवो के सिवानो में धीरे-धीरे हरियाली में वृद्धि जारी है। उल्लेखनीय है कि बारिश का साथ मिलने से फसलों को सिंचाई का लाभ मिल रहा है कुछ दिनों से कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश का क्रम बना हुआ है बुधवार के सुबह तक जनपद के सदर तहसील क्षेत्र में 2 मिली मीटर तथा नौतनवा तहसील क्षेत्र में चार मिलीमीटर बारिश हुआ हैवही निचलौल एवं फरेंदा में बारिश शून्य रहा। इन सब के बीच बादलों का घिरना तथा छटना जारी है। साथ में तेज हवा बहने से वातावरण में नमी की स्थिति बनी हुई है। किसान धान की फसल की स्थिति के अनुसार यूरिया आदि का छिड़काव करने में जुटे हैं। साथ ही तमाम किसान धान की फसल में उग आये पतले एवं चौड़ी पत्ती के खरपतवार को निकालने में लगे हैं।

अवैध परमिट पर चल रहा था बस, मुकदमा

महराजगंज(एसएनबी)। जनपद में अवैध परमिट पर चल रहे वाहनों के विरुद्ध अभियान के तहत एआरटीओमनोज सिंह नेबस संख्या यू.पी. 56 टी 6278 केमालिक के विरुद्ध अवैध परमिट पर बस चलवाने के मामले में कोतवाली थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। इस संबंध मेंप्रभारी निरीक्षक कोतवाली सत्येन्द्र राय ने बताया कि एआरटीओ के तहरीर पर भारत नेपाल सीमा पर अवैध परमिट परसवारी ढोनेका मामला प्रकाश मेंआया था। उक्त बस के परमिट की जांच एआरटीओने किया तो परमिट अवैध पाया गया। एआरटीओकी तहरीर पुलिस नेबीएनएस की धारा 319 (2), 318 (4), 336 (3) व 340 के तहत मुकदमा दर्जकिया है।

किशोरी गायब, केस

गांगी बाजार (एसएनबी)। पनियरा थाना क्षेत्र के एक ग्राम पंचायत निवासिनी एक महिला ने अपनी 15 वर्षीय पुत्री के घर से भाग जाने के मामले में पुलिस को तहरीर देकर केस दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार महिला बीते 15 जुलाई को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए आयी थी। इसी दौरान उसकी पुत्री घर से भाग गई। उसने इधर-उधर और रिश्तेदारों के यहां खोजबीन किया लेकिन उसका कुछ भी पता नहीं चला। इस बावत प्रभारी निरीक्षक निर्भय कुमार सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर जांच पड़ताल किया जा रहा है।

पारिवारिक विवाद में युवक की पिटाई

गांगी बाजार (एसएनबी)। पनियरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भवानीपुर के बजहिरवा टोला निवासी विशाल ने अपने पट्टीदारों के खिलाफ पारिवारिक विवाद को लेकर उसे बुरी तरह से मारपीट कर घायल कर देने के मामले नामजद तहरीर पुलिस को देकर केस दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार बीते मंगलवार की सुबह साढ़े सात बजे उसके पट्टीदार जितेन्द्र, सुमित व अमित यादव ने पारिवारिक रंजिश को लेकर उसे दौड़ा कर लाठी डंडे से बुरी तरह से मारपीट कर घायल कर दिया। इससे उसे गंभीर चोटें आई हैं। इस बावत प्रभारी निरीक्षक निर्भय कुमार सिंह ने बताया कि मामले में तीन नामजद लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

महिला की संदिग्ध मौत

महराजगंज(एसएनबी)। स्थानीय कोतवाली थाना क्षेत्र केग्रामसभा बडहरारानी निवासी टोला छावनी निवासी संजय की 19 वर्षीया पत्नी अनामिका की संदिग्ध रुप से फांसी लगाने से मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम केलिए भेज दिया। कोतवाली थाना क्षेत्र के बडहरा रानी निवासी संजय ने थाना क्षेत्र के रुधौली भावचक निवासिनी अनामिका सेप्रेम विवाह किया था। बुधवार को उक्त महिला की अपनेससुराल मेंसंदिग्ध परिस्थितियोंमेंफांसी का फंदा लगानेसेमौत होगयी। सूचना पर पहुंची पुलिस नेशव को कब्जे में लेकर पीएम केलिए भेज दिया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सत्येन्द्र कुमार राय नेबताया कि शव को कब्जे में लेकर पीएम केलिए भेज दिया गया है। पीएम रिपोर्टमिलनेकेबाद तहरीर मिलनेपर विधिक कार्यवाईकी जायेजी।

भूमि विवाद में मारपीट, केस

पनियरा (एसएनबी)। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम सभा रामपुर में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षो में जमकर मारपीट हो गयी। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। मारपीट के बाद पीड़ित पक्ष के अलावा दूसरा पक्ष भी थाने पहुचा। शांति व्यवस्था में खलल डालने के प्रयास में जुड़े लोगों के खिलाफ पुलिस ने मामले में जुड़े सभी लोगो के विरूद्ध केस दर्ज किया है।

नाबालिग को भगाया, तीन पर केस

गांगी बाजार (एसएनबी)। पनियरा थाना क्षेत्र के एक ग्राम पंचायत निवासी एक व्यक्ति ने अपनी नाबालिग पुत्री को गांव के ही एक युवक द्वारा भगा ले जाने के मामले में तीन लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर केस दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार बीते नौ जुलाई की शाम सात बजे उसकी 14 वर्षीय पुत्री को गांव का एक युवक भगा ले गया। उसने इधर-उधर खोजबीन किया लेकिन कुछ पता नहीं चला। इसी बीच वह आरोपी युवक के घर जाकर पूछने लगा तो उसके परिजन धमकी देकर कहने लगे कि जाओ जो करना है कर लो तुम्हारी बेटी नहीं आएगी। इस बावत प्रभारी निरीक्षक निर्भय कुमार सिंह ने बताया कि मामले में केस दर्ज किया गया है।

गोष्ठी : कल के लिए सुरक्षित करें जल

महराजगंज(एसएनबी)। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में

भूजल सप्ताह के तहत गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें जल संचयन की महत्ता एवं इसके जागरूकता के बारें में विस्तार से परिचर्चा की गयी। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा नवनाथ प्रसाद ने बताया कि भूजल सप्ताह के 16 जुलाई से 22 जुलाई तक मनाया जाएगा। इसके लिए विभिन्न स्वास्थ्य इकाईयों के जिम्मेदारों को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. श्रीकांत शुक्ला के स्तर से निर्देशित किया गया है। साथ ही कल के लिए जल सुरक्षित करना आवश्यक है।

उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. वीर विक्रम सिंह ने कहा कि भूजल सप्ताह मनाने का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण और भूजल के विवेकपूर्ण उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। जागरूकता के लिए समुदाय स्तर पर भी विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाने कीआवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जल संचयन के लिए एवं जल संचयन तथा जल संरक्षण नीतियों को प्रभावी ढंग से लागू करना और उनका पालन सुनिश्चित करना होगा। डिप्टी सीएमओ डा अखिलेश यादव ने कहा कि जल संचयन के लिए जल के दुरुपयोग को रोकना जरूरी है। इसके लिए जन सहयोग अपेक्षित है। जल के संरक्षण और संवर्धन के लिए जनमानस को भी जागरूक करना भी बहुत जरूरी है। कार्यक्रम में डा रफीक, एआरओ जहांआरा, परिवार नियोजन कार्यक्रम के सामग्री प्रबंधक मुकेश त्रिपाठी, जिला मलेरिया सलाहकार कौलेश्वर, नवीन, कमलेश, हरिकेश आदि प्रमुख तौर पर मौजूद।

लंबित आवेदनों का त्वरित निस्तारण करें बैंकर्स : डीएम

महराजगंज(एसएनबी)। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में उद्योग बंधु व व्यापार बंधु की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार मेंहुई। जिलाधिकारी ने बैठक में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, ओडीओपी सहित विभिन्न रोजगारपरक योजनाओं की जानकारी ली। साथ ही लंबित आवेदनों के त्वरित निस्तारण के लिए बैंकर्स को निर्देशित किया। साथ ही सहायक आयुक्त उद्योग द्वारा अवगत कराया गया कि सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान में वित्तीय वर्ष 202526 के लिए लक्ष्य 1700 है। इसके सापेक्ष 2369 आवेदन इस वित्तीय वर्ष में विभिन्न बैंकों को प्रेषित किए जा चुके हैं। बैंकों द्वारा विगत वर्ष और

■ उद्योग बंधु व व्यापार बंधु की समीक्षा बैठक

बैठक लेते जिलाधिकारी। फोटो : एसएनबी

जिलाधिकारी श्री शर्माने आवेदन अस्वीकृति की उच्च दर पर असंतोष व्यक्त करते हुए सभी शाखा प्रबंधकों को ठोस कारण के आधार पर ही सीएम युवा के आवेदनों को अस्वीकृत करनेके लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि योजना के संदर्भ में बैंक सकारात्मक मानसिकता के साथ कार्य करें। उन्होंनेजिला उद्योग केंद्र को सीएम युवा के तहत प्राप्त आवेदनों का उचित परीक्षण करने के उपरांत ही बैंकों को प्रेषित करने के लिए कहा। साथ ही सीएम युवा में बैंकों की प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा करते हुए उन्हें और मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराने का निर्देश इस वर्ष के कुल 617 आवेदन स्वीकृत किए गए हैं और 479 प्रकरणों में ऋण वितरण किया जा चुका है। सहायक आयुक्त ने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना की प्रगति के विषय में अवगत कराते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष 202526 में भौतिक लक्ष्य 160 के सापेक्ष 84 आवेदन विभाग द्वारा विभिन्न बैंकों को प्रेषित किए जा चुके हैं। इनमे अलगअलग बैंकों द्वारा 47 आवेदनों को स्वीकृत कर 35 में ऋण वितरित किया गया है। इसी प्रकार ओडीओपी योजना के तहत 26 के लक्ष्य के सापेक्ष 24 आवेदन बैंको को भेजे गए हैं। इसमे 17 आवेदनो को स्वीकृत करते हुए 6 आवेदकों को बैंकों द्वारा ऋण का वितरण किया गया है। जिलाधिकारी ने योजना में प्रगति को बढ़ाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सभी बैंकों को विभिन्न रोजगारपरक योजनाओं में प्राथमिकता के आधार पर ऋण वितरण का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आवेदनों के निस्तारण में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। जिलाधिकारी ने निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित प्रकरणों के निस्तारण के दौरान फायर सेफ्टी को लेकर प्रश्नों की बड़ी संख्या को लेकर असंतोष व्यक्त किया। साथ ही कहा कि परियोजनाओं के संदर्भ में विभाग अनावश्यक प्रश्न खड़े कर परियोजना को विलंबित न करें और जो प्रश्न उठाए जा रहे हैंऔर उसके निस्तारण के लिए उद्यमी को आवश्यक सहयोग प्रदान करें ताकि जनपद में निवेश अनुकूल माहौल का सृजन किया जा सके।इसी प्रकार व्यापार बंधु की बैठक में उपायुक्त राज्यकर द्वारा जीएसटी पंजीयन और जीएसटी संग्रहण के विषय में अवगत कराया। जिलाधिकारी ने उद्यमियों व व्यापारियों की समस्याओं को सुना और विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए समस्याओं के निस्तारण का निर्देश दिया। उन्होंने उद्यमियों और संबंधित विभागों के साथ समन्वय करते हुए जिला उद्योग केंद्र को व्यापारियों की समस्याओं के निस्तारण को सुनिश्चित करने के लिए कहा। बैठक में उद्यमियों द्वारा विद्युत कटौती और विद्युत विभाग के कर्मियों व अधिकारियों के नंबर न उठाएं जाने की शिकायत पर जिलाधिकारी नेएसई विद्युत को निर्देशित किया कि वह सुनिश्चित करें कि विद्युत विभाग के अधिकारी व कर्मचारी फोन जरूर उठाएं। जिलाधिकारी ने सभागार से ही विद्युत विभाग के टोल फ्री नंबर 1912 को डायल किया। बैठक मे मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, सहायक आयुक्त उद्योग राकेश जायसवाल, अधीक्षण अभियंता विद्युत वाई.पी. सिंह, सहायक आयुक्त राज्यकर श्रीमती प्रियंका श्रीवास्तव सहित विभिन्न अधिकारी और उद्यमी उपस्थित रहे।

बहुउद्देशीय इंडोर स्टेडियम का डीएम ने किया निरीक्षण

महराजगंज(एसएनबी)। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मानिमहंत दिग्विजयनाथ बहुउद्देशीय इंडोर स्टेडियम, चौक बाजार का बुधवार का स्थलीय निरीक्षण किया। स्टेडियम के औपचारिक हस्तांतरण से पहले जिलाधिकारी ने स्टेडियम का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी नेउपकरण कक्ष, प्रशासनिक कक्ष, शौचालय, बहुउद्देशीय हल ध्यान कक्ष, व्यायामशाला आदि को देखा।

जिलाधिकारी श्री शर्माने निर्माण की गुणवत्ता, सुविधाओं की उपलब्धता और तकनीकी पहलुओं के संदर्भ में परियोजना प्रबन्धक से जानकारी ली। दिव्यांग शौचालय में हैंडल लगवाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने रनिंग ट्रैक के गुणवत्ता की जांच विशेषज्ञों से करवाने और प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर ट्रैक में आवश्यक सुधार के लिए निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने हैंडओवर की प्रक्रिया से पहले सभी कमियों को दूर करनेके लिए परियोजना प्रबन्धक यूपीपीसीएल को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने जिला युवा कल्याण अधिकारी को हस्तांतरण संबंधी औपचारिकताओं को पूरा करते हुए हस्तांतरण की प्रक्रिया को पूर्ण करने का निर्देश दिया। महंत दिग्विजयनाथ बहुउद्देशीय इंडोर स्टेडियम का निर्माण करीब 9.55 करोड़ रुपये की लागत से हुआ है। बहुउद्देशीय स्टेडियम का निर्माण कार्यदायी संस्था यूपी प्रोजेक्ट कर्पोरेशन लिमिटेड (यूपी पी सीएल) द्वारा कराया गया है। इसका संचालन युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग द्वारा किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि स्टेडियम का उपयोग स्थानीय युवाओं की खेल प्रतिभा को निखारने और जिले में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देनेके लिए स्टेडियम बेहद अहम साबित होगा। इसलिए संबंधित अधिकारी

सुनिश्चित करें कि स्टेडियम का संचालन बेहतर तरीके से हो। यूपी प्रोजेक्ट कर्पोरेशन के प्रोजेक्ट मैनेजर मनोज कुमार शर्मा ने डीएम को पूरे निर्माण कार्य की जानकारी दी जबकि युवा कल्याण अधिकारी वैभव सिंह ने स्टेडियम के आगामी उपयोग और योजनाओं की रूपरेखा प्रस्तुत की। स्टेडियम में दर्शकों के लिए बैठने की बेहतर व्यवस्था, इनडोर खेलों के लिए कोर्ट, चेंजिंग रूम, कार्यालय कक्ष और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। निरीक्षण के दौरान एसडीएम सदर जितेंद्र कुमार, चौक ईओ ओमप्रकाश आदि संबंधित लोग उपस्थित रहे।

पिता और सौतेली मां के विवाद में दबंगों ने दो भाइयों को पीटा, गंभीर

कोल्हुई बाजार(एसएनबी)। थाना कोल्हुई थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत खड़खोड़ी में सौतेली मां और पिता का पक्ष लेते हुए दो सगे भाइयों को इस लिए बुरी तरह पिटाई कर दी गई। क्योंकि वे घर में रहने के लिए सिर्फ आशियाना मांग रहे थे।ये पिटाई करने वाले तब तक पिटाई करते रहे जब तक दोनों बेहोश नहीं हो गये।

इस हमले में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। जिस से गांव में अफरा तफरी मच गई। किसी ने इस दुर्दांत पिटाई की सूचना 112 नंबर पर दे दी। मौके पर 112 नंबर की टीम न आई होती तो किसी अनहोनी से इंकार नहीं किया जा सकता। इसके बाद दोनों मूर्छित बेहोश भाइयों को एंबुलेंस मंगा कर इलाज के लिए निकटवर्ती सिद्धार्थनगर जिला के लोटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया गया। जहां डाक्टरों ने हालत गंभीर देख कर जिला अस्पताल सिद्धार्थनगर भेज दिया है। खड़खोड़ी निवासी जमीर ने पहली पत्नी के मृत्यु के बाद लगभग 55 साल की उम्र में 15 साल पूर्व दूसरी शादी कर लिया। पहली पत्नी से तीन बेटियां और दो बेटों अबरार और सलमान का जन्म हुआ था। सौतेली मां के आने पर पहले वाली के बच्चों का उल्टी गिनती शुरू हो गई। बड़ा बेटा सिद्धार्थनगर में टेम्पो चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। जब कि छोटा बेटा सलमान मुंबई कमाने चला गया। वहीं से शादी कर अपनी पत्नी को लेकर एक पखवाड़ा पूर्व घर आया।यहां उस के रहने के ठिकाना के लिए बड़ा बेटा खड़खोड़ी आकर पिता से जगह की सिफारिश किया। इस दौरान दोनों भाइयों और पिता ,सौतेली मां से जम कर विवाद हो गया। इस बीच पिता और सौतेली मां का पक्ष लेते हुए गांव के कुछ दबंगों द्वारा बीच बचाव न करते हुए दोनो भाइयों की जम कर पिटाई कर दी गई।जिस से दोनों बेहोश हो गये। इस संबंध में थानाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह ने बताया मामला संज्ञान में है। तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

नपा अध्यक्ष ने अधीक्षण अभियंता से मिलकर रखी समस्या

महराजगंज(एसएनबी)। स्थानीय नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष डा. पुष्पलता मंगल ने नगर सीमा क्षेत्र में फैले जर्जर विद्युत पोलों और नीचे लटके खतरनाक विद्युत तारों की समस्या को गंभीरता

अधीक्षण अभियंता से मुलाकात करती नपा अध्यक्ष। फोटो : एसएनबी

से लेते हुए बुधवार कोअधीक्षण अभियंता वाई. पी. सिंह से मुलाकात की। साथ ही नगर क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए समुचित सर्वे कराकर नए विद्युत पोल लगाए जाने एवं पुराने पोलों की मरम्मत के लिए तत्काल कार्यवाही की मांग की।

नगर पालिका क्षेत्र में25 वार्डो में जर्जर विद्युत पोल व तारों से कभी भी कोई अप्रिय दुर्घटना होसकती है। जर्जर तार होनेकेनातेविद्युत आपूर्तिमेंकाफी समस्या आ रही हैऔर आयेदिन विद्युत तार टूट -टूट कर गिर रहा है। इससेकोईबडी अनहोनी सेरोका नहीं जा सकता। साथ ही साथ जनपद केप्रमुख वार्डोकेनयेबस्तियोंमेंविद्युत पोल उपलब्ध न होनेकेकारण उपभोक्ता बास बल्ली केसहारेविद्युत आपूर्ति लिए है। पोल लगानेकेलिए कईबार सर्वेभी हुआ हैलेकिन अभी तक न तोनयेपोल लगायेगयेऔर न ही जर्जर पोलोकोबदला गया है। इन समस्याओंकोलेकर नपा अध्यक्ष डा. मंगल नेअधीक्षण अभियंता सेमुलाकात कर शीघ्र कार्यवाईकी मांग की है। इस दौरान पूर्वविधानसभा प्रत्याशी सदर निर्मेश मंगल ,प्रधान लिपिक बैकुंठनाथ यादव, सभासद शेष मणि पटेल, अखिलेश पाण्डेय, महेंद्र गुप्ता, राजू पासवान, बबलू पासवान एवं दीपक कुमार भी उपस्थित रहे।

पद प्रतिष्ठापन व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

निचलौल (एसएनबी)। स्थानीय मसीह सेवाश्रम इंटर कालेज मे पद प्रतिष्ठापन व सांस्कृतिक कार्यक्रम व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि थाना प्रभारी अखिलेश कुमार वर्मा के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलन से हुआ। विद्यालय की छात्रा कोमल रौनियार, आराध्या, अनुपमा, श्रेया, पायल के द्वारा ईस वंदना प्रस्तुत की गई। उसके बाद सीताराम के द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। श्रेया,दिव्यांशी,अंशिका, श्रेया अथर्व के द्वारा एक्शन डांस प्रस्तुत किया गया। वहीं पद प्रतिष्ठापन समारोह अनुपम मिश्रा के द्वारा संबोधित किया गया। मेनका अंशिका के द्वारा समूह गीत प्रस्तुत किया गया जिसको सभी ने सराहा। मुख्य अतिथि थाना प्रभारी अखिलेश कुमार वर्मा ने कहा कि शिक्षा स्वस्थ समाज की बुनियाद है। विद्यालय में एक वर्ष से काम कर रहे पुराने कैप्टन को विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर प्रवीण व फादर टोमी थमस ने पुरस्कृत किया। नए नए कप्तान को उनके कर्तव्यों व अनुशासन का संकल्प दिलाया गया। कलेज के प्रधानाचार्य फादर प्रवीण ने आए हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान सिस्टर लियोनी, प्रवीण कुमार मिश्रा, अखलाख, अनुपम कुमार मिश्रा गिरीश रजनीश सिंह सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

बार्डर पर पुलिस व एसएसबी ने किया पैदल मार्च

कोल्हुई बाजार(एसएनबी)। थाना कोल्हुई क्षेत्र भारत-नेपाल सीमा पर स्थित बुढ़वा घाट पर आज पुलिस व एसएसबी ने पैदल मार्च किया है। इस दौरान भारत से नेपाल व नेपाल से भारत आने जाने वाले संदिग्धों की जांच की गयी। साथ ही बार्डर पर आने जाने वाले लोगों को कड़े निर्देश दिये है। मिली जानकारी केअनुसार वर्तमान समय सावन मास प्रारम्भ हो गया है जिसको लेकर पुलिस व एसएसबी पूरी तरह चौकस हो गयी है। आज भारत-

नेपाल सीमा पर स्थित बुढ़वा घाट पर एसओ कोल्हुई आशीष कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस व एसएसबी की टीम बार्डर परपैद ल मार्च किया। इस दौरान सुरक्षा को लेकर पैदल मार्च किया गया। पैदल मार्च के दौरान आने जाने वाले संदिग्धों की जांच की गयी। साथ ही बार्डर पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ा कर दिया गया है। पैदल मार्च के दौरान बार्डर पर आने जाने वाले लोगों को कड़े निर्देश भी दिये गये है। इस दौरान एसआई राजू सिंह, अंजनी कुमार सिंह, जर्नादन चौधरी समेत एसएसबी की टीम मौजूद रही।

केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री से मिला पशुपालक प्रतिनिधिमंडल

महराजगंज(एसएनबी)। केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने बुधवार को अपने कैम्प कार्यालय स्थित आवास पर जनसुनवाई की। इस जनसुनवाई के दौरान जिले के विभिन्न हिस्सों से आए लोगों ने अपनी

केविरा को पत्रक देते पैरेवेट/पशुमित्र। फोटो : एसएनबी

समस्याएं मंत्री के समक्ष रखीं। जनसुनवाई के बीच पशुपालन विभाग से जुड़े एक प्रतिनिधिमंडल ने भी मंत्री से मिलकर अपनी समस्याएं विस्तार से साझा कीं और समाधान की मांग की।

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि पशुपालन विभाग में कार्यरत लगभग 20,000 पैरेवेट/पशुमित्र ग्रामीण क्षेत्रों में पशुओं के कृत्रिम गर्भाधान, प्राथमिक उपचार, टीकाकरण, पशु गिनती और आश्रय स्थल पर सेवा कार्य जैसे अहम कार्यो को अंजाम देते हैं। ये पशुमित्र सरकार की पशु योजनाओं को धरातल तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं बावजूद इसके उन्हें किसी प्रकार का नियमित मानदेय या आर्थिक सहायता नहीं दी जाती। उन्होंने बताया कि पहले वे कृत्रिम गर्भाधान, टीकाकरण आदि कार्यो के बदले पशुपालकों से शुल्क लेते थे। इससे उनकी आमदनी होती थी लेकिन वर्ष 2020 से राष्ट्रीय गोकुल मिशन और राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत ये सेवाएं निःशुल्क कर दी गईं। इसके बदले प्रत्येक कृत्रिम गर्भाधान के लिए 50 रुपये और टीकाकरण के लिए 5 रुपये निर्धारित किए गए जिसे भारत पशुपालन एप पर फीडिंग के बाद भुगतान किया जाना था। मगर भुगतान या तो समय से नहीं होता या फिर 50 से 70 प्रतिशत तक की कटौती कर दी जाती है। कई बार बिना कारण बताए आईडी बंद कर दी जाती है और शिकायत करने पर प्रशिक्षण राशि वापस लेने या थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने की धमकी दी जाती है। प्रतिनिधिमंडल ने तीन प्रमुख मांगें मंत्री के समक्ष रखीं। पैरेवेट/पशुमित्रों को सम्मानजनक मासिक मानदेय दिया जाए। इन लोगों को दुर्घटना बीमा योजना से जोड़ा जाए। पशुपालन सेवा के लिए स्पष्ट सेवा नियमावली बनाई जाए। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहे जाने वाले पशुपालकों को सेवाएं देने वाले पैरेवेट/पशुमित्रों की अनदेखी से गांवों की अर्थव्यवस्था प्रभावित हो रही है। पशुपालक और पशुधन दोनों को बेहतर सेवा देने वालों को यदि नियमित सहयोग नहीं मिलेगा तो यह समूची व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगा। केन्द्रीय मंत्री श्री चौधरी ने समस्याएं गंभीरता से सुनी और कहा कि वे इस मामले को संबंधित विभाग के समक्ष रखकर सकारात्मक कार्रवाई का प्रयास करेंगे। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि उचित कार्यवाही के लिए उनकी मांगों को शासन स्तर पर प्रस्तुत किया जाएगा। जनसुनवाई में इसके अलावा ग्रामीण सड़क, पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य और पेंशन योजनाओं से संबंधित समस्याएं भी सामने आईं, जिन पर मंत्री ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

शुभांशु की सफल वापसी पर केक काटकर मनाया जश्न

महराजगंज(एसएनबी)। स्थानीय आर के सन शाइन एकेडमी में भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से सफल वापसी पर विज्ञान विद्यार्थियों एवं शिक्षकों में हर्षोल्लास का माहौल बना हुआ है। इस खुशी के अवसर पर विद्यालय में केक काटकर एवं मिठाइयां बांटकर खुशी जाहिर की गई। इसमे विद्यालय के बच्चे भी शामिल हुए। इस अवसर पर विज्ञान शिक्षक ने बताया कि उन्होंने 18 दिनों का सफल मिशन पूरा करके पृथ्वी पर वापस आ गए हैं। इस मिशन के दौरान उन्होंने कई वैज्ञानिक परीक्षण किए जो भारत के महत्वाकांक्षी गगनयान कार्यक्रम के लिए महत्वपूर्ण है। भारतीय

अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) आज शुभांशु शुक्ला के सफलतापूर्वक पृथ्वी पर लौटने की घोषणा करते हुए प्रसन्न हैं। शुमांशु जो एक्सओम 4 मिशन के हिस्से के रुप में अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर गए थे। उन्होंने 18 दिनों तक वहां रहकर कई महत्वपूर्ण वैज्ञानिक प्रयोग किए। यह मिशन भारत के महत्वाकांक्षी गगनयान कार्यक्रम के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इसका उद्देश्य मानव को अंतरिक्ष में भेजना है। शुभांशु ने आईएसएस पर 60 से अधिक वैज्ञानिक प्रयोगों में भाग लिया। इनमें से 7 इसरो द्वारा विशेष रुप से डिजाइन किए गए थे। विद्यालय के प्रबंधक इंजीनियर विवेक कुमार गुप्ता नेबताया कि शुभांशु की यात्रा न केवल भारत के लिए बल्कि पूरी दुनिया के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने यह साबित कर दिया कि भारत मानव अंतरिक्ष उड़ान में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी बनने की क्षमता रखता है। इस दौरान विद्यालय के सभी शिक्षक /शिक्षिकाएंमौजूद रही ।

विधायक ने किया मनरेगा पार्क का लोकार्पण

बढ़नी (एसएनबी)। विकास खंड बढ़नी अंतर्गत के ग्राम पंचायत पकड़िहवा में बनाए गए पं. दीनदयाल उपाध्याय मनरेगा पार्क का लोकार्पण गत दिवस क्षेत्रीय विधायक विनय वर्मा द्वारा उदघाटन किया गया। विधायक ने कहा कि एनडीए सरकार ग्रामीण जनों के जीवन स्तर की बेहतरी के लिए लगातार प्रयास कर रही है। बढ़नी क्षेत्र के पकड़िहवा में मनरेगा व ग्राम पंचायत निधि के 26 लाख रुपए की लागत से बनाए गए पं.दीनदयाल उपाध्याय मनरेगा पार्क का लोकार्पण बतौर मुख्यातिथि विधायक विनय वर्मा द्वारा गत दिवस किया गया।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधान जी के प्रयास से आम जनता हेतु ऐसा मडल पार्क बनाया जाना अनुपम है।इस पार्क में गांव के लोग मर्निंग वक, योग आदि कर सकेंगे,बच्चे झूला आदि का आनंद उठा सकेंगे। परियोजना निदेशक (सिद्धार्थनगर) नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी ने कहा कि जिस तरह का पार्क यहां बना है,वह सभी शहरों में भी सुलभ नहीं है। यह ग्राम प्रधान की मेहनत के कारण संभव हुआ है।यह जिले के सभी ग्राम पंचायतों के लिए रोल माडल सरीखा होगा। बीडीओ अनिश मणि पाण्डेय ने कहा कि सरकार बहुआयामी विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं को सहज ढंग से संचालित करने में लगी हुई है।इस दौरान ग्राम प्रधान यशोदानंदन मिश्र ने सभी अतिथियों का बुके देकर सम्मान किया। कार्यक्रम में निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष हरिराम निषाद, दलसिंगार दुबे,हरीश वर्मा, रामदास मौर्य, मयंक शुक्ल, अनुपम सिंह, अनिल मिश्र, अखिलेश पाण्डेय,वैभव मिश्र आदि मौजूद रहे।

पार्क का उद्घाटन करते विधायक। फोटो : एसएनबी

नई कार्यकारणी का हुआ शपथ ग्रहण

डुमरियागंज(एमएनबी)। बार भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में प्रोग्रेसिव सिविल बार एसोसिएशन डुमरियागंज के निर्वाचित पदाधिकारी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

प्रोग्रेसिव सिविल बार एसोसिएशन

बार भवन में दोपहर 1 बजे अधिवक्ता अशोक कुमार पाण्डेय के अध्यक्षता में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष जहीरुद्दीन जाफरी एडवोकेट ने निर्वाचित पदाधिकारी को शपथ दिलाई। जिसमें प्रेम शंकर श्रीवास्तव उर्फ भोला बाबू अध्यक्ष, वशिष्ट उर्फ विपिन कुमार श्रीवास्तव महामंत्री, चंद्र किशोर सिंह, बाल मुकुंद लाल श्रीवास्तव वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राधेश्याम वरुण, हरीशचन्द्र गुप्ता उपाध्यक्ष, रमन श्रीवास्तव, अशोक कुमार पाण्डेय संयुक्त मंत्री, केदारनाथ सिंह पुस्तकालय अध्यक्ष, राकेश कुमार श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष, गंगा प्रसाद यादव, अवध नरेश दुबे, अखिलेश्वर दुबे, चंद्र प्रकाश पाण्डेय, कृष्ण कुमार श्रीवास्तव, रमेशचन्द्र उपाध्याय आदि ने सदस्य कार्यकारणी वरिष्ठ व निसार अहमद, दिलीप कुमार त्रिपाठी, सुल्तान मेंहदी, अमित त्रिपाठी, सबरेज आदि ने सदस्य कार्यकारणी के रूप में शपथ ग्रहण किया। इस दौरान पदाधिकारियों ने शपथ लेते हुए

अधिवक्ताओं को आश्वासन किया कि वे उनके सम्मान व अधिकार को लेकर पूरी मजबूती के साथ कार्य करेंगे। नई कार्यकारिणी को अधिवक्ताओं ने लड्डू खिलाकर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान अधिवक्ता इकबाल यूसुफ मलिक, वीरेंद्र सिंह, देवेंद्र पाठक, रमापति सिंह, रामचंद्र सहाय, राजेश दुबे, राम कृष्ण मिश्रा, शक्ति प्रकाश, आशीष श्रीवास्तव, शिव शंकर चतुर्वेदी, अवध बिहारी, रजनीश पाण्डेय, राजीव अग्रहरि, अमित आदि मौजूद रहे।

शिक्षक-अभिभावक की बैठक महत्वपूर्ण

खुनियांव(एमएनबी)। विद्यालय को आदर्श विद्यालय बनाने तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षक तथा अभिभावक की बैठक बहुत अनिवार्य है। उक्त जानकारी संविलियन विद्यालय बहादुरपुर नवीन में आयोजित शिक्षक और अभिभावक की बैठक में विद्यालय के प्रधानाध्यापक मिर्जा महबूब ने दी है। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के बारे में भी जानकारी दी गई। संचारी रोग अभियान का शपथ ग्रहण अभिभावकों से कराया गया। बैठक में प्रधानाध्यापक मिर्जा महबूब हसन,गिरधर पांडे, सुचित्रा विजय कुमार, मोहित कुमार सहायक अध्यापक, महेंद्र कुमार शिक्षामित्र तथा सोना, आशा ,सुनीता ,कलावती, शीला देवी, धम्मल, मोहम्मद अली, श्याम सुंदर, रामनरेश, श्याम मणि, गुड़िया , मालती, संगीता ,उषा , गौरा देवी, सुभावती, चंद्रावती, शांति, रीना ,सीमा ,पूनम सहित कई अभिभावक उपस्थित रहे।

दुर्घटना में चार गंभीर , एंबुलेंस पर उठे सवाल

बेवाँ(एमएनबी)। डुमरियागंज थाना क्षेत्र के ढेबरुआ बस्ती मार्ग स्थित ग्राम जवजौआ सफा स्कूल के पास बुधवार दोपहर दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार, करण (14) पुत्र रंजीत और सिंगल (27) पुत्र विचार दास, निवासी ग्राम भलुआही, अपनी बाइक से बेवाँ से डुमरियागंज की तरफ जा रहे थे। वहीं, दूसरी बाइक पर संदीप (28) और सतीश (50) पुत्रगण लक्ष्मी प्रसाद, निवासी नौसड़ गोरखपुर, डुमरियागंज से बस्ती की तरफ जा रहे थे। अज्ञात कारणों से दोनों बाइकों की भीषण टक्कर हो गई, जिससे चारों सवार गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे के बाद ग्रामीणों ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेवाँ ले जाने के लिए दौड़ पड़े। इसी दौरान, डुमरियागंज से बेवाँ की तरफ जा रही एक सरकारी एंबुलेंस भी घटनास्थल से गुजरी, लेकिन ग्रामीणों के लाख प्रयास के बावजूद वह नहीं रुकी। इसके बाद, ग्रामीणों ने निजी साधनों से घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए ड्यूटी पर मौजूद डक्टरों ने उन्हें आगे के इलाज के लिए रेफर कर दिया।समाचार लिखे जाने तक सभी घायलों की हालत गंभीर बनी हुई थी। इस घटना से जहां क्षेत्र में चिंता का माहौल है, वहीं मौके पर सरकारी एंबुलेंस के न रुकने पर कई सवाल खड़े हो गए हैं।

धोखे से बुलाकर युवक को पेड़ में बांधकर पीटा

नाथनगर (एसएनबी)। महुली थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत छितहीं में एक युवक को मोबाइल फोन करके मंगलवार की शाम को धोखे से गांव के पूरब 500 मीटर की दूरी पर स्थित पोखरी पर बुलाया और पेड़ में बांधकर आधा दर्जन से अधिक लोगों ने उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। घटना की सूचना परिजनों को हुई तो वह मौके पर पहुंच गए तभी हमलावरों ने उनको भी मारपीट कर घायल कर दिया। जाते समय हमलावरों ने जान-माल की धमकी भी दिया। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताई जाती है। ग्राम छितहीं निवासी हरिश्चन्द्र पुत्र पंचू ने बताया कि वह मंगलवार को दोपहर के बाद खेत में काम करने चला गया था। इस दौरान घर पर उसका लड़का अमन कुमार घर पर था। इसी दौरान गांव के ही एक युवक ने फोन करके उसे पोखरे की तरफ आने के लिए कहा। दोस्ती की वजह से वह अकेले घर से पोखरी पर चला गया जैसे ही वह पोखरी पर पहुंचा वहां मौजूद आधा दर्जन से अधिक लोग उसे घेर लिए और पेड़ में बांध कर बेरहमी से पिटाई कर दी। घटना की सूचना पर पिता हरिश्चन्द्र भी वहां पहुंच गए। हमलावरों ने उन्हें भी मारपीट कर घायल कर दिया और जान-माल की धमकी देते हुए फरार हो गए। घटना को लेकर गांव में दोनों पक्षों के बीच तनाव व्याप्त है। घटना की मौखिक सूचना पुलिस को दे दी गई है। इस संबंध में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष महुली रजनीश राय ने बताया कि उन्हें इस तरह की कोई लिखित सूचना नहीं मिली है सूचना मिलने पर जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

मारपीट की घटना में पति-पत्नी नामजद

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के कड़जी रूस्तमपुर गांव में मंगलवार की शाम जमीनी विवाद को लेकर दो सगे भाईयों के बीच हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने पति-पत्नी के विरूद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज कर घायल को पुलिस अभिरक्षा में चिकित्सीय परीक्षण के लिए सीएचसी हैंसर बाजार भेज दिया है। घटना के संबंध में पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के कड़जी रूस्तमपुर गांव निवासी इकबाल अहमद पुत्र फैय्याज अहमद ने बताया कि 15 जुलाई की शाम को जमीनी विवाद को लेकर उसके सगे भाई सेराज अहमद पुत्र फैय्याज अहमद अपनी पत्नी इमराना खातून पत्नी सेराज अहमद ने साथ मिलकर उसे भद्दी-भद्दी गालियां देने लगे। उसने गाली देने का विरोध किया तो उक्त पति-पत्नी उसे जान से मार देने की धमकी देते हुए पटक दिए और लात-मूका तथा लाठी-डंडे से मारपीट कर घायल करने के बाद जानमाल की धमकी देते हुए फरार हो गए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने सेराज अहमद और उसकी पत्नी इमराना खातून के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 115 (2), 351 (3),352 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही नामजद हमलावरों को गिरफ्त में लेकर उनके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

विकास कार्यो का ईओ ने किया निरीक्षण

डुमरियागंज(एमएनबी)। नपं डुमरियागंज अधिशासी अधिकारी सचिन कुमार पटेल ने डुमरियागंज नगर पंचायत में चल रहे विभिन्न विकास कार्यो का बुधवार को नगर पंचायत जेई के साथ गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बैदौलागढ़ में स्थित पोखरे और मंगल भवन में बन रही सीसी सड़क का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान ईओ सचिन कुमार पटेल ने

नगरवासियों से भी बातचीत की। उन्होंने आश्वासन दिया कि नगर में लंबित पड़े सभी कार्यो को जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा और विकास कार्यो के माध्यम से डुमरियागंज की तस्वीर बदलती नजर आएगी। नगरवासियों ने भी ईओ के इस कथन पर अपनी सहमति जताई।पटेल ने नगर में चल रहे टीकाकरण अभियान और शाहपुर स्थित ठाकुरद्वारा मंदिर पर हो रहे कार्यो का भी निरीक्षण किया। उन्होंने विशेष रूप से नगर में जगह-जगह हो रहे जल जमाव की समस्या पर ध्यान केंद्रित करते हुए बताया कि जल निकासी का कार्य युद्ध स्तर पर कराया गया है और शेष बचे कार्यो को भी तेजी से पूरा किया जा रहा है।अधिशासी अधिकारी ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य शासन की मंशा के अनुरूप नगरवासियों को नगर पंचायत की सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है, ताकि डुमरियागंज को एक नया और बेहतर स्वरूप मिल सके।

एक बोरी नेपाली शराब बरामद

बढ़नी (एसएनबी)। एसएसबी के मलगहिया समवाय की टीम द्वारा एक बाइक पर बोरी में भरकर नेपाल लाये जा रहे नेपाली शराब को बरामद किया गया है। पकड़े गए अभियुक्त को मय शराब एवं वाहन ढेबरुआ पुलिस के सुपुर्द कर दिया। बर्डर पिलर संख्या 570 के निकट से पकड़े गए उक्त बोरी में 240 अदद कैलाली ब्रांड नेपाली शराब मिला।एसएसबी के निरीक्षक ने बताया कि बाइक पर लदे बोरी में बरामद शराब, प्लेटिना बाइक तथा अभियुक्त का चालान करते हुए उन्हें ढेबरुआ पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। अभियुक्त का नाम कृष्णा पुत्र कल्लू,निवासी ग्राम घरूआर बताया गया है।गश्ती टीम में एसआई अशोक कुमार, एएसआई मनोज कुमार, हेकां सी बसंत, बिनोद, शैलेष, अमित तथा एसआई अनिरुद्ध सिंह,धीरेन्द्र, मनीष शामिल रहे।

पेट्रोल पंप का विधायक ने किया उद्घाटन

बानगंगा(एमएनबी)। शोहरतगढ़ विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत चिल्हियापल्टा देवी मार्ग पर स्थित ग्राम पंचायत टेकनार में उर्मिला फिलिंग स्टेशन पेट्रोल पंप के उद्घाटन मुख्य अतिथि शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने फीता काट किया। पेट्रोल पंप के प्रोपराइटर अजय कुमार द्विवेदी ने शोहरतगढ़ विधायक व अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि अग्रवाल का स्वागत किया। इस दौरान विधायक, रवि अग्रवाल, अजय कुमार द्विवेदी, राम प्रकाश दूबे,संत राम दूबे, अमित दूबे,ब्लक प्रमुख बेलहर कला भूपेंद्र सिंह,राजेश्वर उर्फ राजू,राजकुमार भट्ट, आशीष पाण्डेय, हरीश वर्मा, रामदास मौर्य विपिन सोनी आदि लोग मौजूद रहें।

पेड़ पौधे है तो धरा पर है जीवन

मथौली बाजार(एसएनबी) विकास खण्ड मोतीचक अंतर्गत ग्राम पंचायत पकड़ी मदरहां में समाजसेवी भीम सिंह द्वारा श्एक पेड़ माँ के नाम श्के तहत सैकडों पौधे लगाए गए। इन पौधों में आम,अमरूद,नीम,पाकड़ ,जामुन,पीपल,बरगद आदि पौधे रहे। सभी लोगों ने पौधों को संरक्षित रखने का संकल्प किया। इस मौके पर श्री सिंह ने कहा कि पौधे है तो इस धरातल पर जीवन है हम सभी को मिलकर अधिक से अधिक पौधे लगाना चाहिए।इस दौरान गांव के अन्य पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे।

इस्लाम में दिखावे की कोई गुंजाईश नहीं

बेवाँ(एमएनबी)। डुमरियागंज के हल्लौर स्थित इमामबारगाह शाह आलमगीर सानी में अंजुमन गुलदस्ता मातम द्वारा आयोजित अशरा (दस दिवसीय) मजलिस की नौवीं मजलिस में मंगलवार की देर रात मौलाना तस्दीक हुसैन जैदपुर ने इस्लाम के मूल सिद्धांतों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ष्दीन-ए-इस्लाम हमें सिखाता है कि कोई भी ऐसा अमल न हो जिससे किसी भी इंसान को तकलीफ हो। यदि ऐसा होता है तो वह शख्स दायरे इस्लाम से बाहर है। इस्लाम प्रेम, अहिंसा, आपसी भाईचारा और इंसानियत सिखाता है। मौलाना जैदपुर ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि शोहदा-ए-कर्बला की शहादत का मुख्य उद्देश्य पूरी दुनिया में इस्लाम के सिद्धांतों सहित इंसानियत और अमन का प्रसार करना था। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दिखावा इस्लाम का नाम नहीं है। मौलाना ने फरमाया, ष्मजलिस-ए-इमाम हुसैन हमें अनुशासन, सब्र, जुल्म के खिलाफ आवाज उठाना, मजलूमों की हिमायत करना और इंसानियत पसंद होने की सीख देती है।ष्उन्होंने बताया कि अजादारों के लिए मजलिस-ए-हुसैन एक नायाब तोहफा है, जो उन्हें इमाम हुसैन के आदर्शो पर चलने की प्रेरणा देती है। मजलिस के अंत में मौलाना ने इमाम हुसैन और शोहदा-ए-कर्बला की शहादत के मसाएब पढ़े, जिसे सुनकर उपस्थित लोगों की आँखें नम हो गईं और पूरा माहौल गमगीन हो गया। मजलिस की शुरुआत शाहिद आलम और उनके साथियों ने मर्सिया से किया।इस मौके पर अंजुमन गुलदस्ता मातम के सदर काजिम रजा, सेक्रेटरी इंतजार हैदर शबाब, और अन्य सदस्य जैसे सुल्तान मेहंदी, शमशाद आलम, नवरो, जमाल हैदर, मोहम्मद मेहंदी, आदिल रिजवी, हसन अब्बास, शबीह आलम, संजू नेमत, जलाल अहमद, हनी, वफादार, महफूज, रिंकू, आबिद, राशिद, कामयाब सहित बड़ी संख्या में अजादार उपस्थित रहे। इस मजलिस ने इस्लाम के शांति और मानव सेवा के संदेश को फिर से स्थापित किया।

शिक्षा जरूरी : डा.डीएस

अहिरौली राजा (एसएनबी)। नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा ‘पढ़ेगा कुशीनगर, बढ़ेगा कुशीनगर’ की भावना के साथ जन सहयोग से चलाये जा रहे शिक्षण सामग्री वितरण कार्यक्रम के क्रम में हाटा विकास खण्ड स्थित प्राथमिक विद्यालय अहिरौली राय में विद्यार्थियों को कापी, कलम, पेंसिल, रबर, कटर आदि शिक्षण सामग्री प्रदान कर पढ़ने व आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित किया गया। पूर्व प्राचार्य डा. दया शंकर तिवारी ने विद्यार्थियों से शिक्षण सामग्री का सदुपयोग करने की बात कही। वरिष्ठ होमियोपैथिक चिकित्सक डा. नित्यानांद श्रीवास्तव ने बच्चों को शिक्षा के माध्यम से आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया।

कार्यक्रम का संचालन सचिव डा. हरिओम मिश्र, स्वागत प्रधानाध्यापक मोहम्मद नसरुद्दीन एवं आभार पूर्व शाखा प्रबंधक नरेंद्र नाथ त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर हृदयानंद पांडेय, राजीव नयन द्विवेदी, इंद्र कुमार मिश्र, देवानंद गौड़, धर्मेद्र गौड़, कुलसुम बेगम, सीता वर्मा, रीमा सिंह, प्रीति त्रिपाठी, रियाजुद्दीन अंसारी, रमावती देवी, सुभावती देवी, मीरा देवी आदि उपस्थित रहे।

आठवीं बार विद्यालय में हुई चोरी,केस दर्ज नही

पिपरा कनक (एसएनबी)। पटहेरवा थाना क्षेत्र के पिपरा कनक बोदा टोला गांव मे स्थित प्राथमिक विद्यालय में चार साल में आठवी बार हुई चोरी ने विद्यालय की पूरी व्यवस्था को ही ध्वस्त करके रख दिया है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक के द्वारा बार-बार विद्यालय में चोरी की तहरीर स्थानीय पुलिस को दिए जाने के बाद भी पुलिस द्वारा मुकदमा आज तक दर्ज नहीं किया गया जिससे चोरों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी तमकुहीराज राकेश प्रताप सिंह से संपर्क करना चाहा परन्तु उनका फोन नहीं उठा ।

10 किलो गांजा सहित दो तस्कर गिरफ्तार

करमैनी बाजार (एसएनबी)। पुलिस ने बुधवार की सुबह फोरलेन पर स्थित महुअवा गांव के सामने वाहन चेकिंग के दौरान लग्जरी कार से 10 किलो अवैद्य गांजा बरामद करते हुए चालक सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस लग्जरी कार सहित अवैद्य गांजा कब्जे में लेते हुए गिरफ्तार दोनों तस्करों के खिलाफ एन डी पी एस एक्ट के तहत केस दर्ज कर विधिक कार्रवाई में जुट गई है। बरामद गांजा की कीमत 2 लाख 50 हजार बताई जाती है। थानाध्यक्ष पटहेरवा विनय कुमार मिश्रा ने बताया कि बुधवार की सुबह फोरलेन पर महुअवा कांटा गांव के सामने वाहन चेकिंग के दौरान गोरखपुर की तरफ से एक लग्जरी कार आती दिखी।पुलिस टीम उसे रोकने का प्रयास किया तो चालक कार सहित भागने लगा। पीछा कर उसे रोक लिया गया। जांच के दौरान बीच के शीट के नीचे 16 पैकेट अवैद्य गांजा बरामद हुआ। कार सहित बरामद अवैद्य गांजा कब्जे में लेकर पुलिस आरोपी तस्करों डींगर बाग उर्फ रकी बाग पुत्र खगेश्वर निवासी सिंघहटी मल थाना तूसरा जनपद बलांगिर उड़ीसा व पदमलोचन पुत्र भजमल निवासी भगबहली थाना तूसरा जनपद बलांगीर उड़ीसा के खिलाफ एन डी पी एस एक्ट के तहत पुलिस ने केस दर्ज कर विधिक कार्रवाई में जुटी है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष पटहेरवा विनय कुमार मिश्र ,उपनिरीक्षक मनोज वर्मा चौकी प्रभारी फाजिलनगर, उपनिरीक्षक अनुराग यादव, का0 अर्जुन खरवार,मुलायम यादव आदि पुलिस टीम में शामिल रहे ।

नाबालिग युवती को भगाने में पिता-पुत्र पर केस

करमैनी बाजार (एसएनबी)। पटहेरवा थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने तुर्कपट्टी थाना थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक पर इनकी 14 वर्षीय बेटी को बहलाकर फुसला कर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। उक्त थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी एक महिला ने पटहेरवा पुलिस को दिए तहरीर में बताया था कि 12 जुलाई की दोपहर बाद 4 बजे इनकी 14 वर्षीय नाबालिग पुत्री को तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के गांव जमुआन निवासी सूरज प्रसाद ने बहला फुसलाकर भगा ले गया। उसके घर पूछताछ करने पर आरोपी के पिता ने एक दिन में लड़की को बुलाने की बात कही लेकिन अब गाली गलौज देने के साथ ही मारपीट की धमकी दे रहे है।महिला का आरोप है कि इनकी बेटी बकरी बेच कर रखे गए 20 हजार रुपए भी अपने साथ लेती गई है। पुलिस ने आरोपी सूरज व उसके पिता संजय प्रसाद के खिलाफ मंगलवार को अपहरण व धमकी की धाराओं के तहत केस दर्ज कर विधिक कार्रवाई में जुट गई है।

विवाद में चचेरे ससुर की हत्या, आरोपी बहू हिरासत में

जटहा बाजार। थाना क्षेत्र जटहा बाजार के कटाई भरपुरवा ग्राम पँचायत में बुधवार को एक विवाद के बीच गुस्साई बहु ने चचेरे ससुर को मौत के घाट उतार दिया। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अपनी टीम के साथ मौके पर पहुँच गए और शव को अपने कब्जे में लेते हुए आरोपी बहु को घर से ही गिरफ्तार कर लिया। कटाई भरपुरवा गाँव के मंसाछापर उर्फ डोम टोला निवासी जंत्री यादव पुत्र स्व. राजबली (उम्र करीब 58) का अपने पड़ोसी व पटीदार भाई के लड़के राजकुमार से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। ग्रामीणों के अनुसार तीन दिन पूर्व में जमीन में बोए गये कोहड़े को लेकर कुछ कहासुनी के साथ मामूली झड़प भी हो गयी थी। बुधवार को भी उक्त दोनों जंत्री और भतीजे राजकुमार व पत्नी रीना देवी की आपस मे एक दूसरे से कहासुनी हो गयी। विवाद बढ़ने के बीच ही भतीजे राजकुमार की पत्नी रीना ने लाठी अपने चचेरे ससुर के सिर पर चला दी। चोट लगते ही वो जमीन पर गिर पड़े और कुछ ही देर में उनकी मृत्यु हो गयी। घटना की खबर मिलते ही जटहा थाने की पुलिस मौके पर पहुँचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया और आरोपी बहु को भी मौके से गिरफ्तार कर लिया। इस बाबत एसओ जटहा बाजार के सीयूजी नम्बर पर कॉल रिसीव नहीं होने से पुलिस के पक्ष की जानकारी खबर लिखे जाने तक नहीं मिल सकी किन्तु विशेष जानकारी के अनुसार शव परीक्षण हेतु विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए जिला मुख्यालय स्थित पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

बच्चों ने निकाली रैली

सिसवा-महंथ (एसएनबी)। सर्व शिक्षा अभियान के तहत जिलाधिकारी/बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर नगर पालिका परिषद कुशीनगर अंतर्गत वार्ड संख्या 11 विवेकानंद नगर स्थित कंपोजिट विद्यालय के छात्र छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान शिक्षकों ने अभिभावकों से संपर्क कर बच्चों का नामांकन कराने और पुराने बच्चों को स्कूल आने के लिए प्रोत्साहित किया।आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक श्रीराम चंद्र सिंह ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं। अभिभावक अपने बच्चों को समय से विद्यालय पढ़ने के लिए भेजें। इस दौरान शिक्षक ब्रजेन्द्र शाही, ओंकार सिंह, कमलेश कुमार कुशवाहा, दीपिका सिंह, अनीता साहनी, राजेंद्र प्रसाद, आंगनवाड़ी कार्यकत्री और सहायिका, छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

मां के नाम एक पौधे का रोपण जरुर करें

हाटा/पिपरही (एसएनबी)। स्थानीय वन रेंज कार्यालय परिसर में वनाक्षेत्राधिकारी अमित कुमार श्रीवास्तव द्वारा एक पेड़ मां के नाम दूसरे चरण के अभियान के तहत राजकीय वृक्ष सीता अशोक रोपण किया गया। इस दौरान वनाक्षेत्राधिकारी अमित कुमार ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा हर नागरिक का कर्त्तव्य है। क्योंकि बिना पर्यावरण की सुरक्षा के बिना जीवन की कल्पना करना कबन्ध मात्र है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील किया कि हर व्यक्ति एक पेड़ मां के नाम पर जरुर लगायें। क्योंकि जननी और जन्म भूमि दोनों महान है एक हमें जन्म देती है तथा दूसरे से हमारा पालन पोषण होता है। उन्होंने यह भी सलाह दिया कि अपने जन्म दिन पर भी पौधा रोपण करे। इस अवसर पर अनिल कुमार, भगवान राम, वी.के. सिंह, इन्द्रजीत, अब्दुल आलम सहित अन्य वन कर्मियों ने मां के नाम एक वृक्ष का रोपण किया।

विवाद को पुलिस सुलझा ली होती तो नहीं होती जंत्री की मौत

जटहा बाजार(एसएनबी)। थाना क्षेत्र के कटाई भरपुरवा गाँव मे एक जमीनी विवाद को लेकर पहले कुछ कहा सुनी हुयी फिर बढ़ते विवाद में परिवार के मुखिया जन्त्री यादव की सिर पर चोट लगने से मौत हो गयी। मौत की खबर लगते ही परिवार में मातम पसर गया। कुछ देर बाद मौके पर पहुँची पुलिस कार्यवाही में जुट शांति व्यवस्था कायम की उसके बाद शव को अन्त्य परीक्षण कराये जाने की प्रक्रिया मर जुट गयी।

आये दिन जमीनी विवाद व घरेलू विवादों के कारण परिवार में किसी न किसी सदस्य की मौत हो जा रही है जबकि घरेलू विवाद व जमीनी विवाद जैसी समस्याओं के समाधान के लिये ही स्थानीय थाना स्तर पर एवं तहसील स्तर पर ऐसे विवादों के निस्तारण के लिये उत्तर प्रदेश शासन ने समाधान दिवस का आयोजन कर रखा है लेकिन ये समाधान दिवस व्यवधान दिवस का रूप लेते जा रहे हैं। इसकी बानगी तब देखने को मिलेगा जब समाधान दिवसों की वास्तविक मनिटरिंग की जायेगी। यदि ऐसे विवादों का समाधान स्थानीय गाँव समाज, पुलिस प्रशासन व राजस्व के जिम्मेदार लोगों द्वारा समय रहते हो जाया करता तो बुधवार को जटहा बाजार थाना क्षेत्र के कटाई भरपुरवा निवासी जन्त्री यादव की अपने ही भतीजे की पत्नी द्वारा हत्या नहीं हुयी होती लेकिन मामूली सी जमीनी विवाद ने परिवार के एक सदस्य की जान ले ली। खैर, अब तो जिसके घर के बाप व विधवा बनी पत्नि के पति की मामूली सी विवाद में मौत हो गयी उसके शेष परिजनों की क्या हालत होती होगी ये उस घर परिवार के लोग ही जानते होंगे बल्कि प्रशासन को क्या मतलब।

कृषि यंत्रों का प्रयोग कर समय व श्रम की होगी बचत

हाटा (एसएनबी)। न्यू इण्डिया सुगर मिल्स ढाढा बुजुर्ग के गन्ना परिक्षेत्र में लखीमपुर जिले के गोविन्द सुगर मिल्स लिमिटेड ऐरा के प्रगतिशील किसानों का एक दल पहुंचा तथा भ्रमण कर गन्ना कृषि यंत्रीकरण से सम्बन्धित आधुनिक तकनीकि व उपकरण का अवलोकन किया। चीनी मिल के अधिशासी अध्यक्ष करन सिंह ने बताया कि गन्ना कृषि यंत्रों के प्रयोग से न केवल श्रमिकों की कमी की समस्या दूर होगी बल्कि समय की बचत के साथ-साथ लागत में कमी व ऊपज में बढोत्तरी होगी। उन्होंने कहा कि ढाढा चीनी मिल द्वारा गन्ने की खेती में वैज्ञानिक तकनीकि को किसानों तक पहुंचाने के लिए कृषि तकनीकि सेवा प्रदाता के माध्यम से अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसमें बुवाई गुड़ाई, कटाई, छिलाई, लदाई आदि कार्यो में उपकरणों की सहायता से किसान अपना आर्थिक उन्नत करेगें। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश गन्ना किसान संस्थान पिपराईच गोरखपुर के पूर्व सहायक निदेशक एवं गन्ना विशेषज्ञ ओम प्रकाश गुप्ता ने लखीमपुर के किसानों से गन्ना उत्पादन के विषय में जानकारी प्राप्त किया। कार्यक्रम में चीनी मिल के उपाध्यक्ष रविन्द्र

राशिफल/पंचांग

बृहस्पतिवार, 17 जुलाई, 2025

पं. कृष्ण गोपाल मिश्र



दैनिक सूर्योदय : दिल्ली-प्रातः 05:34, काशी-प्रातः 05:17, कानपुर-प्रातः 05:26, पटना-प्रातः 05:08, देहरादून-प्रातः 05:27, गोरखपुर-प्रातः 05:13, लखनऊ-प्रातः 05:23 बजे। **दैनिक सूर्यास्त :** दिल्ली-सायं 07:20, काशी-सायं 06:50, कानपुर-रात्रि 07:03, पटना-सायं 06:42, देहरादून-रात्रि 07:20, गोरखपुर-सायं 06:51, लखनऊ-रात्रि 07:01 बजे। **दैनिक चंद्रोदय :** दिल्ली-रात्रि 11:30, काशी-रात्रि 11:10, कानपुर-रात्रि 11:20, पटना-रात्रि 11:01, देहरादून-रात्रि 11:25, गोरखपुर-रात्रि 11:07, लखनऊ-रात्रि 11:17 बजे। **दैनिक चंद्रास्त :** दिल्ली-पूर्वा. 11:48, काशी-पूर्वा. 11:21, कानपुर-पूर्वा. 11:33, पटना-पूर्वा. 11:12, देहरादून-पूर्वा. 11:45, गोरखपुर-पूर्वा. 11:21, लखनऊ-पूर्वा. 11:31 बजे। राहुकाल 13:30 बजे से 15:00 बजे। राष्ट्रीय आषाढ़ 26, शक् संवत् 1947। श्रावण कृष्ण सप्तमी, संवत् 2082, सौर (मिथुन) श्रावण मास की 01, प्रविष्टें। मोहर्रम 21, हिजरी 1447 (मुस्लिम)। वर्षा ऋतु। श्रावण कृष्ण पक्ष सप्तमी रात्रि 07:10 बजे तक, तदन्तर अष्टमी तिथि शुरु। रेवती नक्षत्र अर्द्धरात्रियोत्तर 03:39 बजे तक, तदन्तर अश्विन नक्षत्र शुरु। अतिगण्ड योग प्रातः 09:29 बजे तक, तदन्तर सुकर्मा योग शुरु। चन्द्रमा मीन राशि का पूर्ण भोगकर अर्द्धरात्रियोत्तर 03:39 बजे मेष राशि में प्रवेश करेगा। पंचक (पचखा) समाप्त अर्द्धरात्रियोत्तर 03:39 बजे, भद्रा समाप्त प्रातः 08:06 बजे तक।

-- दैनिक राशिफल --

मेष : कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होगी। सामान्य दिनचर्या के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। परिजनों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होंगे। संतान संबंधित दायित्वों की पूर्ति होगी।

बृषभ : भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय संभव। पुराने संबंधों से लाभ संभव। दुविधाओं को त्याग सही एवं स्वच्छ योजनाओं पर केंद्रित हों। जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव।

मिथुन : सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घरेलू दायित्वों पूर्ति हेतु सक्रियता से आपकी महत्ता बढ़ेगी। कठिन एवं विषम परिस्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

कर्क : महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। परिजनों से किसी प्रकार की शिकायत पर खुलकर बात करें। निकट संबंधों में मधुर वाणी का प्रयोग करें। आवेश व उच्छृंखलता पर नियंत्रण रखें।

सिंह : कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित साधन व्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा। प्रयासरत् क्षेत्रों में संघर्ष संभव परन्तु निराशावादी विचारों को मन में स्थान न दें।

कन्या : कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होंगी। अंतर्मुखी स्वभाव को त्याग बाह्यमुखी बनायें। नौकरी में अधिकारियों का सहयोग मिलेगा।

तुला : किसी नई दिशा में सकारात्मक सोच रंग लायेगी। पारिवारिक वातावरण उत्साहित होगा। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का एहसास होगा।

वृश्चिक : कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कार्यो में व्यस्तता बढ़ेगी। परिजनों के भावनात्मक सहयोग से मन उत्साहित होगा। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य पूर्ति होने के आसार बनेंगे।

धनु : सगे-संबंधियों के बीच मधुरता कायम रखें। कुछ महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता से नये उत्साह का संचार होगा। सामाजिक एवं मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागेदारी संभव। घर में खुशहाली रहेगी।

मकर : कार्यक्षेत्र में सगे-संबंधों का भरपूर लाभ मिलेगा। राजनीतिज्ञों के साथ निकटता बढ़ेगी। विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। हंसमुख स्वभाव से आसपास के वातावरण में प्रसन्नता बिखेरेंगे।

कुंभ : नवीन आशाएं नये उत्साह का संचार करेंगी। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होंगे। कार्यक्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी। शिक्षा में समुचित परिश्रम करने में असमर्थ मन नकारात्मक चिंताओं से बोझिल होगा।

मीन : निकट संबंधों के बीच भावनात्मक तालमेल बिठाकर चलें। तामसी व गैर सांस्कारिक कार्यों की ओर आकर्षित मन पर अंकुश लगायें। नकारात्मक चिंताओं का त्याग कर अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें।

फागू बाबा मजार ध्वस्त किए जाने के विरोध में सपाइयों का धरना

सिद्धार्थ नगर(एमएनबी)। डुमरियागंज क्षेत्र में स्थित फागू बाबा के मजार को प्रशासन द्वारा बुलडोजर लगाकर ध्वस्त कराए जाने का आरोप लगाते हुए समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष लालजी यादव व डुमरियागंज की विधायिका सैय्यदा खातून के अगुवाई में सपाई सड़क पर उतर आए पार्टी के जिला कार्यालय से भाजपा सरकार के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंचकर धरने पर बैठ गए।

अल्प संख्यकों को निशाना बनाने का कार्य कर रही है भाजपा सरकार : सैय्यदा

संबोधित करते हुए विधायिका सैय्यदा खातून ने फागू बाबा का मजार 105 वर्ष पुराना है, जिसमें हिंदू मुस्लिम दोनों सम्प्रदाय के लोगों की आस्था रहती है,जिसे प्रशासन द्वारा मंगलवार की भोर में बुलडोजर लगाकर ध्वस्त करा दिया गया,जिससे लोगों में आक्रोश है उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में पूरे प्रदेश में अराजकता एवं जंगलराज है।मुस्लिमों को निशाना बनाया जा रहा है। अल्पसंख्यकों के ऊपर अत्याचार की घटनाएं तथा उनके इबादतगाहों को निशाना बनाया जा रहा है। आज भी सड़क के किनारे छोटे-छोटे मन्दिर एवं मजार हैं जो आपसी भाईचारा एवं सौहार्द का प्रतीक है. परन्तु प्रदेश की भाजपा सरकार अल्पसंख्यकों के इबादतगाहों को गिराने का एकपक्षीय कार्यवाही करने का काम कर रही है जो एक वर्ग विशेष के विरूद्ध अन्याय पूर्ण कार्य है। उन्होंने कहा कि डुमरियागंज क्षेत्र के बदलिया में स्थित फागू शाह बाबा की 105 वर्षो से स्थित मजार जो हिन्दू और मुस्लिम एकता के आस्था के प्रतीक को मनमानी एवं अन्यायपूर्ण रूप से बिना नोटिस दिए गिरा दिया गया, जो कि पूरी तरह नियम विरुद्ध एवं असंवैधानिक है। उक्त गाटा संख्या1052 (क) विद्यालय तथा 1052 (ख) मजार बाबा फागूशाह सीएच-4 (चकबन्दी) 1359, फसली गाटा सं0-1237, 2080 यह पशुचर नहीं है और यह जमीन जमींदारों की थी। इसी में बाबा फागूशाह की मजार स्थित है। जमींदारी के जेए (चकबन्दी) धारा-9 में यह प्राविधान है कि 1950 के पहले भवन, जमीन, पेड़, कुंआ आदि है तो उसे हटाया नहीं जायेगा और यथास्थिति कायम रहेगी। राजस्व संहिता 2006 धारा 4 जेडए धारा 9 की पुष्टि करता है। जिलाध्यक्ष लालजी यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी भाजपा सरकार के इस त्य को कत्तई बर्दाश्त नहीं करेगी।इस मामले को लेकर समाजवादी पार्टी कानूनी लड़ाई लड़ेगी।इस अवसर पर पूर्व विधायक विजय पासवान, सोनू यादव, कलाम सिद्दीकी,अनिरुद्ध यादव,राम मिलन भारती,राम सेवक लोधी,राकेश कुमार यादव,धीरू यादव, रिंधु पासवान,जोखन चौधरी सहित कई सपाई उपस्थित रहे।सपाइयों के धरना प्रदर्शन को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा कलेक्ट्रेट पर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए थे,कई थानों की फोर्स के अलावा पीएसी जवानों को तैनात कर दिया गया था।

कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन करते सपाई। फोटो : एसएनबी

लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं से दहशत में लोग

भवानीगंज(एमएनबी)। क्षेत्र के कई स्थानों पर बीते तीन दिनों के अंदर हुये कई सड़क दुर्घटनाओं से लोग सहमें हैं।आपको बताते चलें कि क्षेत्र बीते तीन दिनों के भीतर दुर्घटना में केवटली नानकार की एक महिला की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई थी,उसके बाद कावड़ियां में गई भड़रिया गांव की चार लड़कियां वापस आते समय क्षेत्र के भिटौरा के पास एक ट्रक की चपेट में आने से घायल हो गईं जिसमें एक कि हालत गम्भीर है,ऐसा ही एक हादसा बुधवार को भी भड़रिया पुलिस बूथ चौराहे के समीप हुआ जहां मोटरसाइकिल सवार मासूम सहित एक अन्य पिकअप की चपेट में आने से घायल हो गये जिसमें तीन वर्षीय मासूम को ज्यादा चोटें आईं हैं।

संक्षिप्त खबरें

दुर्घटना में बालक सहित दो घायल

भवानीगंज(एमएनबी)। भवानीगंज थाना क्षेत्र के भड़रिया पुलिस बूथ के समीप डुमरियागंज चन्द्रीपघाट मार्ग पर मोटरसाईकिल और पिकअप में जोरदार टक्कर हो गई जिससे मोटरसाईकिल सवार घायल हो गये।मिली जानकारी के अनुसार अजय शर्मा पुत्र अज्ञात अपने साथ तीन वर्षीय राज पुत्र जागराम निवासी खुटिहन जनपद गोण्डा को लेकर कहीं रिश्तेदारी में जा रहे थे तभी उक्त स्थान पर पिकअप से जोरदार टक्कर हो गई जिसमें तीन वर्षीय बालक को गंभीर चोटें आईं।घटना देख आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और घटना की जानकारी भवानीगंज पुलिस को दी गई,सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।घटना की जानकारी घायल के परिजनों को दी गई,सूचना पाकर वह लोग भी पहुंचे घायल के परिजन और पिकअप चालक घायलों को इलाज के लिये गोण्डा लेकर चले गये।

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

बेवाँ(एसएनबी)।डुमरियागंज थाना क्षेत्र के ग्राम बगडीहवा निवासी विजय पाल (35) पुत्र राम सिद्ध की सोनहा थाना अंतर्गत रामनगर स्कूल के पास एक अज्ञात वाहन की टक्कर से सड़क हादसे में दुखद मौत हो गई।ग्राम प्रधान बगडीहवा, ओम प्रकाश वर्मा से मिली जानकारी के अनुसार, विजय पाल बुधवार को अपनी मां को लाने के लिए अपनी ननिहाल सोनहा थाना अंतर्गत धधरैया जा रहे थे। मृतक अपनी हीरो स्प्लेंडर बाइक से थे जब यह दुर्घटना हुई। आसपास के लोगों ने उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेवाँ पहुंचाया, जहां डक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही डुमरियागंज पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई में जुट गई। इस दर्दनाक हादसे की खबर जैसे ही गांव बगडीहवा पहुंची, पूरे गांव में सन्नाटा पसर गया। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक अपने पीछे अपनी पत्नी, एक लड़का और दो छोटी बच्चियां छोड़ गए हैं। इस हृदयविदारक घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।

गर्भावस्था के दौरान चिकित्सीय सलाह जरूरी: डा.शैलेंद्र

भनवापुर(एमएनबी)। क्षेत्र के सीएचसी सिरसिया में बुधवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में 310 गर्भवती महिलाओं को चिकित्सीय इलाज व परामर्श दिया गया,जिसमें से 37 गर्भवती महिलाओं में उच्च जोखिम के लक्षण पाए गए तथा 36 गर्भवती महिलाओं में खून की कमी पाए जाने के कारण आयरन सुक्रोज की डोज दी गई।अधीक्षक डा.शैलेंद्र मणि ओझा ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान उच्च रक्त चाप,मधुमेह,फीटस के बेड़े होने,गंभीर एनिमिया,प्लेसेंटा का वित व नीचे होने से गर्भवती महिलाओं में जान का खतरा बना रहता है,इसलिए गर्भावस्था के दौरान पीएमएसएमए में चिकित्साधिकारी का चिकित्सीय परामर्श व इलाज बहुत जरूरी है। इस दौरान ड. एलबी यादव , ड अनवरूदीन ,विनय कुमार भारती , अजय पांडे , ज्योति , प्रेम कुमार त्रिपाठी,रुपम पाठक,सविता मौर्या,अर्चना चौधरी,कु. वर्षा सागर,रेखा पांडे,ष्ण गोपाल पांडे,रविंद्र कुमार,अश्वनी अग्रहरि आदि शामिल रहें।

कोई भी बच्चा टीकाकरण से न हो वंचित : डीएम

सिद्धार्थ नगर(एमएनबी)। जिलाधिकारी डा. राजा गणपति आर द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र कोड़रा ताल द्वितीय, विकास खण्ड जोगिया पर आयोजित बीएचएनडी दिवस का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने बीएचएनडी दिवस का किया निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एएनएम से गर्भवती महिलाओं की सभी प्रकार की जांच के बारे में जानकारी प्राप्त किया। गर्भवती महिलाओं की एचआरपी जांच के लिए एएनएम के पास स्ट्रिप उपलब्ध था।एमसीपी कार्ड पर आरसीएच नम्बर अंकित किया गया था। ड्यू लिस्ट अपडेट नहीं था, जिसपर जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये एएनएम द्वारा रूचि न लेने पर नोटिस निर्गत करने का निर्देश दिया। इसके साथ गर्भवती महिला, एचआरपी. (हीमोग्लोबिन) कम होने पर सीएचओ देवकी वर्मा द्वारा सही से निगरानी न किये जाने पर कड़ी व्यक्त करते हुए नोटिस निर्गत करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी द्वारा गर्भवती महिला से वार्ता कर बीएचएनडी दिवस पर दी जाने वाली जानकारी के बारे में पूछताछ किया। आंगनबाड़ी कार्यकत्री के सैम-मैम बच्चों का रजिस्टर देखा गया तथा सैम मैम बच्चों को पोषाहार का वितरण के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि बीएचएनडी दिवस में गर्भवती महिलाओ की गोदभराई, अन्नप्रासन्न कराये तथा पोषाहार का वितरण कराये। आंगनबाड़ी एवं आशा को निर्देश दिया कि गांव में घर-घर जाकर टीकाकरण से एक दिन पूर्व गर्भवती महिलाओ एवं बच्चों को सूचित करें। एएनएम को निर्देश दिया कि कोई भी बच्चा तथा गर्भवती महिला जांच एवं टीकाकरण से छूटना नही चाहिए।

राजस्व वाद एवं वसूली की हुई समीक्षा

जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर की अध्यक्षता एवं अपर जिलाधिकारी गौरव श्रीवास्तव एवं अपर जिलाधिकारी न्यायिक ज्ञान प्रकाश की उपस्थिति में राजस्व वाद एवं वसूली के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्विवाद वरासत एवं राजस्व वादों के निस्तारण आदि की समीक्षा की गयी। निर्विवाद वरासत की कोई प्रकरण लम्बित न रहे समय सीमा के अन्दर निस्तारण करायें, राजस्व निरीक्षक/लेखपाल के स्तर पर लम्बित होने पर उनको नोटिस निर्गत करें। बांसी एवं शोहरतगढ़ में राजस्व वादों के निस्तारण की समीक्षा की गयी। धारा-116 के 03 वर्ष से उपर के प्रकरणों को 15 अगस्त 2025 तक निस्तारित करायें। समस्त राजस्व अधिकारी प्रत्येक दिन कोर्ट में बैठकर 3 वर्ष से अधिक के सभी वादो का निस्तारण करने का निर्देश दिया। प्रतिदिन केस की सुनवाई करे। धारा 34 के 03 वर्ष से उपर के प्रकरणों को 25 अगस्त 2025 तक निस्तारित कराये। वरासत के प्रकरणों का समय सीमा के अन्दर निस्तारण कराने का निर्देश दिया। किसी भी धारा का 5 साल एवं 3 साल के उपर का कोई भी प्रकरण लम्बित नही होना चाहिए। अंश निर्धारण में प्रगति लाने का निर्देश दिया। धारा-24, धारा- 176, धारा-67, धारा-80 के अन्तर्गत प्रकरण पर कार्यवाही करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारी को निर्देश दिया कि हाट पैठ हेतु भूमि चिन्हित कर उपलब्ध कराये। खुर्रा बटवारा के प्रकरण निस्तारित कराये कोई भी प्रकरण लम्बित नही रहना चाहिए। सभी उपजिलाधिकारी प्रत्येक सप्ताह लेखपाल की समीक्षा करे। इसके साथ ही सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराकर उस पर पत्थर लगवाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने राजस्व वसूली बढ़ाकर लक्ष्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने आईजीआरएस के प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने का निर्देश दिया।

निरीक्षण करते जिलाधिकारी। फोटो : एसएनबी

रेलवे ने किया उसका में जमीन का सीमांकन

उसका बाजार(एसएनबी)। रेलवे विभाग उसका कस्बा में इन दिनों अपने जमीन को संरक्षित कर रहा है। इसी क्रम बुधवार को विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में पुराने टैक्सी स्टैंड से रानीगंज रेलवे क्रसिंग तक रेलवे की जमीन का सीमांकन लाल निशान लगाकर किया गया। ज्ञातव्य हो कि ससनी से कस्तूरबा गांधी विद्यालय तक सीमांकन के बाद बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य चल रहा है। राजस्वकर्मी कानूनगो गयादीन मौर्य, लेखपाल संजय पाण्डेय की टीम ने सीमांकन कार्य किया। उसका कस्बा एवं रानीगंज के कई दर्जन लोगों का मकान एवं दुकान रेलवे की सीमा में आ रहा है। इससे प्रभावित लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। उसका रेलवे स्टेशन के आसपास रेलवे की सैकड़ों बीघा जमीन है।

निकली स्कूल चलो अभियान की जागरूकता रैली

सिद्धार्थनगर(एमएनबी)। जनपद में चल रहे वृहद स्कूल चलो अभियान के तहत नौगढ़ ब्लक के कंपोजिट स्कूल लमतिहवाँ में रैली निकाली गई। खंड शिक्षा अधिकारी रामकुमार सिंह एवं सीडीपीओ गौरीशंकर यादव के नेतृत्व में विद्यालय के शिक्षकों और बच्चों ने गाजे बाजे के साथ सेवित क्षेत्र में घूम-घूमकर शिक्षा की अलख जगाई और संचारी रोगों से बचाव हेतु भी जागरूक किया। कंपोजिट स्कूल लमतिहवा में तिलकहना, अमारी ,फसादीपुर, झंडे नगर एवं दुपछोर जोत आदि टोलों के बच्चे पढ़ने आते हैं।रैली के बाद खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण करने के बाद बच्चों को फुल यूनिफार्म में नियमित विद्यालय आने एवं शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक वातावरण सृजन हेतु अभिप्रेरित किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक रामसुभग सहित बाबा सुमेरदास, नियाज अहमद, अरूण त्रिपाठी, देवेन्द्र त्रिपाठी, अमित द्विवेदी, संघशील झलक, प्रभाकर शुक्ला, संजीत कुमार, रोमा उपाध्याय, ममता श्रीवास्तव एवं मीना आदि उपस्थिति रहे।

भूमि विवाद, ले सकता है हिंसक रूप

औराताल(एमएनबी)।डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के कुशहटा गांव में जमीन संबंधी झगड़े को लेकर दो पक्षो में तनाव बना हुआ है और कभी भी बड़ी घटना घट सकती है। बताते चले की थाना क्षेत्र के रामवृक्ष रोड पर स्थित गाटा संख्या 38 में से एक पक्ष ने 30 साल पहले बैनामा लिया था। क्रेता ने खरीदी हुई जमीन में से कुछ जमीन तेज नारायण पांडेय आदि 5 लोगों को बैनामा कर दिया । रजिस्टर्ड बैनामा कराने के बाद भी खरीद दार अपनी जमीन पर काबिज नहीं हो पा रहे हैं। इस संबंध में तत्कालीन एसडीएम ने यथा स्थिति बनाए रखने का आदेश भी कर दिया था। इसके बावजूद भी दूसरे पक्ष ने उसमें धान की रोपाई कर दी है। जिससे दोनों पक्षों में तनाव की स्थिति बनी हुई है। जिलाधिकारी के आदेश पर मौके का मुआयना करने नायब तहसीलदार मौके पर पहुंचे और बताया कि ,स्थिति देखकर रिपोर्ट डीएम को सौंपी जाएगी।

शोक सभा का आयोजन

बर्डपुर (एमएनबी)।कुशीनगर हादसे में चार की मौत के सदमे से पूरा जनपद उबर नहीं पा रहा है।आज बर्डपुर ब्लक कार्यालय के समाने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। कुशीनगर में ग्राम विकास अधिकारी सुजीत जायसवाल,राजस्व निरीक्षक राम करन गुप्ता,शिक्षक कैलाश मणि त्रिपाठी व मनोज सिंह के मार्ग दुर्घटना में निधन पर दो मिनट का मौन रखकर शोक संवेदना व्यक्त की गई। विकास खंड के कर्मचारियों ने नम आंखों के बीच मौन रखकर नमन किया। अंत में दो मिनट का मौन रखकर सभी चारों के आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया। इस मौके पर बीडीओ विजय कुमार, एडीओ पंचायत माहेश्वर पांडेय,ग्राम विकास अधिकारी संगठन के जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता,ग्राम पंचायत अधिकारी संगठन जिलाध्यक्ष आशुतोष यादव,राजदीप मिश्रा,सन्नदन यादव, नागेन्द्र राव,अमन सोनी,अजहर,अंकित शुक्ला,मनोहर लाल बरनवाल,सफाई कर्मी मूलचंद,फूलचंद,सतवंत चौधरी सहित सभी कर्मी मौजूद रहे।

एफसीआई के महाप्रबंधक हेमन्त जैन ने किया निरीक्षण

सिद्धार्थनगर(एमएनबी)।भारत सरकार द्वारा महाप्रबंधक भारतीय खाद्य निगम पश्चिम बंगाल हेमन्त जैन, को आकांक्षी जनपद सिद्धार्थनगर में भारतीय खाद्य निगम के गोदाम, क्रय केन्द्र, उचित दर की दुकान तथा सीपीग्राम ध्पीजी पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थलीय सत्यापन हेतु नामित किया गया है।

महाप्रबंधक हेमन्त जैन 16 व 17 जुलाई को जिले के दो दिवसीय दौरे पर हैं। बुधवार को जनपद में आगमन के पश्चात सर्वप्रथम सीपीग्राम ध्पीजी पोर्टल पर आपूर्ति व विपणन विभाग द्वारा निस्तारित सन्दर्भो के लाभार्थियों से वार्ता किया गया, शिकायतकर्ताओं ६ लाभार्थियों द्वारा नियमानुसार निस्तारण होना बताया गया। तत्तपश्चात भारतीय खाद्य निगम के गोदाम का निरीक्षण के पश्चात ग्राम भगवानपुर विकास खण्ड़ बर्डपुर, तहसील नौगढ़ के उचित दर की दुकान पर निरीक्षण किया गया, जहां दुकान के स्वरूप आदि का सत्यापन के पश्चात दुकान से सम्बद्ध कार्डधारकों से उन्हें प्राप्त हो रहे खाद्यान्न आदि की जानकारी ली गयी। विकास खण्ड बर्डपुर में स्थित विपणन विभाग के गोदाम में स्थापित क्रय केन्द्र का भी निरीक्षण किया गया। मौके पर जिला पूर्ति अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी विजय कुमार, श्रीमती विन्ध्यवासिनी श्रीवास्तव पूर्ति निरीक्षक बर्डपुर, दीपक शुक्ला क्षेत्रीय विपणन अधिकारी, मुकेश कुमार वाणिज्य प्रबंधक भारतीय खाद्य निगम, अजय कुमार प्रबंधक भारतीय खाद्य निगम बर्डपुर व अन्य सम्बन्धित लोग मौजूद रहे।

निरीक्षण करते पश्चिम बंगाल के एफसीआई महाप्रबन्धक।

नेपाल -हिन्दी संवर्धन सम्मान से छात्र व शिक्षक सम्मानित

बढ़नी (एसएनबी)। काठमांडू स्थित विश्व भारती स्कूल के सभागार में हिंदी भाषा के संरक्षण व संवर्धन के निहितार्थ कार्यक्रम में 44 मेधावी छात्रों तथा 5 शिक्षकों को हिंदी संवर्धन सम्मान2025 से विभूषित किया गया।मुख्य अतिथि रहे भारतीय दूतावास के प्रथम सचिव वशिष्ठ नंदन ने कहा कि हिंदी एक समृद्ध भाषा है ।

नेपाल के हिंदी भाषी संचार समूह हिमालिनी पब्लिकेशन प्रालि द्वारा यह आयोजन किया गया। समारोह में 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में हिंदी विषय में 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित 44 छात्रों व हिंदी के प्रति उत्कृष्ट योगदान एवं कर्मठता हेतु 5 हिन्दी शिक्षकों को भी वशिष्ट अतिथि अनिल केडिया के हाथों सम्मानित किया गया। उक्त समारोह को संबोधित करते हुए दूतावास के प्रथम सचिव (पीआईसी) वशिष्ठ नंदन ने आयोजन को अनुकरणीय बताया। विशिष्ट अतिथि अनिल केडिया ने कहा कि यदि हिन्दी की शिक्षा हमे नहीं मिलती तो हम अधूरे होते हैं। अध्यक्षता कर रहे हिमालिनी के प्रबंध निदेशक ई. सच्चिदानंद मिश्रा ने सभी अतिथियों का आभार जताया ।समारोह में विभा लाल, ए जेराल्ड,दूतावास के ड धनेश द्विवेदी की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही। कार्यक्रम का बेहद सधा संचालन कार्यकारी संपादक डा. श्वेता दीप्ति ने तथा स्वागत उदबोधन संपादक कंचन झा ने किया।आयोजन को सफल बनाने में अंशु झा, लीलानाथ गौतम, शोभानन्द झा, राजनारायण यादव, सौम्या झा एवं एलिशा झा की महती भूमिका रही।

सम्मानित हुए शिक्षक व छात्र। फोटो : एसएनबी

ज्ञापन देकर लेखपाल संघ ने की समस्याओं के निस्तारण की मांग

बानगंगा(एमएनबी)। लेखपाल संघ तहसील इकाई शोहरतगढ़ ने उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ राहुल सिंह को 13 सूत्रीय ज्ञापन देकर समस्याओं के निस्तारण की मांग किया शोहरतगढ़ तहसील लेखपाल संघ अध्यक्ष आशीष संगम व मंत्री रजनीश विश्वकर्मा के अगुवाई में लेखपालों ने शोहरतगढ़ तहसील में कार्यरत लेखपाल संध्या पाण्डेय के पति ऋषभ सिंह तहसील आवास में रहते हैं। यह भी आरोप है कि क्षेत्रवासी कई बार उच्च अधिकारियों को लेखपाल संध्या पाण्डेय के हलका क्षेत्र में काम पर न जाने उनके पति द्वारा ही उनके शासकीय कार्यो को गांव में जाकर करते समय जनता के बीच धनादोहन करते हुए लोगों को परेशान किया जाता है।ऐसे में तहसील व लेखपालों की छवि धूमिल हो रही है। लेखपाल संघ ने ज्ञापन में लेखपाल संध्या पाण्डेय को शोहरतगढ़ तहसील क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में स्थानांतरण के लिए आवाज उठाया। लेखपालों ने कहा कि तहसील के लेखपाल संघ भवन में बैठने हेतु भवन को खाली करा कर बैठने की व्यवस्था कराई जाए, तहसील के विभिन्न पटल पर प्राइवेट व निजी कार्मिकों के होने से भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है और शासकीय कार्यो की गोपनीता भी भंग हो रही है जिस पर अंकुश लगाया जाये। ग्रामों के नये भू- चित्र उपलब्ध कराया जाये। अनलाइन एपीआर का मूल्यांकन रिपोर्ट जारी किया जाये। अद्यावधिक रियल टाइम खतौनी उपलब्ध कराने तथा मूल क्षेत्र के नजदीकी ही अतिरिक्तक्षेत्र का प्रभार लेखपालों को देने, निलंबित लेखपाल विमल किशोर यादव को बहाल करने, लेखपाल जगदीश चौरसिया, ओम प्रकाश व दुर्गेश कुमार पर विभागीय कार्रवाई को समाप्त करने की भी मांग की। उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ राहुल सिंह ने लेखपालों की समस्या निस्तारण का आश्वासन दिया। इस दौरान लेखपाल संघ अध्यक्ष आशीष संगम, मंत्री रजनीश कुमार विश्वकर्मा, मुस्ताक अहमद, विजय किशोर, रमेश जायसवाल,सुनील सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

एसडीएम को ज्ञापन देते लेखपाल संघ के लोग। फोटो : एसएनबी

भूजल सप्ताह : बच्चों ने ली शपथ

बानगंगा(एमएनबी)। ब्लाक संसाधन केन्द्र शोहरतगढ़ क्षेत्र के अन्तर्गत कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय लेदवा व प्राथमिक विद्यालय महथा, लेदवा माफी सहित शोहरतगढ़ क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में भूजल सप्ताह के तहत कार्यक्रम का आयोजन हुआ।जिसमें शिक्षकों का बच्चों ने भूजल संरक्षण हेतु संकल्प व शपथ लिया।

कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय लेदवा के शिक्षक व पूर्व एआरपी मुस्तन शेरुल्लाह ने मुख्य विचार बिंदु जल सुरक्षित तो कल सुरक्षित पर बच्चों के बीच जानकारी साझा किया।उन्होंने कहा कि भूजल सप्ताह 16 से 22 जुलाई के मध्य तक भूजल जागरुकता के उद्देश्य से भूजल सप्ताह का आयोजन किया गया है।बच्चों व शिक्षकों ने भूजल सप्ताह के तहत भूजल संरक्षण हेतु संकल्प,शपथ लिया। प्रधानाध्यापक अमरेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्य योजना के तहत संकल्प, पौधरोपण, भूजल संरक्षण आधारित चर्चा, निबंध प्रतियोगिता, स्लोगन लेखन प्रतियोगिता, जल संरक्षण पर कला प्रतियोगिता, भूजल एवं इसके महत्व पर चर्चा आगामी दिनों में भी की जाएगी।इस दौरान अमरेश कुमार,मुस्तन शेरुल्लाह, राकेश कुमार राज, पवन चौरसिया, राकेश जायसवाल, मनमोहन,सिद्धार्थ,रेनू मद्धेशिया, प्रीती मिश्रा,निधि सिंह,संजय विश्वकर्मा, मोहन,सरिता देवी आदि लोग मौजूद रहे।

इंटरलकिंग सड़क का किया लोकार्पण

डुमरियागंज(एमएनबी)। डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के ऐतिहासिक सिद्ध पीठ बट बासनी महाकाली स्थान गालापुर में भगवान शिव का मंदिर का निर्माण हुआ है कुछ महीने पहले स्थापना भी हो चुका है लोगों की भारी भीड़ हो रही है। समाजसेवी हरेंद्र विक्रम सिंह उर्फ हरि सिंह ने अपने खर्चे से इंटरलकिंग सड़क बनवाया है जिसका उन्होंने आज विधि विधि विधान से लोकार्पण किया । उन्होंने कहा कि इस समय सावन का महीना चल रहा है जिससे भगवान भोलेनाथ को जल चढ़ाने के लिए और रुद्राभिषेक करने के लिए लोगों की भीड़ होगी।इस बारे में हरेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि उन्होंने अपने खर्चे से इंटरलकिंग सड़क बनवाने का निर्णय लिया ताकि किसी को दिक्कत ना हो उन्होंने कहा कि महाकाली उनकी कुलदेवी है और उनके प्रांगण में भगवान शिव मंदिर का निर्माण हुआ है स्थापना भी हुआ है लोगों की भीड़ भी हो रही है बारिश के मौसम में कीचड़ होने से लोगों को दिक्कत हो रही थी।इस अवसर पर संजय सिंह उर्फ पप्पू सिंह , संजीव सिंह उर्फ बब्बू सिंह, अमरेश सिंह, राम धीरज प्रधान, राम मूरत यादव,पप्पू दुबे,राकेश चौधरी, परमात्मा प्रधान,विनोद मिश्रा, राकेश दुबे, चिंकू ,निखिल पांडे, दुर्गेश पांडे ,सुग्रीव विश्वकर्मा ,मुन्नीलाल सहित व्यवस्थापक ठाकुर प्रसाद मिश्रा भी उपस्थित रहे।

भुवनेश्वर नाथ बाबा का मंदिर बना आस्था का केंद्र

डुमरियागंज(एमएनबी)।डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भानपुर रानी गांव मे स्थित भुवनेश्वर नाथ बाबा का मंदिर क्षेत्र के लोगों की आस्था का केंद्र है । इस मंदिर की प्रसिद्धि कई जिलों में है शिव भक्त भगवान भोलेनाथ का दर्शन व जलाभिषेक के लिए दूर-दूर से यहां आते हैं ।अमन चौन कमेटी अध्यक्ष ओमप्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि सावन मास मे स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ अन्य स्थानों के श्रद्धालु भी रूद्राभिषेक कराने और अयोध्या तथा भदेश्वर नाथ से कांवड़ लेकर लौटने वाले श्रद्धालु भारी संख्या मे इस मंदिर पर जलाभिषेक के लिए जुटते हैं। उन्होंने बताया कि लोग बराबर इस मंदिर पर उपस्थित होकर श्री सत्यनारायण भगवान का कथा भी सुनते रहते हैं । श्री श्रीवास्तव ने बताया कि भुवनेश्वर नाथ मंदिर पर शिवरात्रि के दिन विशाल मेला भी लगता है इसके अलावा इस मंदिर पर यज्ञ कार्यक्रम, भगवती जागरण एवं श्री रामकथा आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है तथा मंदिर के पोखरे मे हर साल गणपति महोत्सव , मां दुर्गा पूजा समारोह एवं मां लक्ष्मी पूजा समारोह से सम्बन्धित प्रतिमाओं का विसर्जन भी किया जाता है । श्री श्रीवास्तव के अनुसार लोगों का मानना है कि जो भी इस मंदिर पर आकर सच्चे मन से भगवान भोलेनाथ की पूजा करता है और मन्नतें मांगता है भगवान भोलेनाथ उसकी मनोकामना अवश्य पूर्ण करते हैं।

भगवान भोलेनाथ का दर्शन व जलाभिषेक के लिए जुट रही है श्रद्धालुओं की भीड़

भानपुर रानी में स्थित भुवनेश्वर नाथ बाबा का मंदिर। फोटो : एसएनबी

राष्ट्रीय
सहारा
गोरखपुर • बृहस्पतिवार • 17 जुलाई • 2025
www.rashtriyasahara.com

निशाना आतंकवाद पर

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आतंकवाद, अलगाववाद व उग्रवाद की चुनौती से सख्ती से निपटने के उद्देश्यों पर अडिग रहने का आह्वान करते हुए कहा, भारत आतंकवाद कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। वह बीजिंग में शंघाई सहयोग संगठन के सदस्य देशों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में नृशंस आतंकवादी हमले का जिक्र करते हुए उन्होंने इन तीनों चुनौतियों के अक्सर साथ आने की बात भी की। आतंकियों, प्रायोजकों, आयोजकों व वित्त पोषकों को जवाबदेह बनाने तथा न्याय के कठघरे में लाने की जरूरत पर भी बल दिया। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने बल दिया कि अशांत और बदलते अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य के मद्देनजर संगठन को कुशलतापूर्वक कार्य करना होगा। शी ने क्षेत्रीय सुरक्षा, स्थिरता की रक्षा व सदस्य देशों के

विकास की बात भी की। इस सम्मेलन में दस अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुखों के अतिरिक्त बीस से ज्यादा देशों के शामिल होने की उम्मीद जताई जा रही है जिनमें भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन के भाग लेने की भी चर्चा थी। मोदी इसमें शामिल होते हैं तो इसे गलवान गतिरोध के बाद भारत-चीन संबंधों में संभावित परस्परता, संबंधों में सुधार व कूटनीतिक नरमी के संकेत के रूप में लिया जा सकता है। 2023 में मोदी ने इस सम्मेलन में वर्चुली शिरकत की थी जबकि बीते वर्ष उनकी अनुपस्थिति को घटते सामरिक महत्व से जोड़ कर देखा गया। हालांकि रूस कभी नहीं चाहता कि ऐसा कोई भी संगठन चीन के प्रभुत्व वाला मंच बन जाए। इसमें पाकिस्तानी, रूसी व ईरानी विदेश मंत्री के भी शामिल होने की संभावनाएं हैं। यह भारत, चीन, पाकिस्तान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजकिस्तान, उज्बेकिस्तान, ईरान व बेलारूस का प्रभावशाली आर्थिक व सुरक्षा समूह है। अमेरिका से सीधा दो-दो हाथ करने वाले शी ने परोक्ष रूप से उस पर कटाक्ष करते हुए बहुध्रुवीय विश्व को बढ़ावा देने व उसकी धौंस का विरोध करने के लिए संयुक्त प्रयासों का भी आह्वान किया। बेशक, भू-राजनीतिक परिदृश्य में आ रहे बदलावों को देखते हुए रूस व चीन दुनिया के समक्ष अपनी ताकत का मुजाहिरा करने को बेताब हैं। एशिया के सभी प्रमुख देशों को अपनी प्राथमिकताओं का ख्याल रखते हुए आतंकवाद से जूझना है। अमेरिका विरोधी रुखखासकर पश्चिमी देशों को सीधा टक्कर देने वाला रुख भारत का कभी नहीं रहा है। भारत आतंकवाद से निपटने को चुनौती के तौर पर देख रहा है, मगर वह अपनी वैश्विक छवि व कूटनीतिक चुनौतियों पर आंच नहीं आने देना चाहेगा।

टेस्ला का हल्ला

जिस दिन देश में घरेलू यात्री वाहनों की बिक्री में कमी आने की रिपोर्ट आई ठीक उसी दिन अमेरिकी अरबपति एलन मस्क की इलेक्ट्रिक कार कंपनी टेस्ला ने धूमधाम से भारत में प्रवेश कर लिया। टेस्ला ने मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में अपना पहला 'एक्सपीरियंस सेंटर' खोला है। खेद की बात यह कि कंपनी भारत में कार बनाने नहीं, बल्कि आयातित कारें बेचने आई है। मस्क ने इससे पहले उच्च आयात शुल्क को कंपनी के भारत में नहीं आने की वजह बताया था। कंपनी चीन स्थित शंघाई विनिर्माण संयंत्र में बने मॉडल 'वाई' को आयात करके भारत में बेचेगी जिसकी शुरुआती कीमत 59.89 लाख रुपये है। मध्यम आकार की इलेक्ट्रिक एसयूवी 'वाई' कभी दुनिया की सबसे ज्यादा बिकने वाली इलेक्ट्रिक कार थी। यह भारत में दो संस्करणों में उपलब्ध होगी। दोनों कारें एक बार की चार्जिंग में क्रमशः 500 और 622 किमी. का सफर तय कर सकती हैं। मस्क की कंपनी टेस्ला कुछ समय से बिक्री में

गिरावट से जूझ रही है। मस्क लंबे समय से भारत में टेस्ला को लाने की प्लानिंग कर रहे थे। उनकी योजना भारत में टेस्ला का कारखाना लगाने की भी थी। भारत में जिस मॉडल की कीमत लगभग 60 लाख रुपये है, उसी मॉडल की कीमत अमेरिका में 44,990 डॉलर यानी लगभग 39 लाख रुपये है, चीन में 36,700 डॉलर यानी 32 लाख रुपये और जर्मनी में 45,970 डॉलर यानी करीब 39 लाख 50 हजार रुपये है। टेस्ला भारत में जिन कारों को ग्राहकों के लिए लेकर आएगी उन पर करीब 100 फीसद टैरिफ लगेगा। टेस्ला के भारत में आने से हमें बहुत खुश होने की जरूरत नहीं है। जब तक यह भारत में विनिर्माण संयंत्र नहीं लगाती तब तक भारतीयों को अपने बीच के ही चंद अरबपतियों की कारें देख कर खुश होना पड़ेगा। वैसे भी टेस्ला भारत में इलेक्ट्रिक कारों के प्रीमियम ग्रुप को ही लक्ष्य बना रही है। ये भारत के कुल ऑटोमोबाइल मार्केट का 4 फीसद है। टेस्ला, इलेक्ट्रिक कार बनाने वाली घरेलू कंपनियों जैसे टाटा मोटर्स और महिंद्रा से प्रतिस्पर्धा नहीं करेगी। उसका मुकाबला होगा बीएमडब्ल्यू और मर्सिडीज-बेंज से। सरकार कहती है कि देश में लोग तेजी से गरीबी की रेखा से ऊपर आ रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र की राय इसके उलट है। आप भी टेस्ला की कार चलाना चाहते हैं तो अमेरिका से ट्रेड डील या भारत के टैरिफ घटाने का इंतजार करें।

कटाक्ष/ सहीराम

पुरस्कार इनके, पुरस्कार उनके

इधर मोदी जी पर तो पुरस्कार ऐसे बरस रहे हैं, जैसे चिरापूंजी में मेंह बरसता है और ट्रंप साहब नोबल के लिए ऐसे टकटकी लगाए बैठे हैं जैसे मरुभूमि का किसान बादलों पर टकटकी लगाए बैठा रहता है। बताते हैं कि मोदी जी ने अब तक छब्बीस पुरस्कार जीत लिए। जल्द ही वे छप्पन तक भी पंहुच जाएंगे। लेकिन ट्रंप साहब एक के लिए भी तरसे जा रहे हैं। अलबत्ता, उनके लिए भी सिफारिशें होने लगी हैं। पाकिस्तानी जनरल मुनीर ने तो यह सिफारिश व्हाइट हाउस में दावत उड़ाने के बाद की। वैसे भी अंग्रेजी की कहावत है न कि-देयर इज नो फ्री लंच।

खैर, पुरस्कार तो जनरल साहब भी ले उड़े। ऑपरेशन सिंदूर से और किसी को कुछ मिला हो या न मिला हो, उन्हें पदोन्नति जरूर मिल गई-जनरल से फील्ड मार्शल हो गए। पर ट्रंप साहब को भारत के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार नहीं करना चाहिए। नहीं, हम जंजीरों में बांध कर भारतीयों को वापस भेजे जाने की बात नहीं कर रहे। न ही हम उस पीड़ा को बयान कर रहे हैं, जब उन्होंने हमारे मोदी जी को शपथ ग्रहण पर न्योता तक नहीं दिया था। लेकिन जब जनरल मुनीर व्हाइट हाउस में दावत उड़ा रहे थे, तभी बताते हैं कि हमारे एक युवा और सूर्य समान तेजस्वी सांसद को ट्रंप ने व्हाइट हाउस से इतनी बुरी तरह से खदेड़ा कि भारत से बांग्लादेशियों को भी क्या खदेड़ा जाता होगा। खैर, कुछ लोग तो यहां तक अंदेशा जता रहे हैं कि कहीं मोदी जी पुरस्कार पाने के लिए ही तो विदेश यात्रा नहीं करते। लेकिन फिर दूसरे इसका खंडन कर देते हैं कि नहीं वे तो अडानी को धंधा दिलाने के लिए विदेश यात्रा करते हैं। पुरस्कार तो बोनस हैं। लेकिन विघ्नसंतोषी कहते हैं कि विदेश मंत्रालय पहले ही जुगाड़ बिठा लेता है। पूछ लेता है अगर कोई अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार दो तो मोदी जी आएंगे नहीं तो नहीं। इस चक्कर में बताते हैं कि एकाध ने तो सर्वोच्च की बजाय सर्वोच्च के नाम पर दूसरे दर्जे का पुरस्कार भी उन्हें टिका दिया। खैर जो भी हो, अच्छा किया जो मोदी जी नोबल के चक्कर में नहीं पड़े। वैसे शुरू में भक्त लोग जिस तरह से वार रुकवाने का प्रचार कर रहे थे, उससे लगा था कि नोबल की चाह तो होगी। लेकिन फिर ट्रंप ने वार रुकवाने का ठेका ले लिया, तो मोदी जी पीछे हट गए। अब ट्रंप साहब करते रहें नोबल का इंतजार, मोदी जी ने तो छब्बीस बटोर लिए।

अनमोल वचन

जैसे-जैसे आदमी की उम्र बढ़ती है, उसके खिलौने और भी महंगे होते जाते हैं।

-मार्विन डेविस

आर्थिक-सामरिक मजबूती जरूरी

सामयिक

जयंतीलाल भंडारी

यकीनन इस समय भारत के समक्ष जो आर्थिक और सैन्य चुनौतियां हैं, उनके मद्देनजर भारत को दुनिया की नई वैश्विक आर्थिक शक्ति और उन्नत परमाणु शक्ति बनना जरूरी है। चार जुलाई को भारतीय सेना के डिप्टी चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने न सिर्फ पाकिस्तान को हराया, बल्कि पाकिस्तान को परोक्ष रूप से हरसंभव सहायता देने वाले चीन और तुर्किए को भी हराया है।

यद्यपि एक जुलाई से 31 जुलाई तक एक माह के लिए पाकिस्तान के संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का अध्यक्ष बनने के बाद वह अध्यक्ष के रूप में कोई विशेष शक्ति नहीं रखता, फिर भी उसने भारत के हितों को नुकसान पहुंचाने के कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। ऑपरेशन सिंदूर में बुरी तरह पिटने के बाद भी पाकिस्तान की अकड़ कम नहीं हुई है। पाकिस्तान की सरकार और उसके सेना प्रमुख आसिम मुनीर भारत को बार-बार गीदड़ भभकी देने से बाज नहीं आ रहे हैं। 30 जून को मुनीर ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को वैध संघर्ष बताते हुए कहा कि उनका देश कश्मीर के लोगों के संघर्ष में हमेशा उनके साथ खड़ा रहेगा। भारत को मात देने के लिए चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश मिल कर नया सार्क बनाने की तैयारी कर रहे हैं।

इस नये सार्क में दक्षिण एशिया के अन्य देशों को भी शामिल करने की तैयारी है। ऐसे में देश के पड़ोसी दुश्मन देशों पाकिस्तान और चीन के बढ़ते नापाक गठबंधन और उनके द्वारा लगातार आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देने के परिदृश्य के मद्देनजर भारत को नई आर्थिक शक्ति और नये दौर के उन्नत परमाणु हथियारों की क्षमताओं से सुसज्जित होना जरूरी है। उल्लेखनीय है कि इस्राइल-ईरान युद्ध और आपरेशन सिंदूर के तहत भारत-पाकिस्तान संघर्ष के परिणामों का विश्लेषण बताता है कि युद्ध में नई एआई तकनीक और आर्थिक ताकत की अहमियत दिखाई दी है, और परमाणु हमले की धमकी बेअसर साबित हुई है। लेकिन अब पाकिस्तान द्वारा चीन के सहयोग से परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल जैसे हथियार विकसित किए जाने के मद्देनजर भारत के लिए उन्नत परमाणु शक्ति-संपन्न देश बनना भी जरूरी है। चूंकि शक्ति के माध्यम से ही शांति आती है, और शक्ति से ही भविष्य के युद्ध भी रोके जा सकते हैं, अतएव भारत को हर मोर्चे पर शक्तिशाली बनाने के सपने को साकार करने के लिए देश के आसमान छूते वैज्ञानिक, तकनीकी विशेषज्ञ, उद्यमी-कारोबारी और पूरे देश का जन-बल एकजुटता से कदम बढ़ाते दिखाई दे रहे हैं।

गौरतलब है कि पिछली 24 जून को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि पिछले 11 वर्षों में सरकार ने आर्थिक-सामरिक क्षेत्र को मजबूत बनाया है। आतंकवाद के प्रति कठोर नीति अपनाई है। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने महज 22 मिनट में स्वदेशी हथियारों से दुश्मन को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया।

वस्तुतः ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने एआई के उपयोग से पाकिस्तान के लक्षित आतंकी ठिकानों को बर्बाद करके अभूतपूर्व मिसाल पेश की। ऐसे में भारत, दुनिया की आर्थिक शक्ति बनने, पाकिस्तान और चीन की सैन्य चुनौतियों से मुकाबले के लिए एआई तकनीकों और उन्नत परमाणु हथियारों से शक्ति-संपन्न देश बनने की संभावनाओं को साकार कर सकता है। निस्संदेह भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था इसे वैश्विक आर्थिक शक्ति बना सकती है। यह छोटी बात नहीं है कि पिछले दिनों दुनिया को हिला देने वाले इस्राइल और ईरान के बीच भारत अपने बहुआयामी आर्थिक आधारों से युद्ध की आर्थिक चुनौतियों के बीच सक्षम बन कर मजबूती के साथ खड़ा रहा है। जहां इस युद्ध से कई देशों में पेट्रोल-डीजल के दाम में वृद्धि, व्यापार में कमी, खाद्यान्न सहित जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति में कमी और शेयर बाजार में गिरावट का परिदृश्य उभर कर दिखाई दिया, वहीं भारत इन सब मुश्किलों के मद्देनजर बेहतर स्थिति में बना रहा है। यह भी महत्त्वपूर्ण है कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के साथ संघर्ष का भी भारत की अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल असर नहीं पड़ा। भारत का बड़ा घरेलू बाजार, कम निर्यात निर्भरता, सरकार के भारी पूंजीगत व्यय, बढ़ती क्रय शक्ति, मेक इन इंडिया और कृषि क्षेत्र में ऊंची सफलता ने देश को बाहरी आर्थिक झटकों को झेलने के लिए मजबूत स्थिति में रखा है।

युद्ध के दौर में भी भारत के निर्यात बढ़े हैं, और भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में वृद्धि हुई है। भारत की विकास दर चालू वित्त वर्ष 2025-26 में 6.5 फीसद रहेगी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की विश्व आर्थिक परिदृश्य से जुड़ी रिपोर्ट में कहा गया है कि 2025 में भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनते दिखाई देगा। निश्चित ही इस्राइल-ईरान युद्ध और ऑपरेशन सिंदूर का यह भी सबक है कि युद्ध सिर्फ आर्थिक ताकत और अत्याधुनिक एआई तकनीक के दम पर ही लड़े जाते हैं तथा केवल परमाणु हमले की धमकी से युद्ध नहीं जीते जाते। किंतु इस समय पाकिस्तान और चीन की युद्ध चुनौतियों के मद्देनजर भारत को परमाणु हथियारों को उन्नत होना भी जरूरी है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट के मुताबिक परमाणु हथियारों की संख्या में कमी का युग खत्म हो रहा है।

अब परमाणु हथियारों में वृद्धि और हथियार नियंत्रण समझौतों को छोड़ने की प्रवृत्ति दिख रही है। दुनिया के नौ परमाणु शक्ति-संपन्न देश-अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस, चीन, भारत, पाकिस्तान, उत्तर कोरिया और इस्राइल-सभी अपने परमाणु हथियारों को और उन्नत करने में जुटे हैं। भारत के पास 180 और पाकिस्तान के पास 170 परमाणु हथियार हैं। यह भी महत्त्वपूर्ण है कि पाकिस्तान भारत के ऑपरेशन सिंदूर से बुरी तरह पराजित होकर चीन की मदद से अपने परमाणु हथियारों को उन्नत करने की कोशिश में जुट गया है, ऐसे में भारत का उच्च परमाणु शक्ति बनना जरूरी है। उम्मीद करें कि सरकार इस्राइल-ईरान युद्ध और ऑपरेशन सिंदूर से निकले उम्मीदों भरे आर्थिक-सामरिक सबक के मद्देनजर भारत को आर्थिक शक्ति, एआई की नई तकनीकों और उन्नत परमाणु शक्ति-संपन्न देश बनाने के लिए रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ेगी।

(लेख में विचार निजी हैं)

> इस्राइल-ईरान युद्ध और ऑपरेशन सिंदूर का यह भी सबक है कि युद्ध सिर्फ आर्थिक ताकत और अत्याधुनिक एआई तकनीक के दम पर ही लड़े जाते हैं तथा परमाणु हमले की धमकी से युद्ध नहीं जीते जाते। किंतु इस समय पाकिस्तान और चीन की युद्ध चुनौतियों के मद्देनजर भारत द्वारा परमाणु हथियारों को उन्नत किया जाना भी जरूरी है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट के मुताबिक परमाणु हथियारों की संख्या में कमी का युग खत्म हो रहा है

औषधीय गुणों से भरपूर 'बिटर एप्पल'

त्वचा का रखता है खास ख्याल

- इंद्रायण' पौधे के न सिर्फ फल, बल्कि बीज, पत्ता और जड़ भी कई बीमारियों को ठीक करने में मदद करते हैं। इसका फल छोटे तरबूज जैसा लगता है, ऊपर सफेद धारियां होती हैं, जो पकने पर पीले रंग की हो जाती हैं। हालांकि इसका स्वाद कड़वा होता है, लेकिन इसके गुण शरीर को अंदर से साफ और मजबूत बनाते हैं

- अमेरिका की नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन के मुताबिक, इंद्रायण को अंग्रेजी में बिटर एप्पल या सिट्रुलस कोलोसिंथिस भी कहा जाता है। रिसर्च से पता चला है कि यह इंसानों और जानवरों, दोनों के लिए उपयोगी हो सकता है
- यह पौधा सिर्फ बीमारी में ही नहीं, सौंदर्य से जुड़ी परेशानियों को दूर करने में भी 'उस्ताद' है। हालांकि इसका कितनी मात्रा या कब प्रयोग करना है इसे लेकर चिकित्सीय परामर्श जरूरी है

(मीडिया इनपुट्स)

समझ नहीं आ रहा कि भारत सरकार ने चीन द्वारा भारत पर व्यापार और आर्थिक प्रतिबंध, जिनमें महत्त्वपूर्ण उत्पादों के निर्यात पर रोक भी शामिल है, थोपे जाने के बावजूद टेस्ला को चीन-निर्मित मॉडल वाई कार भारत में लॉन्च करने की अनुमति कैसे दे दी। वो भी तब जब टेस्ला ने साफ कर दिया है कि भारत में इस मॉडल के विनिर्माण का अभी उसका कोई इरादा नहीं है।

ब्रह्म चेलानी, सामरिक चिंतक
@Chellaney

रूस का बड़ा दांव और भारत

अफगान मोर्चा **गिरीश पांडे**

हाल में अफगानिस्तान में तालिबान की सरकार को रूस की ओर से आधिकारिक मान्यता मिल गई है। चीन, संयुक्त अरब अमीरात और दूसरे कई देशों की राजनयिक इंगेजमेंट के बावजूद रूस दुनिया का पहला देश बन गया है, जिसने अफगानिस्तान को राजनयिक मान्यता प्रदान कर दी है। इसे हम रूस का वैश्विक मंच पर अप्रत्याशित और निर्णायक कदम कह सकते हैं।

यह कदम ऐसे समय उठा है जब अमेरिका, भारत और यूरोप जैसे प्रमुख देश अब भी तालिबान शासन को मान्यता देने से परहेज कर रहे हैं। रूस के इस कदम के पीछे कई रणनीतिक कारण निहित हैं। मसलन, रूस, पश्चिमी दबावों से मुक्त होकर स्वतंत्र शक्ति संतुलन स्थापित करना चाहता है। अफगानिस्तान, मध्य एशियाई गणराज्यों की सीमा पर स्थित है, जहां रूस की पारंपरिक पकड़ रही है। तालिबान से संपर्क इसी विस्तार का हिस्सा है। रूस के निर्णय का असर अफगानिस्तान तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे दक्षिण एशिया और विश्व राजनीति पर इसका असर पड़ने की संभावना है। 1979 में सोवियत सैनिकों के अफगानिस्तान में दखल के बाद से लेकर 1989 तक मिखाइल गोर्बाचोव के अपनी सेना वापस बुलाने तक अफगानिस्तान और रूस जटिल ऐतिहासिक द्विपक्षीय संबंधों में उलझे रहे।

हालांकि, 20 साल बाद अप्रैल, 2025 में रूस ने तालिबान को आतंकी संगठन की लिस्ट से हटाया था और इसके बाद अफगानिस्तान के साथ आर्थिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में काम कर रहा था। अफगानी क्षेत्र में ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर ऐसी ही एक संभावना है। कहा यह भी जा रहा है कि रूस को आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट खोरासन प्रांत (आईएसकेपी) के मद्देनजर तालिबान से सुरक्षा सहयोग की दरकार है। इस समूह ने रूस में पिछले साल आतंकी हमले को अंजाम दिया था और जिसमें 130 लोग मारे गए थे। इसलिए रूस ने इस बार यह महत्त्वपूर्ण कदम उठाया है।

ध्यान देने की बात है कि अगस्त, 2021 में अमेरिका और नाटो के अफगानिस्तान छोड़ने के बाद तालिबान ने अफगानिस्तान पर कब्जा कर लिया था। तब तालिबान ने कहा था कि वह अफगानिस्तान में लिबरल शासन चलाएगा,

लेकिन उसके बाद उन्होंने कड़े शिया कानून लागू कर दिए। महिलाओं के प्रति कड़ी भेदभाव वाली नीतियों की वजह से पश्चिम के देशों ने तालिबान को राजनयिक तौर पर अलग-थलग रखा है। जानकार कहते हैं कि अब चीन भी रूस के नक्शेकदम पर चलेगा और अफगानिस्तान को मान्यता देने के बारे में सोचेगा। वैसे भी अभी रूस और चीन की 'अनिलमिटेड दोस्ती' चल रही है।

जहां तक भारत का संबंध है, रूस के इस निर्णय से भारत के समक्ष कुछ चुनौतियां और विकल्प उभरते हैं। पहला तो यही है कि रूस भारत का पारंपरिक सहयोगी रहा है। रूस द्वारा तालिबान को मान्यता देना भारत के हितों के विपरीत प्रतीत हो सकता है, विशेषकर जब अफगानिस्तान से आतंकवाद की आशंका बनी हुई हो। इसके अलावा, रूस, ईरान, चीन और पाकिस्तान का तालिबान से व्यवहार भारत के लिए अलग-थलग पड़ने की स्थिति पैदा कर सकता है, और तालिबान की सत्ता में मजबूती, जम्मू-कश्मीर में कट्टरपंथी ताकतों को परोक्ष समर्थन दे सकती है। इसलिए अभी भारत का तालिबान के साथ सॉफ्ट एंगेजमेंट चल रहा है, और तालिबान के साथ बिना उसे औपचारिक मान्यता दिए सीमित और नियंत्रित संवाद जारी हैं।

भारत, अफगानिस्तान की सुरक्षा स्थिति की भी बराबर निगरानी कर रहा है। अफगानिस्तान को लेकर भारत का दृष्टिकोण हमेशा ही अफगान के लोगों के साथ दीर्घकालिक और विशेष मित्रता से प्रेरित रहा है, और साथ ही एक दीर्घकालिक साझेदार के रूप में अफगानिस्तान में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने में भारत का हित सीधे जुड़ा है। अफगानिस्तान के साथ अपने पुराने संबंधों पर जोर देते हुए भारत ने युद्धग्रस्त देश की मानवीय और विकास संबंधी जरूरतों को पूरा करने की सदैव ही प्रतिबद्धता जताई है। यह तब खास हो जाता है, जब चीन और पाकिस्तान अफगानिस्तान में सक्रिय हैं। अफगान जनता के बीच विशेषकर शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्रों में भी भारत की साख यथावत बनी रहनी चाहिए। सरकार को जहां आतंकवाद-निरोधक तंत्र और खुफिया संपर्कों को मजबूत करना होगा, वहीं रूस, ईरान और मध्य एशिया के साथ संवाद तेज कर एक संतुलित कूटनीति भी अपनानी होगी। यहां यह भी ध्यान में रखना जरूरी होगा कि रूस द्वारा तालिबान को मान्यता देना केवल कूटनीतिक घटना नहीं है, यह संकेत है इस बात का कि विश्व व्यवस्था पुनः आकार ले रही है। भारत को नये परिदृश्य में सजग, सक्रिय और संतुलित रह कर अपना मार्ग चुनना होगा ताकि अपने हितों की रक्षा करते हुए क्षेत्रीय स्थिरता में भी योगदान दे सके।

जन्म-मरण **डॉ. ज्ञानानंददास स्वामी**

हम मनुष्य संसार में केवल एक सीमित जीवन जीने नहीं आते, बल्कि यह जीवन तो हमारे अनगिनत जन्मों की एक कड़ी भर है।

आत्मा अमर है, शाश्वत है, और यह शरीर बदलना तो जैसे वस्त्र बदलने के समान है। परंतु हम मनुष्य इस सत्य को विस्मृत कर देते हैं। हमें लगता है कि यह एक ही जीवन है, और इसके पूर्व भी कुछ नहीं था और इसके बाद भी कुछ नहीं होगा। श्रीमद्भागवत में बड़ा प्रेरक प्रसंग है। एक बार राजा यदु ने देखा कि एक साधारण व्यक्ति, जिसका शरीर वृद्ध हो गया था, अत्यंत शांत और आनंदपूर्ण था। राजा को आश्चर्य हुआ कि जीवन की संध्या में, जब शरीर जर्जर हो चुका है, यह व्यक्ति इतना संतुलित और प्रसन्न कैसे है? राजा यदु ने उससे पूछा, 'हे सज्जन! आप किस आधार पर इतने आनंद में हैं? न आपके पास धन है, न बल है, न ही कोई सांसारिक सुख।' उसने उत्तर दिया, 'मैंने जीवन में 24 गुरु बनाए हैं-प्रकृति, पशु, पक्षी, जल, अग्नि आदि-और इन सबसे मैंने सीखा कि आत्मा न तो जन्म लेती है, न मरती है। शरीर की अवस्था बदलती है, लेकिन आत्मा नित्य है। इस सत्य को जानने वाला जीवन में किसी भी अवस्था में शांति प्राप्त कर सकता है। इस तथ्य को न जानने वाला ही सबसे बड़ा अज्ञानी है।' महंत स्वामी महाराज समझाते हैं, 'यह अज्ञान ही हमें बार-बार जन्म लेने को बाध्य करता है। इसके कारण आत्मा अपने परम लक्ष्य-की ओर अग्रसर नहीं होती और संसार-चक्र में घूमती रहती है। जैसे चक्र लगातार घूमता है और रुकता नहीं, वैसे ही आत्मा भी बार-बार जन्म लेकर संसार में फंसती जाती है। हम सोचते हैं कि जीवन ही सब कुछ है, इसलिए संसारिक वस्तुओं में सुख ढूंढते हैं, परंतु इस चक्र से अनभिज्ञ रहते हैं। किंतु भगवान इससे अभिज्ञ हैं।' उन्होंने कहा,'हे अर्जुन! मेरे और तुम्हारे बहुत से जन्म हो चुके हैं। मैं उन सबको जानता हूं, परंतु तू नहीं जानता।' भगवान, जो सर्वज्ञ हैं, हमारे हर जन्म, हर कर्म और हर विचार को जानते हैं। वे हमारे कर्मों के अनुसार फल देते हैं। इसलिए जीवन को केवल सांसारिक सीमित दृष्टि से देखना भारी भूल है। यह तो एक यात्रा है-आत्मा की परमात्मा की ओर, अंधकार से प्रकाश की ओर।

रीडर्स मेल

स्कूल विलयन की जमीनी सच्चाई

उत्तर प्रदेश सरकार 50 बच्चों से कम वाले प्राइमरी स्कूलों को दूसरे स्कूलों में विलय के निर्देश की वजह से चर्चा में है। एक तरफ विपक्षी पार्टियां जहां इसका जम कर विरोध कर रही हैं तो दूसरी तरफ आम जनता को समझना मुश्किल हो रहा है कि आखिर, हो क्या रहा है जबकि जमीनी सच्चाई कहीं अलग है, जिसे समझने के लिए आकड़ों पर भरोसा करना होगा। उत्तर प्रदेश सरकार के इस निर्णय के विरोध में उच्च न्यायालय में दाखिल याचिका भी खारिज हो गई है। सरकार के इस निर्णय का विरोध प्राथमिक शिक्षक संघ ने भी किया है। स्कूल के भवनों का बुरा हाल है। अकेले प्रयागराज में 633 स्कूलों की बिल्डिंग जर्जर हैं। स्कूलों को बंद न करने के लिए आर्टिकल 21ए शिक्षा का अधिकार अधिनियम का हवाला दिया जा रहा है। हालांकि यह विवाद सुनवाई के लिए अब उच्चतम न्यायालय में है।

डॉ. अजय कुमार मिश्रा, ई मेल से

कुदरत से छेड़छाड़ का नतीजा

हिमाचल प्रदेश के मंडी जिला में कुछ दिन पहले कुदरत का कहर बरपा जहां बादल फटने से जान-माल की भारी हानि हुई। लेकिन विचार करने वाली बात यह है कि बादल फटने का कारण ग्लोबल वार्मिंग या कुदरत से छेड़छाड़ का नतीजा तो नहीं? इंसान स्वार्थी हो गया है जो प्रेम भी स्वार्थ के लिए करता है। लेकिन प्रकृति से प्रेम के बदले प्रेम ही मिलेगा यह शत-प्रतिशत सत्य है, क्योंकि यह निस्वार्थ भाव से हमें वो सब कुछ देती है, जो हमें जीवन जीने के लिए जरूरी है। लेकिन इंसान ने अपनी सुविधाओं के लिए पहाड़ों का सीना छलनी कर दिया है। कुछ समय पहले उत्तराखंड में ग्लेशियर ने जो तबाही मचाई थी, उसके लिए अमेरिकन जियोफिजिकल यूनियन के वैज्ञानिकों का मानना है कि हजारों टन वजनी चट्टानों व लाखों टन बर्फ के सीधे दो किमी. तक लगातार नीचे गिरने की वजह से इलाके में तापमान तेजी से बहुत अधिक बढ़ गया और इसके चलते बर्फ तेजी से पिघल गई। इस पर भी पर्यावरणविद् और वैज्ञानिकों को अध्ययन करना होगा।

राजेश कुमार चौहान, जालंधर

बारिश का कहर

देश में भारी बारिश की वजह से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। शहरों में पानी की निकासी नहीं होने से बारिश का पानी भरा रहता है, जिससे आवागमन बाधित हो रहा है। पानी के बहाव में वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हरियाणा के गुरुग्राम में पानी के बहाव ने तीन जिंदगियां लील दीं। सड़कें धंसने और भूस्खलन की घटनाओं में प्रशासन की पोल खोल दी। उत्तराखंड, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, गुजरात आदि राज्यों में बारिश के कारण कई दिनों तक जल-जमाव की वजह से जनजीवन पर प्रभाव देखा गया है। गुजरात में कई दिनों तक भरे पानी की निकासी नहीं हुई जिसके कारण घरों में पानी घुस गया। गटर और पानी की निकासी के लिए सरकार का बंदोबस्त जीरो दिखाई दिया। देश का विकास भी इन्हीं बिंदुओं पर निर्भर है। मूलभूत सुविधाओं के लिए प्रशासन को आगे आना चाहिए।

कांतिलाल मांडोत, सूरत

letter.editorsahara@gmail.com

हमें गर्व है हम भारतीय हैं

राष्ट्रीय सहारा
राष्ट्रीयता • कर्तव्य • समर्पण
वर्ष-26 , अंक 170

सहारा इण्डिया मास कम्युनिकेशन के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक जिया कादरी द्वारा राष्ट्रीय सहारा काम्पलेक्स, पार्क रोड, गोरखपुर में मुद्रित तथा प्रकाशित।
। वरिष्ठ स्थानीय संपादक -पीयूष बंका। स्थानीय संपादक-दीप्त भानु डे *।
गोरखपुर कार्यालय- पी.बी.एक्स- 0551-2202362, 63, 64, फैक्स- 0551-2202365
आर.एन.आई.सं.यू.पी.ए.आई.एन./2000/1707
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन तथा कानूनी मामलों के लिए उत्तरदायी

पार्षद निगम अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर शहर की सफाई व्यवस्था को मजबूत करें।

— नायब सिंह सैनी, मुख्यमंत्री, हरियाणा

यूपी व यूएनडीपी में आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर ऐतिहासिक समझौता

लखनऊ (एसएनबी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आपदा जोखिम न्यूनीकरण को लेकर एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। राज्य में आपदा प्रबंधन को अधिक प्रभावी, समन्वित, वैज्ञानिक और सशक्त बनाने के उद्देश्य से राहत आयुक्त कार्यालय, उत्तर प्रदेश तथा संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) के मध्य एक महत्त्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर सम्पन्न हुआ। यह समझौता प्रदेश में डिजास्टर रिस्क रिडक्शन कार्यक्रमों को लागू करने, राज्य की संस्थागत क्षमता को सशक्त बनाने और बहुस्तरीय आपदा प्रबंधन व्यवस्था को तकनीकी दृष्टिकोण पर आधारित बनाने की दिशा में एक नई शुरुआत है।

यह समझौता बुधवार को मुख्यमंत्री योगी की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस मौके पर यूएनडीपी की भारत प्रमुख एवं रेजिडेंट रिप्रेजेंटेटिव एंजेला लुसीगी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने मुख्यमंत्री से शिष्टाचार भेंट कर उत्तर प्रदेश सरकार की आपदा प्रबंधन के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना की और यूएनडीपी की ओर से राज्य को हरसंभव तकनीकी सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।

इस समझौते का उद्देश्य राज्य के विभिन्न स्तरों पर डिजास्टर रिस्क रिडक्शन कार्यक्रमों की व्यापक श्रंखला को लागू करना है, जिससे राज्य की आपदा प्रबंधन प्रणाली अधिक समावेशी, जवाबदेह और प्रभावी बन सके। इसके अंतर्गत जिला और विभागीय स्तर पर आपदा प्रबंधन योजनाओं के विकास से लेकर जोखिम मूल्यांकन, सूचना प्रणाली के सुदृढ़ीकरण, प्रशिक्षण, संसाधन क्षमता निर्माण, अर्ली वार्निंग सिस्टम की स्थापना तथा परियोजना प्रबंधन तक विभिन्न पहलों को क्रियान्वित किया जाएगा। यह साझेदारी राज्य को आपदा न्यूनीकरण के वैश्विक मानकों से जोड़ते हुए स्थानीय जरूरतों के अनुरूप कार्यान्वयन में मदद करेगी। समझौते के प्रमुख बिंदुओं में 75 जिलों में जिला आपदा प्रबंधन योजनाओं और 15 विभागों की विभागीय आपदा प्रबंधन योजनाओं का विकास शामिल है। राज्य के 10 विभागों के लिए विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार किया जाएगा। साथ ही 20 प्रमुख शहरों में संभावित आपदाओं को ध्यान में रखते हुए जोखिम व संवेदनशीलता का मूल्यांकन कराया जाएगा। इन्हीं शहरों में शहरी आपदा प्रबंधन योजनाएं भी विकसित की जाएंगी। तकनीकी मोर्चे पर, राज्य स्तर की आपदा सूचना प्रणाली को सुदृढ़ करने हेतु इसे एकीकृत किया जाएगा। इसके लिए प्रशिक्षण कार्यशालाएं, मूल्यांकन अध्ययन, आवश्यक आईसीटी उपकरणों की उपलब्धता तथा राहत आयुक्त कार्यालय में परियोजना प्रबंधन यूनिट की स्थापना की जाएगी, ताकि सभी गतिविधियाँ सुगठित एवं प्रभावशाली ढंग से संचालित हो सकें।

लखनऊ। बुधवार को उत्तराखंड के लोक पर्व हरेला के अवसर पर पर्वतीय महापरिषद, लखनऊ के अध्यक्ष गणेश जोशी के नेतृत्व में परिषद के सदस्यों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की।

सोलर प्लांट से जोड़ी जा रहीं टेक होम राशन की इकाइयां : केशव

लखनऊ (एसएनबी)। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा गठित स्वयं सहायता समूहों की महिलाओ द्वारा विभिन्न जनपदों में राज्य सरकार के सहयोग से टेक होम राशन (टीएचआर) इकाइयों का संचालन किया जा रहा है। इन इकाइयों पर अब सोलर पावर प्लाण्ट की स्थापना कर बिजली पर आने वाले व्यय को कम किया जा रहा है। इससे महिलाओं की आमदनी में इजाफा हो रहा है। उन्होंने बताया कि 49 टीएचआर इकाइयों पर 75 किलोवाट सोलर पावर प्लाण्ट की स्थापना प्रस्तावित की गयी। इनमें से वर्तमान में 25 इकाइयों पर स्थापित किये गये सोलर पावर प्लाण्ट पूर्णरूपेण क्रियाशील हैं। क्रियाशील 25 इकाइयों में से 6 इकाईयों के द्वितीय किश्त के भुगतान की कार्यवाही चल रही है वहीं 13 इकाइयों को प्रथम एवं द्वितीय किश्त के रूप में 587.01 लाख रुपये तथा 06 इकाईयों को प्रथम किश्त के भुगतान के रूप में 135.60 लाख रुपये कुल 722.60 लाख रुपये की अनुदान राशि उपलब्ध करायी गयी है।

डॉ. हरिदत्त नेमी फिर बने कानपुर के सीएमओ

■ कानपुर डीएम और सीएमओ विवाद में फिर आया नया मोड़

■ डॉ. हरिदत्त नेमी को हाईकोर्ट के हस्तक्षेप पर फिर मिली कुर्सी

■ सीएमओ डॉ. उदय नाथ का श्रावस्ती हुआ ट्रांसफर

लखनऊ (एसएनबी)। कानपुर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.उदय नाथ को शासन ने अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के रूप में श्रावस्ती जनपद में स्थानांतरित कर दिया है। यह बड़ा प्रशासनिक बदलाव इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा पूर्व सीएमओ डॉ. हरिदत्त नेमी के निलंबन पर अंतरिम स्टे लगाए जाने के बाद लिया गया है।

हाईकोर्ट के हालिया आदेश के बाद डॉ. हरिदत्त नेमी ने अपने पद पर पुनर्वापसी की मांग की थी। शासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए डॉ. उदय नाथ को स्थानांतरित करने का निर्णय लिया। उनको पिछले महीने डॉ. नेमी की जगह नियुक्त किया गया था, जब उनके खिलाफ कथित अनियमितताओं के आरोपों के चलते निलंबन की कार्रवाई हुई थी। यहां बताना जरूरी है कि डॉ. हरिदत्त नेमी को कानपुर नगर के मुख्य चिकित्साधिकारी पद से निलंबित कर दिया गया था, जिसके बाद वो हाईकोर्ट चले गए। जहां उनके निलंबन पर रोक लगा दी गई थी। डॉ. नेमी की राज्य सरकार ने डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह से विवाद के बाद बीते 19 जून को निलंबित कर दिया था। याची ने खुद को निलंबित करने समेत श्रावस्ती के अतिरिक्त सीएमओ डॉ. उदय नाथ को कानपुर नगर का सीएमओ तैनात करने के आदेशों को चुनौती दी थी।

हाईकोर्ट के आदेश के बाद दोनों सीएमओ के बीच कुर्सी को लेकर घंटों विवाद के बाद शासन की तरफ से आदेश हुआ कि डॉ उदयनाथ ही सीएमओ का चार्ज संभालेंगे। जिसे डॉ. हरिदत्त नेमी ने हाईकोर्ट के आदेश का अवमानना मानते हुए फिर से कोर्ट के शरण में जाने की बात कही। कहा जा रहा कि हाईकोर्ट के आदेश के बाद स्वास्थ्य विभाग ने डॉ. हरिदत्त नेमी को फिर से कानपुर सीएमओ की कुर्सी सौंप दी है और डा. उदय नाथ को श्रावस्ती के पूर्व के पद पर वापस भेज दिया।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के लाभार्थियों को मिलेंगे मैरिज सर्टिफिकेट

लखनऊ (एसएनबी)। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत अब लाभार्थियों का स्पॉट पर ही रजिस्ट्रार, मैरिज ब्यूरो पंजीकरण कर मैरिज सर्टिफिकेट दिये जायेंगे। समाज कल्याण विभाग की तरफ से यह कदम योजना में पारदर्शिता को बनाये रखने के लिए उठाया गया है। इससे पूर्व विभाग की तरफ से लाभार्थियों के लिए आधार पंजीकरण किया गया था।

■ समाज कल्याण विभाग ने योजना में पारदर्शिता बनाये रखने के लिए उठाया कदम

समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत अब लाभार्थियों का स्पॉट पर ही पंजीकरण किया जाएगा। इसके लिए रजिस्ट्रार, मैरिज ब्यूरो या उनकी तरफ से नामित अधिकारी मौके पर उपस्थित रहेंगे। जिससे शादी को लीगल घोषित किया जा सके। फर्जीवाड़े को रोकने के लिए आधार से भी पंजीकरण कराया जा रहा है। जिससे सही लाभार्थियों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि योजना के अंतर्गत कोई लक्ष्य नही रखा गया है क्योंकि इससे पारदर्शिता प्रभावित होने का अंदेशा रहता है। उन्होंने कहा कि यदि किसी गांव में पांच लाभार्थी जोड़े सामूहिक विवाह के लिए आवेदन करते हैं तो फिर उनका सत्यापन जिला स्तर के अधिकारी करेंगे। विभाग की तरफ से व्यक्तिगत शादी अनुदान योजना भी शुरू की गई है। अभी तक केवल पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की तरफ से पिछड़े वर्ग के लाभार्थियों को अनुदान दिए जाने की व्यवस्था थी। पर, अब समाज कल्याण विभाग की तरफ अनुसूचित जाति/जनजाति और सामान्य वर्ग के गरीब परिवार के शादी करने पर अनुदान दिया जाएगा। इसके अंतर्गत शादी के तीन माह के अंदर आवेदन करने पर लाभार्थी को 20 हजार रुपये की मदद दी जाएगी। सीएम सामुहिक विवाह योजना के तहत बलिया के मनियर ब्लॉक में जनवरी 2024 में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में फर्जीवाड़ा मिला था। शादीशुदा लोगों की शादी करा दी गई थी। इसका वीडियो वायरल हुआ था। जिसके बाद जांच शुरू कराई गई थी। इसमें पता चला कि दलालों ने मिलीभगत कर 240 से अधिक फर्जी शादियां करा दी थीं। इसके बाद एफआईआर दर्ज कर 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। दो सहायक विकास अधिकारी और एक लिपिक को निलंबित किया गया था।

त्रुटिरहित व पारदर्शी हो मतदाता सूची

लखनऊ (एसएनबी)। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की मंशा है कि मतदाता सूची पूर्णतः त्रुटिरहित, अद्यतन एवं पारदर्शी हो, जिससे प्रत्येक पात्र नागरिक को मतदान का अधिकार मिल सके। हर मतदेय स्थल पर अधिकतम 1200 मतदाताओं की सीमा का अनुपालन किया जाए तथा एक ही परिवार के सभी सदस्यों के नाम एक ही पोलिंग बूथ में दर्ज हों। वह बुधवार को आवास विकास आयुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित उत्तर प्रदेश के 34 जनपदों के जिला निर्वाचन अधिकारियों के प्रशिक्षण को सम्बोधित कर रहे थे।

■ 34 जिला निर्वाचन अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

उन्होंने कहा कि यह पहली बार है जब जिला निर्वाचन अधिकारियों का इस स्तर पर भौतिक प्रशिक्षण कराया जा रहा है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि विशेष पुनरीक्षण अभियान से सम्बन्धित अधिकारी तकनीकी और प्रक्रियात्मक पहलुओं से भलीभांति परिचित हो सके। प्रशिक्षण में ईआरओ नेट, बीएलओ ऐप और वोटर हेल्पलाइन ऐप के उपयोग, मतदेय स्थलों के सम्भाजन, बीएलओ की नियमानुसार नियुक्ति और निर्वाचन सम्बन्धी कानूनी दिशा-निर्देशों पर विशेष जानकारी दी गई। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करना आवश्यक है। आयोग द्वारा पात्र नागरिकों के लिए 01 जनवरी, 01 अप्रैल, 01 जुलाई और 01 अक्टूबर अर्हता तिथियां निर्धारित की गई हैं। फार्म-6 में नये मतदाताओं को जोड़ने, फार्म-7 में नाम हटाने और फार्म-8 में संशोधन से सम्बन्धित जानकारी अधिकतम लोगों तक पहुंचाई जाए। दिव्यांग मतदाताओं को शत-प्रतिशत चिह्नित किया जाए। मतदाता फोटो पहचान पत्र का पोस्ट आफिस से समन्वय कर समय से वितरण कराया जाए।

आरओ/एआरओ परीक्षा सकुशल संपन्न करायें अधिकारी : मुख्य सचिव

लखनऊ (एसएनबी)। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा-2023 और अग्निवीर रैली के आयोजन के संबंध में सभी जिलाधिकारियों और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा-2023 27 जुलाई को प्रातः 9:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक एक सत्र में प्रदेश के सभी जनपदों में आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा के लिए 10,76,004 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया है और यह 2,382 केंद्रों पर होगी।

प्रयागराज व वाराणसी में गंगा उफान पर, प्रशासन अलर्ट

■ बारिश व नदियों में आयी बाढ़ से कई क्षेत्रों में पानी भरा

लखनऊ (एसएनबी)। समूचे उत्तर भारत में रुक रुक कर हो रही बारिश के बीच प्रदेश में गंगा यमुना समेत अधिसंख्य नदियों का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ का खतरा गहराने लगा है। प्रयागराज,वाराणसी, कानपुर, बहराइच और कन्नौज समेत अधिसंख्य इलाकों में जिला प्रशासन ने बाढ़ से बचाव के लिए समुचित इंतजाम का दावा किया है। बाढ़ चौकियों से नदियों के जलस्तर की निगरानी की जा रही है।

प्रयागराज में गंगा और यमुना का जलस्तर लगातार बढ़ने से नागवासुकी, छोटा बघाड़ा, सलोरी, दारागंज और कछारी जैसे निचले इलाकों में पानी भरने लगा है। हालांकि अभी गंगा और यमुना खतरे के निशान से नीचे हैं। दोनों नदियों में लाल निशान 84.73 मीटर निर्धारित है, और जलस्तर तेजी से इस दिशा में बढ़ रहा है। इसे देखते हुए प्रशासन ने पूरी सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है। संभावित बाढ़ प्रभावित इलाकों को खाली कराया जा रहा है। लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है और राहत कैंप भी तैयार किए गए हैं। बाढ़ नियंत्रण कक्ष में जल निगम, जलकल, स्वास्थ्य विभाग और एनडीआरएफ की टीमें समन्वय के साथ काम कर रही हैं।

वाराणसी में गंगा के बढ़ते जलस्तर की वजह से हजारों नाविकों और घाट किनारे छोटे दुकानदारों की जीविका पर संकट गहरा गया है। केंद्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, काशी में गंगा का चेतावनी बिंदु 70.26 मीटर है, जबकि जलस्तर 68.70 मीटर तक पहुंच गया है। मां गंगा निषाद राज सेवा न्यास के संगठन मंत्री शंभू निषाद ने बताया कि रामनगर से लेकर आदिकेशव घाट के बीच एक हजार से ज्यादा नावें, मोटरबोट और बजड़े चलते हैं। इनके संचालन पर रोक से हजारों नाविकों के सामने परिवार चलाने की समस्या खड़ी हो गई है।

पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई–निविदा सूचना

NER-LJN-2025-121, 122 & 124

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/ इंजीनियरिंग /पूर्वोत्तर रेलवे/ लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत है– **ई निविदा संख्याः**– NER-LJN-2025-121, **कार्य का नामः**– लखनऊ मण्डल –08 (हाल्ट) स्टेशनों (प्लेटफार्म की लंबाई 450 मीटर) पर 09 यात्री प्लेटफार्म को लो लेवल से हाई लेवल तक ऊंचा किया जाना। (महावन खोर हॉल्ट (एलएचएनआर पीएफ–1), नाईकोट (एनआईटी पीएफ–1), पुरंदरपुर (पीडीपीआर पीएफ–1), रामचौरा (आरसीआरए पीएफ–1), रजागंज (आरजेडजे पीएफ–1), और बभन जोतिया हॉल्ट (बीएनजीवाई पीएफ–1 और पीएफ–2), भवानीपुर कलां (बीडब्ल्यूपी पीएफ–1), लैबुडवा (एलबीडब्ल्यू पीएफ–1)। **अनुमानित लागत (रु):**– 16,44,23,337.37, **अग्रिम धन (रु):**– 9,72,100.00, **समापन अवधिः**– 15 माह, **ई निविदा संख्याः**– NER-LJN-2025-122, **कार्य का नामः**–लखनऊ मण्डलः 07 (हाल्ट) स्टेशनों (प्लेटफार्म की लंबाई 450 मीटर) पर 07 यात्री प्लेटफार्म को लो लेवल से हाई लेवल तक ऊंचा किया जाना। (लक्ष्मणपुर (एलएचएनआर पीएफ–1), मनवा (एमएएनडब्ल्यू पीएफ–1), रावतगंज (आरजे पीएफ–1), सीतापुर कचहरी (एसटीआरके पीएफ–1), सुरैंचा (एसयूआईए पीएफ–1), योगेंद्रधाम (वाईईएम पीएफ–1), और त्रिलोकपुर (टीपीबी पीएफ–1)। **अनुमानित लागत (रु):**–12,69,60,172.21, **अग्रिम धन (रु):**– 7,84,800.00, **समापन अवधिः**– 12 माह, **ई निविदा संख्याः**– NER-LJN-2025-124, **कार्य का नामः**– लखनऊ मण्डलः– 10 (हाल्ट) स्टेशनों (प्लेटफार्म की लंबाई 450 मीटर) पर 10 यात्री प्लेटफार्म को लो लेवल से हाई लेवल तक ऊंचा किया जाना। अहिरौली (एएचयू) पीएफ–1, भागीरथपुर (बीएचजीपी) पीएफ 1, बरवा कलां (बीआरएसए) पीएफ–1, बरई जलालपुर (बीजेएलपी) पीएफ–1, कौड़िया जंगल (जेकेआई) पीएफ–1, झामट (जेएलटी) पीएफ–1, लोहारपुरवा (एलपीडब्ल्यू) पीएफ–1, लोक विद्यापीठ नगर (एलवीआर) पीएफ–1, महादेव बुजुर्ग (एमएचबीजी) पीएफ–1, महथा बाजार (एनएचबीजेड) पीएफ–1। **अनुमानित लागत (रु):**– 17,34,76,690.82, **अग्रिम धन (रु):**–10,17,400.00, **समापन अवधिः**– 16 माह, 1. उपरोक्त ई–निविदा संख्या NER-LJN-2025-121, 122 & 124 के लिये ई–निविदा दिनांक 05.08.2025 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई–निविदा खोली जायेंगी। 2. उपरोक्त ई–निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकार ई निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई–निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग

मुजाधि/डब्लू–163 लखनऊ

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

पूर्वोत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना सं. DCE-BL-04-2025

अधिशासी अभियन्ता/पुल/चालू लाईन/ पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ई–निविदा आमंत्रित करते हैं:– **क्र.सं. 1.; ई–निविदा संख्याः** DCE-BL-04-2025; ; **कार्य का विवरणः** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल के आनन्द नगर–गोण्डा खण्ड पर स्थित पुल सं. 71 (4x12.2m) एवं 20 (4x12.2m) पर Instrumentation for validation of RSI analysis for continuation of LWR का कार्य।; **अनुमानित लागत(₹):** ₹88,50,000/- (रु० अट्ठासी लाख पचास हजार मात्र) ; **बयाने की राशि(₹):** ₹1,77,000/- (रु० एक लाख सतहत्तर हजार मात्र); **निविदा प्रपत्र का मूल्यः** शून्य; **स्वीकृति पत्र जारी होने के तिथि से कार्य की समापन अवधिः** 06 (छः) माह; 1. ई–निविदा खुलने की तिथिः दिनांक 08.08.2025 को 11:00 बजे; 2. ई–निविदा की प्राप्ति की तिथिः दिनांक 08.08.2025 को 10:59 बजे तक। 3. ई–निविदा सूचनाएं योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

अधिशासी अभियन्ता/पुल/चा०ला०,

मुजाधि/डब्लू–165 गोरखपुर

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

पूर्वोत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों के लिए "खुली" निविदा वरिष्ठ मंडल विद्युत इन्जीनियर/ सा०, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है :– **निविदा सं०, वमंविइ–लजं०–24–2025,** कार्य का विवरण : इलेक्ट्रिक लोको की होमिंग के लिए डीजल शेड में सुविधाओं का विस्तार, एलजेएन डिवीजन के जीडी, जीकेपी, जीकेसी, बीएसटी, जेईए, जीडी, बीयूडब्ल्यू, जीटीएनआर, एसटीपी, बीएलपी, एमएलएन और एसयूबीआर स्टेशन पर पाथवे लाइटिंग सुविधाओं और पोर्टा केबिन का प्रावधान। अनुमानित लागत : रू. 9967305.23, बयाना राशि : रू. 199400.00, निविदा मूल्य – रू. 00.00, कार्य सम्पादन की अवधि – 06 माह। **निविदा सं०, वमंविइ– लजं०–25–2025,** कार्य का विवरण : सिद्धार्थ नगर स्टेशन पर अन्य सुविधाओं के साथ द्वितीय प्रवेश द्वार (दक्षिण की ओर) के प्रावधान के संबंध में विद्युत कार्य। अनुमानित लागत : रू. 18511729.16, बयाना राशि : रू. 242600.00, निविदा मूल्य – रू. 00.00, कार्य सम्पादन की अवधि – 06 माह। उक्त निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि व समय : 12.08.2025 को 15.00 बजे। **नोट :** इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु, कृपया भारतीय रेलवे के वेबसाईट http://www.ireps.gov.in को देखें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इन्जीनियर/सामान्य

मुजाधि/विद्युत- 93 लखनऊ

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

पूर्वोत्तर रेलवे — शुद्धिपत्र

निविदा संख्या 26255055, जो दिनांक 15.07.2025 को खुलने वाली थी एवं निविदा सूचना संख्या 32 दिनांक 16.06.2025 के अंतर्गत मद संख्या 05 में निम्नलिखित संशोधन किया जाता है

मद सं.	मद विवरण	वर्तमान प्रविष्टि	अब पढ़ा जाए
05	एनआईटी हेडर (निविदा आइटम)	आई आर एस स्पेसिफिकेशन T–44–2023 (सेकण्ड रिविजन)	आई आर एस स्पेसिफिकेशन एस.एल सं T–44 (थर्ड रिविजन)
	मद विवरण	आई आर एस स्पेसिफिकेशन T–44–2023 (सेकण्ड रिविजन)	आई आर एस स्पेसिफिकेशन एस.एल सं T–44 (थर्ड रिविजन)
	निविदा खुलने की तिथि	15/07/2025	31/07/2025

अन्य सभी नियम एवं शर्ते यथावत रहेंगी। नोटः उपरोक्त निविदा सूचना को पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ner.indianrailways.gov.in एवं भारत सरकार की वेबसाइट www.tenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

मुजाधि/एस–27 प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक/गोरखपुर

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

पूर्वोत्तर रेलवे — निविदा सूचना संख्याः 34 दिनांक 15-07-2025

Website: www.ner.indianrailways.gov.in, Email: cos@ner.railnet.gov.in

ई–प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा आमंत्रण

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर-273012 कृते भारत के राष्ट्रपति तथा उनकी ओर से ई-प्रोक्योरमेंट के माध्यम से निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का पूर्ण विवरण तथा नियम एवं शर्ते वेबसाइट *www.ireps.gov.in* पर देखा जा सकता है।

क्र. सं.	निविदा संख्या	खुलने की तिथि	सामग्री का विवरण	Qty.
1	26250665	06-10-2025	पीवीसी फ्लोरिंग रोल 2X1850X14000 एमएम कलर ईटीसी	907 Nos.
2	35250962	09-09-2025	लोको साइड बफर असेम्बली ईटीसी	121 Nos.
3	22251099	25-08-2025	लैटरल बम्प स्टाप फार फिएट बोगीज ईटीसी	7339 Nos.
4	26255144	18-08-2025	सीएमएस क्रासिंग फार बीजी 60 केजी (यूआईसी) आन पीएससी ईटीसी	50 Sets.
5	24250293	13-08-2025	आईओएच किट फार आरआर 20100 सीजी (एम) एल्गी कम्प्रेस ईटीसी	25 Sets.
6	22252084	11-08-2025	साइलेंट ब्लाक टाईप बी (बोल्टेड डिजाइन) ईटीसी	677 Nos.
7	22251097	09-08-2025	नान एस्बेस्टस बेस्ड आर्गेनिक ब्रेक पैड 400 ईटीसी	31132 Sets.
8	22250745	08-08-2025	हैंगर फार बोगी बोल्स्टर सस्पेंशन ईटीसी	14029 Nos.
9	22251415A	08-08-2025	बोगी सेन्टर पीवट टाप फार कैनसब बोगी ईटीसी	2292 Nos.
10	24251020	08-08-2025	मेटालाइज्ड कार्बन स्ट्रीप सुटेबुल फार ईटीसी	460 Nos.
11	22241148A	05-08-2025	फेस प्लेट फार बफर प्लंजर ईटीसी	4443 Nos.
12	22250735	04-08-2025	रिवाईज्ड आईआरएस साइड बफर केसिंग फार बीजी ईटीसी	1489 Nos.
13	22252048A	04-08-2025	एअर स्प्रिंग असेम्बली कैपेसीटी 160 केएन टू ईटीसी	537 Nos.
14	22251216	02-08-2025	सेकेण्डरी वर्टिकल डैम्पर फार नान एसी ईटीसी	2319 Nos.
15	22251810A	01-08-2025	मेन्टेनेन्स किट 02 फार अर्थिंग इक्यूपमेंट ईटीसी	2735 Nos.
16	26255084	31-07-2025	मैन्यूफैक्चर एण्ड सप्लाई आफ सीआई ब्रैकेट ईटीसी	16670 Nos.
17	26255086A	31-07-2025	मैन्यूफैक्चर एण्ड सप्लाई आफ जागल्ड फिश ईटीसी	13264 Sets.
18	26255140	31-07-2025	मैन्यूफैक्चर एण्ड सप्लाई आफ सीएमएस क्रासिंग ईटीसी	224 Sets.

मुजाधि/एस–25 प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर/टी.आर.एस./पूर्वोत्तर रेलवे, लोको शेड गोण्डा द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु खुली ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना संख्या एवं कार्य का नामः- निविदा सूचना संख्या-** LS-GD-2025-CabAC_Retrofit, "इलेक्ट्रिक इंजनों में टूफ सहित, कैब में एयर कंडीशनिंग का रेट्रो-फिटमेंट और कैब के थर्मल इन्सुलेशन का प्रावधान", **अनुमानित लागत (रू में):** ₹ 3,76,58,565.00, **निविदा की अवधिः** 24 माह, **अग्रिम धन राशि (रू में):** ₹ 3,38,300.00 । **नोटः- 1.** ऑफर अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय 06/08/2025, 12:00 बजे । **2.** इस ई-निविदा से सम्बंधित विस्तृत जानकारी, न्यूनतम अर्हताये तथा नियम एवं शर्तें, रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। **3.** निविदाकार, ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा से सम्बंधित शुद्धि पत्र (यदि कोई हो) को वेबसाइट पर संज्ञान मे लेना सुनिश्चित करे।

समंविइं/टीआरएस

मुजाधि/विद्युत-92 लोको शेड गोण्डा

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-प्रापण निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते हैं :

क्र. सं. : 1, ई-प्रापण निविदा संख्या : उप मु.इं.-नि.-गोंडा-07-2025 क्लोजिंग दिनांक 08.08.2025, **कार्य का नाम :** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के गोण्डा-बुढ़वल तीसरी लाइन निर्माण परियोजना के अंतर्गत रेल पथ के रखरखाव एवं विविध कार्यों का इक्जीक्यूशन, **अनुमानित निविदा मूल्य :** रु. 3,77,93,298.08, **बयाना राशि :** रु. 3,39,000.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** रु. 00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 18 (अठारह) माह।

• बिड प्रारम्भ करने की तिथि - **दिनांक 25.07.2025** • उपरोक्त ई-निविदा सबमिशन की अन्तिम तिथि - **दिनांक 08.08.2025 15.00 बजे तक** • उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथि - **दिनांक 08.08.2025 15.30 बजे** • निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट https://ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होंगे।

श्री सुनील कुमार सिंह कार्यपालक इंजी./नि./गोण्डा 9794844284

उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण/गोण्डा

मुजाधि/डब्ल्यू-164

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

कार्यालय-खण्ड विकास अधिकारी कसया-कुशीनगर

पत्रांक : 307/लेखा/निविदा/2025-26 दिनांक : 11-07-2025

निविदा आमंत्रण सूचना

क्षेत्र पंचायत कसया–कुशीनगर द्वारा पंचम वित आयोग/केन्द्रिय वित (15वॉ वित्त)/मनरेगा/आदि योजनानतर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 में क्षेत्र पंचायत कसया की बैंठक में अनुमोदित प्रस्तावित परियोजनाओं पर कराये जाने वाले निर्माण कार्यो पर सामग्री की आपूर्ति जैसे (सीमेंन्ट, प्रथम श्रेणी ईट, द्वितीय श्रेणी ईट, ईट की गिट्टी 40एम.एम., सफेद बालु, लोकल बालु, मोरंग बालु, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम., रोड वर्क/विल्डिंग वर्क, एम.एस.वार सरिया, टी.एम.टी. 8 एम.एम./10 एम.एम./12 एम.एम., तार, मुर्गा जाली, सफेद सीमेंन्ट, पुट्टी, चुना, समोसम, पेन्ट, एपेक्स पेन्ट, प्राईमर, आयल डिस्टेम्पर, इण्टरलाकिंग ईट, ह्यूम पाईप कालर सहित, 1000 एम.एम./900 एम.एम./600 एम.एम./450एम.एम./350एम.एम./250 एम.एम./200 एम.एम., पी0बी0सी0 पाईप 150 एम.एम. डी0आई0ए0, पी0बी0सी0 पाईप 100 एम.एम. डी0आई0ए0, प्लारिटक शीट 125 माईक्रान, आर0सी0सी0 ब्रेच, सरिया, टाईल्स, साईन बोर्ड, कैरेज मिट्टी, फोटोग्राफ, आर0ओ0 अवस्थापना कार्य एवं अन्य सामग्री) हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक पंजीकृत फर्म/आपूर्तिकर्ता अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्रों के साथ वन्द लिफाफा में खण्ड विकास अधिकारी, कसया के कार्यालय में रखें गये निविदा बाक्स में दिनांक 31.07.2025 को अपराह्न 2.00 बजे तक डाल सकते है, उक्त निविदा उसी दिन अपराह्न 3.00 बजे विकास खण्ड पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जायेगी। निविदा फार्म कार्यालय अवधि में दिनांक 25.07.2025 से दिनांक 28.07.2025 तक निधारित मूल्य 590.00 जमा कर निविदा फार्म प्राप्त किया जा सकता है।

नियम व शर्ते निम्नवत् है –

1. पंजीकृत फर्म का जी0एस0टी0 में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा 03 वर्ष का आयकर क्लियरेन्स संलग्न करना अनिवार्य है।
2. जो दरे प्रस्तुत की जाय उसमें कार्टेज आदि जोड़कर प्रस्तुत किया जायेगा।अलग से कोई भाड़ा आदि देय नही होगा।
3. आपूर्तिकर्ता फर्म के बिल से 2.00 प्रतिशत आयकर व 2.00 प्रतिशत जी0एस0टी0 की कटौती की जायेगी।
4. प्रस्तुत दरे पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नही होगा।
5. खण्ड विकास अधिकारी/प्रमुख/अवर अभियन्ता/सहायक लेखाकार के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा निविदा प्रस्तुत नही की जायेगी। इस आशय का प्रमाण पत्र दस रूपये के स्टैम्प पेपर पर नोटरी संलग्न करना अनिवार्य होगा।
6. निविदा धरोहर की धनराशि मु0 1,00,000.00 (एक लाख मात्र) राष्ट्रीयकृत बैंक का एफ0डी0आर0 /एन0एस0सी0 /डाक बचत पत्र के रूप में खण्ड विकास अधिकारी, कसया के नाम बन्धक हो, की मूल प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त खण्ड विकास अधिकारी के आदेश देने के 07 दिन के अन्दर सामग्री की आपूर्ति करना होगा। अन्यथा की स्थिति में जमानत धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
8. सामग्री की आपूर्ति स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
9. सामग्री की मात्रा घटायी अथवा बढ़ाई जा सकती है।
10. आपूर्तिकर्ता को भुगतान अवर अभियन्ता (ग्रा0अ0वि0) द्वारा सामग्री की गुणवक्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा।
11. खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय कसया से निविदा प्रपत्र जिसका मूल्य 590.00 रू0 है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
12. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ख0वि0अ0 के पास सुरक्षित होगा।
13. खण्ड विकास अधिकारी का निर्णय ही सर्वमान्य होगा।
14. किसी भी वाद विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र कुशीनगर होगा।

(रीना यादव)
प्रमुख
क्षेत्र पंचायत कसया- कुशीनगर

(सुभाष चन्द्र)
खण्ड विकास अधिकारी
कसया- कुशीनगर

> इंदिरा गांधी ने ऑपरेशन ब्लू स्टार के लिए ब्रिटिश सैनिकों का सहयोग लिया। इसके बाद ब्रिटिश प्रधानमंत्री मारग्रेट थैचर को पत्र लिखकर अपनी आंतरिक समस्याएं साझा कीं।
> —— निशिकांत दुबे, भाजपा सांसद

एमएमएमयूटी को मिला 2.30 करोड़ का शोध अनुदान

गोरखपुर(एसएनबी)। मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विवि (एमएमएमयूटी) को भारत सरकार की प्रतिष्ठित अनुसंधान योजना 'पार्टनरशिप फॉर एक्सीलरेटेड इनोवेशन एंड रिसर्च' के तहत 2.30 करोड़ रुपये की पहली किस्त प्राप्त हुई है। यह राशि कुल 100 करोड़ रुपये की स्वीकृत अनुदान राशि का हिस्सा है, जो नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (एएनआरएफ) के तहत विश्वविद्यालय को दी जा रही है।

इस परियोजना के अंतर्गत आईआईटी आईएसएम धनबाद को 'हब' संस्थान और एमएमएमयूटी को 'स्पोक' संस्थान के रूप में नामित किया गया है। दोनों संस्थान मिलकर 'डेवलपमेंट ऑफ इनोवेटिव एंड कटिंग एज इंडीजिनस टेक्नोलॉजीज फर क्रिटिकल मिनरल एक्सप्लोरेशन एंड स्मार्ट सस्टेनेबल माइनिंग' विषयक परियोजना पर कार्य करेंगे। इस परियोजना का उद्देश्य स्वदेशी तकनीकों के माध्यम से महत्वपूर्ण खनिजों की खोज और स्मार्ट, टिकाऊ खनन तकनीकों का विकास करना है, जिससे पर्यावरण संरक्षण और संसाधनों का बेहतर उपयोग संभव हो सके।

एमएमएमयूटी के 11 शिक्षक अन्वेषक के रूप में करेंगे कार्य : इस परियोजना में एमएमएमयूटी के विभिन्न विभागों के कुल 11 शिक्षक बतौर अन्वेषक कार्य करेंगे। इनमें प्रो. विट्ठल एल. गोले, डॉ. शैलेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ.पल्लव गुप्ता, डॉ.प्रतीक खरे,डॉ. सुधांशु वर्मा, डॉ.रवि शंकर, प्रो. राजेश कुमार यादव, डॉ. रितेश मौर्य, प्रो. संजय सोनी, डॉ. सत्य प्रकाश यादव और डॉ.अनुपम साहू शामिल हैं। वहीं परियोजना निदेशक के रूप में आईआईटी-आईएसएम धनबाद के प्रो.

- यह राशि कुल 100 करोड़ के स्वीकृत अनुदान की पहली किश्त
- आईआईटी आईएसएम धनबाद के साथ करेगा खनन तकनीकों पर शोध
- पर्यावरण संरक्षण और संसाधनों के बेहतर उपयोग को देगा बढ़ावा

धीरज कुमार कार्यभार संभालेंगे।

एमएमएमयूटी एनआईआरएफ रैंकिंग में श्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर चयनित : पीएआईआर योजना के तहत देश के कुल 18 हब संस्थानों और 106 स्पोक संस्थानों का चयन किया गया है। इनमें से एमएमएमयूटी को एनआईआरएफ रैंकिंग में श्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर श्रेणी-1 में चयनित किया गया है। योजना के अंतर्गत 70 प्रतिशत अनुदान राशि स्पोक संस्थानों को दी जाएगी जबकि 30 प्रतिशत राशि हब संस्थान के पास रहेगी।

यूपी के चार विश्वविद्यालय ही इस योजना का हिस्सा : उत्तर प्रदेश से केवल चार राज्य विश्वविद्यालय महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विवि बरेली, बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी, छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर और एमएमएमयूटी गोरखपुर को इस योजना में शामिल किया गया है। इन्हें आईआईटी रोपड़, आईआईटी इंदौर,आईआईटी कानपुर और आईआईटी-आईएसएम धनबाद के माध्यम से तकनीकी सहयोग और वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत शुरू किए गए इस कार्यक्रम का उद्देश्य उन संस्थानों में अनुसंधान संस्कृति को सुदृढ़ करना है, जहां अब तक शोध की सीमित गतिविधियां हो रही थीं। एमएमएमयूटी के कुलपति प्रो. जे. पी. सैनी ने विश्वविद्यालय के चयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे संस्थान की अनुसंधान क्षमताओं के लिए महत्वपूर्ण अवसर बताया है।

टू डी इको मशीन खराब, गंभीर मरीजों को हो रही दिक्कत

गोरखपुर (एसएनबी)। टू डी मशीन सप्ताह दो सप्ताह से नहीं बल्कि पिछले दो माह से खराब है। जिम्मेदार हैं कि जानकारी होने के बावजूद मशीन ठीक नहीं करा रहे हैं। ऐसे में गंभीर मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। भर्ती मरीजों को टू डी इको जांच के लिए एंबुलेंस बुलाकर बाहर जाना पड़ रह है। बाहर उनको पैसा भी अधिक खर्च करना पड़ रहा है और सांसत जो रही है वह अलग।

बीआरडी मेडिकल कालेज के के पीएमएसवाई नई बिल्डिंग में कार्डियो विभाग है। यहीं दिल के मरीजों की जांच के लिए टू डी इको मशीन लगी थी। मेडिकल सूत्रों की मानें तो पिछले दो माह से यह मशीन खराब पड़ी है, फिर भी जिम्मेदार है कि बनवाना तो दूर मशीन चल रही है या खराब है, यह भी जानना उचित नहीं समझ रहे हैं। दिक्कत हो रही है गंभीर मरीजों को क्योंकि जांच कराने को डाक्टर लिख दे रहे हैं और इसके बाद मरीजों को

- दिल की जांच कराने के लिए मरीजों को मेडिकल कालेज से बाहर ले जाने को मजबूर हैं तीमारदार
- एंबुलेंस वालों की कट रही है चांदी, दर्जनों मरीजों को हर रोज टूडी इको जांच के लिए जाना पड़ता है बाहर
- मेडिकल कालेज के कार्डियो विभाग में लगी थी टू डी इको मशीन लेकिन पिछले दो माह से है खराब

एंबुलेंस बुलवाकर जांच के लिए बाहर जाना पड़ रहा है? इसी में से ज्यादातर मरीजों को एंबुलेंस वाले गुमराह कर 'सेटिंग' वाले नर्सिंग होम पहुंचा दे रहे हैं। जानकार बताते हैं कि दिल की जांच के लिए हर दिन दर्जनों मरीजों को मेडिकल कालेज से निकलकर बाहर जाना पड़ रहा है। एंबुलेंस वालों की चांदी कट रही है क्योंकि उनकी मनमौजी कमाई जो हो जा रही है। ऐसे में एक-दो मरीजों को वह गुमराह कर नर्सिंग पहुंचाने में सफल हो गया तो फिर कमाई का क्या पूछना? दूर-दराज से आने वाले मरीजों को खासकर जो गंभीर हैं उनको टू डी इको कराने के लिए मेडिकल कालेज से बाहर जाना बहुत ही मुश्किल काम हो जाता है। इस संबंध में पूछे जाने पर नेहरू चिकित्सालय के मुख्य चिकित्साधिकारी डा. बीएन शुक्ला का कहना है कि एक बार खराब हुआ था तो टू डी इको मशीन को बनवा दिया गया था। इस बार खराब हो गया है, जानकारी करके उसको ठीक करवाता हूं।

भटनी वाराणसी रेलखंड पर गिरा पेड़ घंटों प्रभावित रहीं एक दर्जन ट्रेनें

सलेमपुर (देवरिया) (एसएनबी)। देवरिया के सलेमपुर में प्रानछपरा गांव के पास बुधवार सुबह 6.15 बजे एक बड़ा पेड़ रेलवे ट्रैक पर गिर गया। पेड़ गिरने से ओवरहेड इलेक्ट्रिक वायर टूट गई। इस दौरान भटनी से वाराणसी जा रही पैसेंजर ट्रेन पर बिजली का तार गिरने से बड़ा हादसा टल गया। घटना में कोई यात्री घायल नहीं हुआ। हालांकि ट्रेन का संचालन तुरंत रोक दिया गया। भटनी रेलवे स्टेशन पर दादर एक्सप्रेस दो घंटे तक खड़ी रही। मऊ-छपरा पैसेंजर ट्रेन को सलेमपुर में तीन घंटे तक रोका गया।

मऊ स्टेशन से रेलवे के विद्युत विभाग और मेंटेनेंस टीम मौके पर पहुंची। टीम ने तत्काल मरम्मत कार्य शुरू किया। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि लाइन को पूरी तरह सुरक्षित बनाने के बाद ही यातायात बहाल किया जाएगा। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि इस क्षेत्र में कई पुराने और सूखे पेड़ रेलवे ट्रैक के आसपास हैं। ये पेड़ कभी भी खतरा बन सकते हैं। उन्होंने रेलवे प्रशासन से इन पेड़ों की छंटाई की मांग की है। रेलवे प्रशासन ने घटना की जांच शुरू कर दी है। आगे की सतर्कता बरतने के निर्देश जारी किए गए हैं। बृजेश कुमार मिश्र ने बताया कि घटना के कारण अलग-अलग ट्रेनों को भटनी और सलेमपुर रेलवे स्टेशन पर रोका गया।

टिनिच स्टेशन के पूर्वी क्रासिंग पर फंसी पिकअप, दस मिनट तक रूकी रही ट्रेन

टिनिच (बस्ती) (एसएनबी)। गोरखपुर गोण्डा रेल खण्ड पर टिनिच रेलवे-स्टेशन के के पूर्वी गेट पर बुधवार लगभग 2 बजे गेट संख्या 206 से रद्दी लाद कर जा रहा पिकप ट्रैक पर फंस गया। जिसकी वजह से आम्रपाली एक्सप्रेस ट्रेन को टिनिच आऊटर पर करीब 10 मिटन तक रूकना पड़ा। स्थानीय लोगों की मेहनत से पिकअप को धक्का देकर किसी तरह ट्रैक से निकाला गया और ट्रेन का परिचालन बहाल हुआ। जानकारी के अनुसार रेलवे द्वारा रेल मरम्मत के दौरान टिनिच स्टेशन के पूर्वी फाटकर पर स्थित ट्रैक से गिट्टी खाड़ी गयी थी। इस दौरान सामानों से लोड़ पिकअप का पहिया गड्ढे में फंस गया। चालक द्वारा काफी प्रयास के बाद भी वाहन को निकालने में सफलता नहीं पायी। तब तक गोरखपुर के तरफ से गोण्डा की तरफ जा रही आम्रपाली एक्सप्रेस आकर आऊटर सिग्नल के पास खड़ी हो गयी। राहगीरों ने पिकअप को धक्का देकर निकालने का प्रयास किया पर सफल नहीं हो सके। इस दौरान मानपुरवा गांव के लोगों ने ट्रैक्टर से धक्का देकर पिकअप को निकाला। इस दौरान लगभग 10 मिनट तक एक्सप्रेस ट्रेन खड़ी रही। पिकअप के निकलने के बाद गेटमैन ने गेट गिरा कर ट्रेन को पास किया।

महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देगी बीमा सखी योजना : दीपक

बीमा सखी योजना के प्रचार वाहनों को रवाना करते हुए मंडल प्रबंधक (प्रभारी) दीपक चावला और विपणन प्रबंधक संजीव गर्ग। फोटो : एसएनबी

गोरखपुर (एसएनबी)। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के मंडल प्रबंधक (प्रभारी) दीपक चावला ने बुधवार को बीमा सखी योजना के प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बीमा सखी योजना का मुख्य उद्देश्य महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है और ग्रामीण क्षेत्रों में बीमा सेवाओं का विस्तार करना है। यह योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाने और उन्हें समाज में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने बताया कि बीमा सखी योजना में महिलाओं को तीन साल स्टाइपेंड के साथ एलआईसी एजेंट बनने की ट्रेनिंग दी जाती है। सफल प्रशिक्षण के बाद महिलाएं अपने क्षेत्र में एलआईसी अभिकर्ता के रूप में काम कर सकती हैं। विपणन प्रबंधक संजीव गर्ग ने कहा कि यह योजना न केवल महिलाओं को सशक्त बनाएगी बल्कि यह देश के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देगी। इस अवसर पर अरविंद पुनेठा, विकास श्रीवास्तव, संजीव श्रीवास्तव, सुनील तिवारी प्रबंधक (दावा), प्रदीप मिश्रा, ए एन दुबे, डीपी मिश्र, एनके तिवारी, राजेश राय, पानंद सहित कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

कोर्ट के आदेश की अवहेलना में कोतवाल निलंबित

सलेमपुर (देवरिया)(एसएनबी)। कोर्ट के आदेश की अवहेलना के आरोप में सलेमपुर के कोतवाल संतोष कुमार सिंह को एसपी विक्रांत वीर ने मंगलवार को निलंबित कर दिया। एक दिन पहले हाईकोर्ट ने नाराजगी जाहिर करते हुए एसपी को कार्रवाई के निर्देश दिए थे। जानकारी के मुताबिक, सात जुलाई को हाईकोर्ट के आदेश पर स्रात जुलाई को अपर जिला जज विवेक कुमार सिंह रामपुर बुजुर्ग गांव में पोखरी पर अतिक्रमण का मौका मुआयना करने गए थे। इसके बावजूद कोतवाल ने मौके पर पहुंचना या पुलिसकर्मियों को भेजना उचित नहीं समझा था। रामपुर बुजुर्ग गांव में आराजी नंबर 259 पोखरी की 202 एयर जमीन पर कुछ लोगों ने अतिक्रमण कर लिया था। गांव की भागमनी देवी पत्नी राधेश्याम सिंह ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर पोखरी की भूमि से अतिक्रमण हटवाने की मांग की थी। तहसील प्रशासन में पैमाइश कराकर कब्जा खाली कर दिया था। इसके बावजूद वादिनी संतुष्ट नहीं हुईं और दोबारा हाईकोर्ट में अन्य लोगों के भी जमीन कब्जा करने की शिकायत की।

- हाईकोर्ट ने एसपी को कोतवाल पर कार्रवाई करने के दिए थे निर्देश

हाईकोर्ट ने डीएम को मौके पर जाकर जांच करने और फोटो उपलब्ध कराने का आदेश दिया। इसके बाद डीएम दिव्या मित्तल रामपुर बुजुर्ग गांव पहुंचीं। उन्होंने पोखरी की पैमाइश कराने के बाद चूना गिरवाकर सीमांकन कराया। पुनः वादिनी ने पोखरी पूर्ण रूप से कब्जा मुक्त न होने की शिकायत की। 31 मई को न्यायाधीश विवेक कुमार सिंह ने पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता अनिल कुमार जाटव, एसडीएम दिशा श्रीवास्तव, तहसीलदार अलका सिंह की देखरेख में पैमाइश कराई। अपरजिला जज ने मौके पर पुलिस फोर्स पर्याप्त न होने की रिपोर्ट हाईकोर्ट को भेज दी। सोमवार को पेशी के दौरान जब हाईकोर्ट में अपर जिला जज का रिपोर्ट पहुंचा तो हाईकोर्ट के न्यायाधीश ने फोन पर एसपी को फटकार लगाते हुए सलेमपुर के कोतवाल को तत्काल निलंबित करते हुए उन्हें अगले दिन हाईकोर्ट में पेश होने के निर्देश दिए। इसके बाद आनन फानन एसपी विक्रांत वीर ने मंगलवार की सुबह कोतवाल संतोष कुमार सिंह को निलंबित कर दिया। विभागीय कार्रवाई होने के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया।

एनसीसी कैडेट्स ने दस मेडल व शील्ड जीता

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेटों को सम्मानित कर उपस्थित कुलपति प्रो.पूनम टंडन साथ में मेजर प्रो.विनीता पाठक।

गोरखपुर(एसएनबी)। 15 यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी द्वारा आयोजित 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में दीदउ गोविवि की 5/15 यूपी गर्ल्स बटालियन की कैडेट्स ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में कुल 10 मेडल और शील्ड प्राप्त किए। बुधवार को विजयी कैडेट्स ने कुलपति प्रो. पूनम टण्डन से भेंट कर अपने अनुभव साझा किए।

यह शिविर 30 जून से 09 जुलाई तक राजकुमारी राजदेव त्रिलोकीनाथ पीजी कॉलेज, जोन्हिया भीटी रावत में आयोजित किया गया था जो 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण देने के लिए था। इस

- एनसीसी शिविर में विवि की बेटियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन
- दस दिवसीय शिविर में विभिन्न प्रतियोगिताओं में लिया था भाग

शिविर में लगभग 500 एनसीसी कैडेट्स ने प्रतिभाग किया। शिविर का उद्देश्य कैडेट्स में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और देशभक्ति की भावना को विकसित करना था।शिविर के दौरान कैडेट्स को ड्रिल, मानचित्र अध्ययन, फायरिंग, कम्पास रीडिंग, जमीनी संकेतों की पहचान तथा विभिन्न हथियारों को खोलने और जोड़ने जैसी सैन्य गतिविधियों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।विशेष रूप से निक्की कन्नौजिया (कैम्प सीनियर), नन्दनी, स्नेहा, मुस्कान (क्वार्टर गार्ड), सलोनी सिंह (कम्पनी सीनियर), निकिता (लाइन एरिया), कृतिका (क्विज प्रतियोगिता), पलक (चित्रकला) तथा अंजली (एकरिंग) ने शानदार प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया।

डीडीयू के शोधार्थी का सहायक प्रोफेसर के पद पर चयन

गोरखपुर(एसएनबी)। वनस्पति विज्ञान विभाग, दीदउ गोविवि के शोधार्थी डॉ. शुभम जायसवाल ने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) द्वारा आयोजित सहायक प्रोफेसर (वनस्पति विज्ञान)-2022 परीक्षा में सफलता प्राप्त कर सहायक प्रोफेसर पद हेतु चयनित होकर विश्वविद्यालय एवं विभाग का गौरव बढ़ाया है। डॉ. शुभम जायसवाल ने अपनी पीएच.डी. की उपाधि डॉ. वीरेन्द्र कुमार मधुकर शोध निर्देशक, वनस्पति विज्ञान विभाग, दीदउ गोविवि से प्राप्त की।

इंटरनेशनल स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप में गोरखपुर विजयी

गोरखपुर (एसएनबी)। नेपाल में आयोजित इंडो इंटरनेशनल स्कूल स्पोर्ट्स खो खो चैम्पियनशिप में गोरखपुर ने नेपाल को 35-2 से हराकर खिताब अपने नाम किया। टीम को विजयी बनाने में कप्तान रितिक कन्नौजिया, अतुल यादव, भोला नाथ, विशाल यादव, अविनाश यादव, सुमित कुमार, अभय प्रताप चौहान, उपेंद्र यादव की अहम भूमिका रही। टीम कोच करण चौधरी व अरविंद कुमार कन्नौजिया ने टीम मैनेजर की भूमिका निभायी।

कक्षाओं का नियमित संचालन करें शिक्षक

गोरखपुर(एसएनबी)। दीदउ गोविवि में बुधवार से नया शैक्षणिक सत्र प्रारंभ हो गया। सत्र के पहले दिन विद्यार्थियों की संख्या विभागों में थोड़ी कम रही, लेकिन सभी विभागों में विषम सेमेस्टर स्नातक (तृतीय, पंचम) तथा परास्नातक तृतीय सेमेस्टर की कक्षाएं विधिवत रूप से प्रारंभ हो गईं। प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने के बाद स्नातक एवं परास्नातक प्रथम सेमेस्टर की कक्षाएं भी संचालित की जाएगी। ग्रीष्मावकाश के बाद विश्वविद्यालय परिसर में पुनः शैक्षणिक गतिविधियों की रौनक लौट आई है। छात्र-छात्राओं की उपस्थिति के साथ ही शिक्षकों द्वारा निर्धारित समय-सारणी के अनुसार कक्षाएं संचालित की जा रही हैं।

विवि में नये शैक्षणिक सत्र विषम सेमेस्टर की कक्षा के प्रारम्भ में उपस्थित छात्राएं। फोटो : एसएनबी

कुलपति के निर्देशानुसार शैक्षणिक गुणवत्ता, समयबद्धता और अनुशासन सुनिश्चित करने हेतु सभी विभागाध्यक्षों को आवश्यक दिशा-निर्देश पहले ही प्रदान कर दिए गए हैं। विभागों में शैक्षणिक समितियों की बैठक कर आगामी सत्र की कार्ययोजना पर भी चर्चा की गई है। कुलपति प्रो. टंडन ने कहा कि विवि का प्रयास है कि शैक्षणिक कैलेंडर के अनुरूप समस्त गतिविधियाँ समय पर संचालित हों और छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाए। उन्होंने शिक्षकों से अपील की है कि वे अपनी कक्षाओं का संचालन नियमित रूप से करें और छात्रों की अकादमिक प्रगति के लिए सभी आवश्यक सहायता उपलब्ध कराएं। प्रशासनिक दृष्टि से भी विवि की सभी इकाइयां जैसे पुस्तकालय, छात्र कल्याण, छात्रावास, परीक्षा विभाग, खेलकूद परिषद आदि क्रियाशील हो गए हैं, जिससे विद्यार्थियों को सभी आवश्यक सुविधाएं सहज रूप से उपलब्ध हो सकें।

- डीडीयू का नवीन शैक्षणिक सत्र प्रारंभ
- सभी विभागों में विषम सेमेस्टर की चलीं कक्षाएं
- प्रथम सत्र की कक्षाएं प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद

वैष्णवी व अनन्या भारतीय हैंडबॉल टीम में शामिल

गोरखपुर (एसएनबी)। चीन में 17 से 26 जुलाई तक होने वाली 11वीं एशियाई अंडर-18 यूथ महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता में गोरखपुर की वैष्णवी सिंह और अनन्या यादव भारतीय टीम की ओर से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। गुजरात के साई सेंटर गांधीनगर में कैंप में प्रदर्शन के आधार पर गोरखपुर की दोनों बेटियों को भारतीय टीम में शामिल किया गया है। वैष्णवी व अनन्या रीजनल स्पोर्ट्स स्टेडियम में अभ्यास करती हैं। उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के महासचिव डा. आनंदेश्वर पांडेय, डा. राजेश यादव अध्यक्ष जिला हैंडबॉल संघ, डा. त्रिलोक रंजन सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, आले हैदर क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी, अरविंद कुमार यादव पूर्व इंटरनेशनल हैंडबॉल खिलाड़ी एवं सचिव जिला हैंडबॉल संघ, नफीस अहमद हैंडबॉल कोच रीजनल स्पोर्ट्स स्टेडियम गोरखपुर, संजय राय एवं मंजुला पाठक समेत कई लोगों ने दोनों खिलाड़ियों को प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

- गुजरात के साई सेंटर गांधीनगर में कैंप में प्रदर्शन के आधार पर गोरखपुर की दोनों बेटियों को भारतीय टीम में शामिल किया गया

प्रदेश में छात्र राजनीति की जंजीरें टूटेंगी : शीतल पांडेय

गोरखपुर(एसएनबी)। भारतीय युवक संघ की ओर से टाउनहॉल स्थित रविन्द्र भवन में बुधवार को छात्र नेता समागम के समर्थन में एक अहम बैठक आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों के छात्र, नौजवान, विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े युवा कार्यकर्ता और कई पूर्व छात्र नेता शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष व पूर्व विधायक शीतल पांडेय ने की।

अपने संबोधन में शीतल पांडेय ने कहा कि अब समय आ गया है जब उत्तर प्रदेश में छात्र राजनीति की जंजीरें टूटेंगी। छात्रसंघ केवल चुनाव नहीं, बल्कि नेतृत्व निर्माण और लोकतांत्रिक मूल्य गढ़ने का मंच है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में प्रदेश के शिक्षण संस्थानों में खोया हुआ लोकतंत्र फिर से स्थापित होगा। पूर्व अध्यक्ष राम सिंह ने कहा कि छात्रसंघ छात्रों की समस्याओं के समाधान का मजबूत मंच है और यह राजनीति की नर्सरी के रूप में कार्य करता है। वहीं पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम सिंह ने निजी शिक्षण संस्थानों की बेलगाम फीस वसूली पर चिंता जताते हुए कहा कि छात्रसंघ के अभाव में शिक्षा अब पूंजीपतियों के हाथों में कैद हो गई है।पूर्व अध्यक्ष दिनेश त्रिपाठी ने कहा कि छात्रसंघ के न होने से नेतृत्व का संकट खड़ा हो गया है और राजनीति में बाहुबलियों और धनबलियों का बोलबाला बढ़ गया है। छात्रनेता संजय पांडेय ने बताया कि 27 जुलाई को होने वाला गोरखपुर छात्र नेता समागम पूरे प्रदेश में हलचल मचा रहा है और इससे छात्र राजनीति को नई दिशा मिलेगी। डॉ. विनय सिंह जेआरएफ ने कहा कि आज छात्रसंघ मृतप्राय है, जो युवाओं के लिए बेहद चिंताजनक है। उन्होंने युवाओं से संगठित होकर आंदोलन की शुरुआत करने का आह्वान किया। ओम नारायण पांडेय ने कहा कि युवाओं का सम्मान करना सरकार का दायित्व है, और जब नौजवान नेतृत्व करेंगे तभी देश का भविष्य उज्ज्वल होगा। बैठक में डॉ. कुमार, शिव शंकर गौड़, डॉ अन्नू प्रसाद , अवनीश योगेन्द्र प्रताप सिंह, डा. उमाशंकर यादव, डा. महेन्द्र राय, राणा प्रताप पाठक, भाष्कर चौधरी, अंकित पांडेय 'टाइगर', और शुभम मिश्रा, जितेन्द्र सिंह, डॉ. पवन तिवारी समेत कई अन्य छात्र नेताओं ने विचार व्यक्त किए। संचालन रंजीत सिंह श्रीनेत ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन आदित्य प्रताप सिंह 'आगू' ने किया।

- छात्रसंघ की बहाली के समर्थन में गूंजा रविन्द्र भवन
- छात्र नेता समागम को मिला जोरदार समर्थन
- छात्रों की समस्याओं का मजबूत मंच है छात्रसंघ

छात्र नेता समागम को लेकर बैठक को सम्बोधित करते पूर्व विधायक शीतल पाण्डेय।

श्रावस्ती में भी छांगुर का नेटवर्क! झाड़-फूंक से बना सिराजुद्दीन, खड़ा किया मजहबी जाल। आलीशान मदरसा बना अड्डा - 300 छात्राएं कहां गईं..? सिराजुद्दीन का ससुराल बलरामपुर के उतरौला में है, वहीं उसके छांगुर से संबंध जुड़े, इससे उतरौला आना-जाना बढ़ा। अवैध मदरसा, विदेशी फंडिंग और झाड़-फूंक की आड़ में रचा गया षड्यंत्र! - पांचजन्य @epanchjanya

संक्षिप्त खबरें

इराक के एक और तेल क्षेत्र पर ड्रोन हमला

बगदाद। इराक के अर्द्ध-स्वायत्त उत्तरी कुर्द क्षेत्र में बुधवार को ड्रोन से तेल क्षेत्रों को निशाना बनाया, जो हाल के दिनों में हुए हमलों की श्रृंखला में नवीनतम है। इन हमलों के कारण कई तेल इकाई ठप हो गई हैं। किसी भी समूह ने इन हमलों की जिम्मेदारी नहीं ली है, जिससे बगदाद की केंद्रीय सरकार और कुर्द प्रशासन के बीच तनाव बढ़ गया है। कुर्द क्षेत्र के आतंकवाद निरोधक विभाग ने कहा कि दो ड्रोन ने जाखो जिले में एक तेल क्षेत्र पर हमला किया, जिससे नुकसान हुआ है। हालांकि, कोई हताहत नहीं हुआ है।

इस्राइल ने दमिश्क में रक्षा मंत्रालय के पास किया हमला

दमिश्क। इस्राइली सेना ने बुधवार को कहा कि उसने दमिश्क में सीरियाई रक्षा मंत्रालय के प्रवेश द्वार के पास हमला किया। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब सीरिया के दक्षिणी शहर सुवेदा में सेना और दरोज़ सशस्त्र समूहों के बीच संघर्ष विराम टूट जाने के बाद झड़पें जारी है। संघर्ष शुरू होने के बाद से इस्राइल ने सेना के काफिले पर सिलसिलेवार हमले किये है। इस्राइल ने कहा कि वह दरोज़ की रक्षा के लिए ऐसा कर रहा है। दरोज़ धार्मिक संप्रदाय की शुरुआत 10वीं शताब्दी में हुई थी और यह शिया संप्रदाय की शाखा, 'इस्माइलवाद' को मानते है। दुनिया भर में लगभग 10 लाख दरोज़ है जिनमें से आधे से ज़्यादा सीरिया में रहते है।

एनएमसी के 24 अंशकालिक सदस्यों का चयन

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने लॉटरी के जरिये राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) और उसके चार स्वायत्त बोर्ड के 24 अंशकालिक सदस्यों का चयन किया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे. पी. नड्डा ने मंगलवार को एनएमसी, स्वायत्त बोर्डों और खोज समिति के अंशकालिक सदस्यों की नियुक्ति प्रक्रिया में भाग लिया। नियमों के अनुसार, चिकित्सा सलाहकार परिषद में राज्य/केंद्र शासित प्रदेश सरकार द्वारा नामित व्यक्तियों में से एनएमसी के 10 अंशकालिक सदस्यों का चयन किया जाता है।

लोस अध्यक्ष की पहल; अब सांसदों, आगंतुकों को मिलेगा 'सेहतमंद आहार'

नई दिल्ली (एसएनबी)। संसद में कामकाज की उत्पादकता बढाने के बाद अब लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सांसदों, अधिकारियों और आगंतुकों की सेहत का भी खास ख्याल रखने की योजना बनाई है। इसके तहत अब संसद में रागी, बाजरा, इडली और ज्वार उपमा से लेकर मूंग दाल का चीला और उबली सब्जियों के साथ ग्रिल्ड मछली तक कई सेहतमंद आहार उपलब्ध कराए जाएंगे।

सेहतमंद आहार का मेन्यू लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के कहने पर तैयार किया गया है। लोकसभा अध्यक्ष का मानना है कि स्वास्थ्य से किसी तरह का समझौता किए बिना जनकल्याण के कार्यों को आगे बढाना है। संसद की कैंटीन में सेहत को ध्यान में रखते हुए भोजन उपलब्ध कराने की पहल इस मायने में भी महत्वपूर्ण है कि सत्र के दौरान कार्यवाही लंबे समय तक और कई बार देर रात तक चलती है।

स्वस्थ जीवन शैली को बढावा देने के लिए संसद की कैंटीन ने पोषण को अहमियत देते हुए विशेष मेन्यू की पहल की है।अब संसद में लज़ीज़ पकवानों के साथ ही बाजरे से बने पकवान, फाइबर युक्त सलाद और प्रोटीन-पैक सूप उपलब्ध होगा जो एक स्वस्थ आहार को बढावा देने के व्यापक प्रयास का हिस्सा है। प्रत्येक व्यंजन को सावधानीपूर्वक इस तरह तैयार किया गया है कि उसमें कार्बोहाइड्रेट, सोडियम और कैलोरी कम हों तथा सेहत के लिए जरूरी पोषक तत्व अधिक हों। संसद की कैंटीन के मेन्यू में कहा गया है, ''प्रत्येक व्यंजन को उच्चतम पोषण मानकों को पूरा करते हुए सावधानीपूर्वक तैयार किया जाता है ताकि वे कार्बोहाइड्रेट में कम, सोडियम में कम और कैलोरी में कम हों जबकि फाइबर में अधिक और प्रोटीन से समृद्ध हो।' मेन्यू में उन खाद्य पदार्थो को प्रमुखता से स्थान मिला है जो संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित अंतराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष, 2023 में शामिल थे। मुख्य आकर्षणों में सांबर के साथ रागी बाजरा इडली और चटनी (270 किलो कैलोरी),

■ इसके तहत अब संसद में रागी, बाजरा, इडली और ज्वार उपमा से लेकर मूंग दाल का चीला और उबली सब्जियों के साथ ग्रिल्ड मछली तक कई सेहतमंद आहार उपलब्ध होंगे

ज्वार उपमा (206 किलो कैलोरी) और चीनी-मुक्त मिक्स बाजरा खीर (161 किलो कैलोरी) शामिल है। चना चाट और मूंग दाल चीला जैसे लोकप्रिय भारतीय व्यंजन भी प्रमुखता से शामिल है। हल्के नाश्ते के लिए सांसद जौ और ज्वार का सलाद (294 किलो कैलोरी) और गार्डन फ्रेश सलाद (113 किलो कैलोरी) जैसे रंग-बिरंगे सलाद के साथ-साथ भुने टमाटर, तुलसी का शोरबा और सब्जियों के गरमागरम सूप का आनंद ले सकते है। मांसाहार का सेवन करने वाले सदस्यों की सेहत का भी ख्याल रखा गया है।

उनके लिए ग्रिल्ड उबली सब्जियों के साथ ग्रिल्ड चिकन (157 किलो कैलोरी) और ग्रिल्ड फिश (378 किलो कैलोरी) जैसे पोषक विकल्प उपलब्ध है। पेय पदार्थों के मेन्यू में 'हेल्थ-फर्स्ट' दृष्टिकोण को दर्शाया गया है जिसमें ग्रीन और हर्बल चाय, मसाला सत्तू और गुड़ के स्वाद वाला आम पन्ना होगा जो चीनी से भरपूर सोडे और पारंपरिक मिठाइयों की जगह ले रहा है।

सेहतमंद विकल्पों को बढावा देने की तात्कालिकता को समझते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में अपने 'मन की बात' संबोधन में मोटापे से निपटने के लिए देशव्यापी जागरूकता और सामूहिक कदम उठाने की आवश्यकता पर बल दिया था और उन्होंने विशेष रूप से खाद्य तेल की खपत को कम करने की अपील की थी।

लोकसभा अध्यक्ष सदन के सत्र के दौरान सांसदों के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित करते रहे है। कई विशेषज्ञों ने सांसदों के लिए स्वस्थ जीवनशैली और आहार पर व्याख्यान भी दिए है। इस प्रतिबद्धता को सुदृढ करते हुए, सरकार ने 'फिट इंडिया मूवमेंट', राष्ट्रीय गैर-संचारी रोगों की रोकथाम और नियंत्रण कार्यक्रम (एनपी-एनसीडी), पोषण अभियान, 'ईट राइट इंडिया' और 'खेलो इंडिया' सहित कई पहल शुरू की है।

गाजा : सहायता वितरण केंद्र पर 20 फिलिस्तीनियों की मौत

तेल अवीव (एपी)। गाजा में इस्राइल समर्थित अमेरिकी सहायता संगठन ने बुधवार को कहा कि वितरण केंद्र के निकट 20 फिलिस्तीनियों की मौत हुई है। इससे पहले अस्पताल के अधिकारियों ने बताया था कि इस्राइली हमलों में 11 बच्चों समेत 41 लोगों की मौत हुई है।

'गाजा ह्यूमैनिटेरियन फंड' ने कहा कि दक्षिण गाजा के खान यूनिस शहर में स्थित वितरण केंद्र पर 19 लोगों की मौत भगदड़ में कुचलने से हुई जबकि एक व्यक्ति की हिंसा के दौरान चाकू मारकर हत्या कर दी गई। संगठन ने हमास पर गलत सूचना फैलाने का आरोप लगाया और कहा कि इसकी वजह से हिंसा हुई। हालांकि संगठन ने अपने इस दावे के समर्थन में कोई सबूत पेश नहीं किया है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय और गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि मई से अब तक सहायता प्राप्त करने की प्रतीक्षा करते समय, जीएचएफ वितरण केन्द्रों या दूसरी जगहों पर लगभग 850 फिलिस्तीनी मारे जा चुके है।

फिल्म 'उदयपुर फाइल्स' पर सुनवाई 21 तक टाली

नई दिल्ली (एसएनबी)। सुप्रीम कोर्ट ने 'उदयपुर फाइल्स-कन्हैया लाल टेलर मर्डर' मामले पर सुनवाई बुधवार को 21 जुलाई तक टाल दी और फिल्मकारों से फिल्म के खिलाफ आपत्तियों पर सुनवाई के लिए केंद्र द्वारा नियुक्त समिति का फैसला आने तक इंतजार करने को कहा। समिति बुधवार को अपराह्न ढाई बजे इस मामले में सुनवाई करेगी।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जे. बागची की पीठ ने फिल्मकारों से कहा कि फिल्म निर्माताओं को आर्थिक रूप से क्षतिपूर्ति तो दी जा सकती है लेकिन कन्हैया लाल दर्जी हत्याकांड के आरोपियों की छवि को नुकसान पहुंचने की भरपाई नहीं की जा सकती।

■ सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र द्वारा नियुक्त समिति का फैसला आने तक इंतजार करने को कहा

फिल्म निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने संबंधी दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी थी। पीठ ने केंद्र की समिति से सभी पक्षों को सुनने के बाद बिना समय गंवाए तुरंत निर्णय लेने को कहा और हत्या के मामले में अभियुक्तों का पक्ष भी सुनने का निर्देश दिया। फिल्म 11 जुलाई को रिलीज होने वाली थी। दिल्ली उच्च न्यायालय ने 10 जुलाई को 'उदयपुर फाइल्स' की रिलीज पर तब तक के लिए रोक लगा दी थी जब तक कि केंद्र फिल्म पर स्थायी प्रतिबंध लगाने के अनुरोध वाली याचिकाओं पर फैसला नहीं कर लेता। याचिका में कहा गया है कि फिल्म समाज में ''वैमनस्यता को बढ़ावा'' दे सकती है इसलिए इसकी रिलीज पर रोक लगायी जानी चाहिए। जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी द्वारा उच्च न्यायालय में दायर की गई याचिकाओं सहित अन्य याचिकाओं में दावा किया गया था कि 26 जून को जारी फिल्म का ट्रेलर ऐसे संवादों और दृश्यों से भरा पड़ा है जिनसे 2022 में सांप्रदायिक तनाव पैदा हुआ और आशंका है कि फिल्म की रिलीज से फिर से वही भावनाएं भड़क सकती है। उदयपुर के एक दर्जी कन्हैया लाल की जून 2022 में कथित तौर पर मोहम्मद रियाज़ और मोहम्मद गौस ने हत्या कर दी थी। हमलावरों ने बाद में एक वीडियो जारी किया था जिसमें दावा किया गया था कि पूर्व भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) नेता नूपुर शर्मा की पैगंबर मोहम्मद पर की गई विवादास्पद टिप्पणी के बाद उनके समर्थन में दर्जी कन्हैया लाल शर्मा के सोशल मीडिया खाते पर कथित तौर पर साझा किए एक पोस्ट के जवाब में उसकी हत्या की गई थी। इस मामले की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने की थी और आरोपियों पर भारतीय दंड संहिता की धाराओं के अलावा कठोर गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत मामला दर्ज किया गया था। यह मुकदमा जयपुर की विशेष एनआईए अदालत में लंबित है।

पाक : राजनीतिक परिदृश्य में बदलाव की अटकलें तेज

इस्लामाबाद (भाषा)। पाकिस्तान के शीर्ष असैन्य और सैन्य नेतृत्व के बीच हाल में हुई बैठक ने एक बार फिर देश के राजनीतिक परिदृश्य में संभावित बदलाव की अफवाहों को हवा दे दी है तथा ऐसी अटकलें हैं कि सेना प्रमुख संभवतः अगला राष्ट्रपति बनने की आकांक्षा रखते हैं।

प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पिछले सप्ताह इन अफवाहों को खारिज कर दिया था कि राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी को पद छोड़ने के लिए मजबूर किया जा सकता है और सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर उनका पदभार ग्रहण करेंगे। 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' की खबर के अनुसार इस संबंध में अफवाहों का यह नया दौर तब शुरू हुआ जब फील्ड मार्शल मुनीर ने मंगलवार को प्रधानमंत्री आवास पर शरीफ से मुलाकात की, जिसके कुछ ही देर बाद शरीफ ने राष्ट्रपति भवन में जरदारी से मुलाकात की। खबर के अनुसार उच्च स्तरीय बैठकें संभावित 27वें संविधान संशोधन के बारे में बढती अटकलों के बीच हुई हैं कि जरदारी अपने उत्तराधिकारी के लिए रास्ता बनाने के वास्ते पद छोड़ सकते हैं। रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि अटकलें 'निराधार' हैं, लेकिन उन्होंने पुष्टि की कि राष्ट्रपति के इस्तीफे और सेना प्रमुख द्वारा उनके स्थान पर संभावित नियुक्ति के बारे में मीडिया रिपोर्टों का मुद्दा वास्तव में जरदारी और शरीफ के बीच बैठक के दौरान उठा था। इससे पहले शरीफ ने 11 जुलाई को उन अफवाहों को सिरे से खारिज कर दिया था कि जरदारी को पद छोड़ने के लिए मजबूर किया जा सकता है और मुनीर राष्ट्रपति पद संभालने की आकांक्षा रखते हैं। शरीफ ने कहा था कि ऐसे दावे महज अटकलें हैं।

शरीफ ने 'द न्यूज' से कहा था, ''फील्ड मार्शल मुनीर ने कभी भी राष्ट्रपति बनने की इच्छा नहीं जताई है और न ही ऐसी कोई योजना है।'' शरीफ के इस स्पष्टीकरण से पहले गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने 10 जुलाई को 'एक्स' पर एक बयान में जरदारी, शरीफ और मुनीर को निशाना बनाकर चलाए जा रहे ''दुर्भावनापूर्ण अभियान'' की निंदा की थी। शीर्ष सैन्य नेतृत्व के करीबी माने जाने वाले नकवी ने कहा था, ''हम अच्छी तरह से जानते हैं कि इस दुर्भावनापूर्ण अभियान के पीछे कौन है।''देश की सत्ता और राजनीतिक संरचना में संभावित बदलाव के बारे में तीव्र अटकलों के बीच रक्षा मंत्री ने बुधवार को सभी अटकलों को स्पष्ट रूप से खारिज कर दिया और कहा कि जरदारी को घटनाक्रम के बारे में जानकारी दी गई है और उन्होंने सरकार और वर्तमान राजनीतिक व्यवस्था में ''पूर्ण विश्वास'' दिखाया है। आसिफ ने 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' से कहा, ''राष्ट्रपति इस मुद्दे से पूरी तरह अवगत थे और उन्होंने सरकार पर पूरा भरोसा जताया।'' उन्होंने कहा शरीफ ने जरदारी को इस अपुष्ट खबर और उसके बाद के घटनाक्रम के बारे में जानकारी दी।

■ शीर्ष असैन्य और सैन्य नेतृत्व के बीच हुई बैठक

आसिफ ने इस बात की पुष्टि की प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल के जरदारी से मिलने से पहले शरीफ ने फील्ड मार्शल के साथ बैठक की थी। उन्होंने कहा कि इसमें कुछ भी असामान्य नहीं है, क्योंकि प्रधानमंत्री और फील्ड मार्शल विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के लिए नियमित रूप से सप्ताह में तीन बार मिलते हैं। आसिफ ने दावा किया, ''सेना प्रमुख की राजनीति में कोई रुचि नहीं है।'' रक्षा मंत्री ने कहा कि सेना प्रमुख पहले से ही सेना में सर्वोच्च पद पर हैं और भारत के साथ पाकिस्तान के हाल के संघर्ष के बाद उन्हें काफी सम्मान मिला है। आसिफ ने कहा, ''उन्हें (फील्ड मार्शल) किसी चीज की जरूरत नहीं है।'' मंत्री ने उन अटकलों को भी खारिज कर दिया कि सत्तारूढ गठबंधन के दो प्रमुख दलों पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के बीच मतभेद है, क्योंकि आरक्षित सीटों के मामले में उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद नेशनल असेंबली में पीएमएल-एन सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है।

खुद को 'राजा' समझते हैं हिमंत, लेकिन जनता उन्हें भ्रष्टाचार के लिए जेल पहुंचाएगी : राहुल गांधी

गुवाहाटी (भाषा)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को दावा किया कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा खुद को 'राजा' समझते है, लेकिन राज्य की जनता भ्रष्टाचार के लिए उन्हें जेल में पहुंचा देगी। असम के चायगांव में कांग्रेस की एक बैठक को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि शर्मा और उनके परिवार को भ्रष्टाचार के लिए जवाबदेह ठहराया जाएगा। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा, ''आपके मुख्यमंत्री में भय व्याप्त है, वह जानते है कि निडर कांग्रेस कार्यकर्ता उन्हें जेल में डाल देंगे।''

उन्होंने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग और भाजपा एक साथ मिलकर काम कर रहे है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा ने मतदाता सूची संशोधन के जरिए ''धांधली'' करके महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव जीता है। गांधी ने कहा, ''वे बिहार में भी यही हथकंडे अपना रहे है और असम में भी यही करेंगे। हमें सावधान रहना होगा।'' कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, ''मीडिया अब हमारा दोस्त नहीं रहा; वे सच नहीं दिखा रहे, केवल अदाणी, अंबानी, मुख्यमंत्री, मोदी और शाह को दिखा रहे है।'' हालांकि, गांधी ने दावा किया कि इससे कोई मदद नहीं मिलेगी क्योंकि कांग्रेस अगले साल असम में होने वाले विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत हासिल करेगी।

राहुल गांधी ने कहा कि 'हिमंत को निश्चित ही जेल भेजा जाएगा': हिमंत ने किया दावा

गुवाहाटी (भाषा)। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बुधवार को दावा किया कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने यहां प्रदेश कांग्रेस की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक के दौरान कहा है कि मुख्यमंत्री को ''निश्चित रूप से जेल भेजा जाएगा।'' शर्मा ने यह भी कहा कि कांग्रेस नेता यह भूल गए कि वह स्वयं देश भर में दर्ज कई आपराधिक मामलों में जमानत पर है।

मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''लिखित में ले लीजिए, हिमंत विश्व शर्मा को निश्चित रूप से जेल भेजा जाएगा' - विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने असम में कांग्रेस की राजनीतिक मामलों की समिति की बंद कमरे में हुई बैठक के दौरान बिल्कुल यही शब्द कहे।'' शर्मा ने कहा, ''वह सिर्फ यही कहने के लिए असम आए है।'' उन्होंने कहा, ''राहुल जी, आपको मेरी शुभकामनाएं। दिन में बाकी समय असम के आतिथ्य का आनंद लीजिए।'' गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भविष्य की रूपरेखा तैयार करने के लिए राज्य में पार्टी पदाधिकारियों के साथ चर्चा करने के लिए एक दिवसीय दौरे पर है।

नर्मदा की नहरों पर बने पांच 'खतरनाक' पुल बंद, चार अन्य पर भारी वाहनों की अनुमति नहीं

अहमदाबाद (भाषा)। गुजरात में नर्मदा नदी की नहरों पर बने पांच पुलों को अधिकारियों ने बंद कर दिया है, क्योंकि निरीक्षण के दौरान इन्हें वाहनों की आवाजाही के लिए खतरनाक पाया गया। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

राज्य सरकार ने एक विज्ञप्ति में कहा कि इसके अलावा, चार अन्य पुलों पर भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दी गई है, जबकि संबंधित जिला प्रशासन को मरम्मत कार्य के लिए 36 अन्य पुलों को तत्काल प्रभाव से बंद करने के निर्देश दिए गए है। ये सभी पुल नर्मदा नहर नेटवर्क का हिस्सा है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि भारी बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हुई विभिन्न सड़कों और पुलों की मरम्मत और रखरखाव का काम मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के निर्देश में युद्धस्तर पर किया जा रहा है। विज्ञप्ति के अनुसार, राज्य सरकार ने एहतियात के तौर पर राज्य में व्यापक नर्मदा नहर नेटवर्क पर स्थित विभिन्न पुलों का तकनीकी निरीक्षण भी किया है। सरदार सरोवर नर्मदा निगम लिमिटेड (एसएसएनएनएल) के अनुसार, इस नहर नेटवर्क से गुजरने वाले राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों और ग्रामीण सड़कों को जोड़ने वाले लगभग 2,110 पुल है।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि इन पुलों की वर्तमान स्थिति का आकलन करने, संभावित क्षति को रोकने और इन संरचनाओं को टिकाऊ बनाने के लिए, एसएसएनएनएल द्वारा हाल में इन सभी पुलों पर एक व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया गया था। इसमें कहा गया है कि जो पांच पुल पूरी तरह से बंद है, उनमें से दो मोरबी जिले में जबकि तीन सुरेन्द्रनगर जिले में है। आणंद और वडोदरा जिलों को जोड़ने वाले गंभीरा गांव के निकट नौ जुलाई को 40 साल पुराने पुल का एक हिस्सा ढह जाने से कई वाहन महिसागर नदी में गिर गए थे। इस हादसे में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई थी। राज्य सरकार ने हाल में भारी बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हुए राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गो के साथ-साथ गांवों, कस्बों और शहरों की आंतरिक सड़कों की मरम्मत का काम शुरू कर दिया है।

कर्नाटक में भाजपा विधायक पर बदमाश की हत्या का मामला दर्ज

बेंगलुरू (भाषा)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक और कर्नाटक के पूर्व मंत्री बिरथी बसवराज पर एक बदमाश की उसकी मां के सामने हत्या करने के सिलसिले में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। वहीं, भाजपा नेता ने कहा कि उन्हें घटना की कोई जानकारी नहीं है और शिकायत दुर्भावनावश की गई है।

पुलिस ने बताया कि हमलावर मंगलवार रात को एक कार में सवार होकर आए और उन्होंने शहर के भारती नगर में शिवप्रकाश उर्फ बिकलू शिवू नामक बदमाश की हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि मृतक की मां की शिकायत के आधार पर पूर्व मंत्री और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। शिवप्रकाश की मां विजयलक्ष्मी ने अपनी शिकायत में कहा कि उन्होंने आठ-नौ लोगों को अपने बेटे पर लोहे की छड़ों और छुरों से हमला करते देखा। जब उसके दोस्त ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो उन्होंने उस पर भी लोहे की छड़ से हमला कर दिया।

■ विधायक ने कहा, दुर्भावनापूर्ण इरादे से दर्ज कराई गई है शिकायत

विजयलक्ष्मी ने अपनी शिकायत में कहा, ''जब मै चिल्लाई, तो आसपास के लोग इकट्ठा होने लगे। उन अज्ञात लोगों ने मेरे बेटे की हत्या कर दी और एक सफेद स्कॉर्पियो गाड़ी और एक दोपहिया वाहन में घटनास्थल से भाग गए। अगर मै उन्हें देखूं तो पहचान सकती हूं।'' डीसीपी डी देवराज और संयुक्त आयुक्त रमेश भनोट सहित शीर्ष पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का दौरा किया और पुष्टि की कि शिवकुमार का लंबा आपराधिक रिकॉर्ड रहा है और उसके खिलाफ 11 मामले दर्ज है।

पुलिस ने बसवराज के साथ-साथ जगदीश, किरण, विमल और अनिल के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि पूर्व मंत्री को प्राथमिकी में आरोपी नंबर 5 के तौर पर सूचीबद्ध किया गया है। विजयलक्ष्मी ने आरोप लगाया कि 11 फरवरी को जगदीश और किरण ने किटकनूर स्थित शिवप्रकाश की संपत्ति पर अतिक्रमण किया था और दो महिला सुरक्षा गार्डों को वहां से निकाल दिया था। उन्होंने आरोप लगाया कि आरोपी उनके बेटे को फोन करके धमका रहे थे। अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी पर प्रतिक्रिया देते हुए, बसवराज ने विधान सौध में संवाददाताओं से कहा, ''मुझे इस घटना की जानकारी नहीं है। अगर मुझे पता होता, तो मै पुलिस में शिकायत दर्ज करा देता। मुझे इसकी कोई जानकारी नहीं है। शिकायत दुर्भावनापूर्ण इरादे से दर्ज कराई गई है।''

केंद्र ने कृष्णा नदी जल विवाद न्यायाधिकरण का कार्यकाल एक साल बढ़ाया

नई दिल्ली (एसएनबी)। केंद्र ने कृष्णा जल विवाद न्यायाधिकरण का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा दिया है, जिससे उसे कृष्णा नदी से जुड़े लंबे समय से चले आ रहे अंतर-राज्यीय जल-बंटवारा विवाद पर अपनी अंतिम रिपोर्ट और निर्णय देने के लिए 31 जुलाई 2026 तक का समय मिल गया है। जल शक्ति मंत्रालय की अधिसूचना में कहा गया है कि अंतर-राज्यीय नदी जल विवाद अधिनियम, 1956 द्वारा प्रदत्त शक्तियों के तहत न्यायाधिकरण को और समय दिया गया है।

न्यायाधिकरण ने अपना काम पूरा करने के लिए औपचारिक रूप से और समय मांगा था। इससे पहले न्यायाधिकरण का कार्यकाल मार्च 2024 में एक अधिसूचना के माध्यम से 31 जुलाई 2025 तक बढ़ाया गया था। मूल रूप से कृष्णा नदी के जल बंटवारे को लेकर आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और महाराष्ट्र के बीच विवादों का निपटारा करने के लिए अप्रैल 2004 में कृष्णा जल विवाद न्यायाधिकरण का गठन किया गया था।

जम्मू कश्मीर में आतंकी समूहों के लिए नए 'ओवरग्राउंड वर्कर्स' हैं ड्रोन

श्रीनगर (भाषा)। जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी समूहों के लिए ड्रोन नए 'ओवर ग्राउंड वर्कर्स' (ओजीडब्ल्यू) के रूप में उभरे है, जिससे सुरक्षा एजेंसियों के बीच चिंता पैदा हो गई है क्योंकि निगरानी और रसद के लिए मनुष्यों के नेटवर्क से मानव रहित वायु यानों की ओर यह बदलाव क्षेत्र के सुरक्षा परिदृश्य में एक नई चुनौती पैदा कर रहा है। अधिकारियों ने बुधवार को यह बात कही।

उन्होंने कहा कि ओजीडब्ल्यू की मानव नेटवर्क पर निर्भरता काफी कम हो गई है क्योंकि सुरक्षा बलों के बढ़ते दबाव के कारण उनमें से कई गिरफ्तार हो गए है या छुप गए है। अधिकारियों ने कहा कि मानव नेटवर्क से ड्रोन तकनीक की ओर यह बदलाव असमान युद्ध में एक नया आयाम है, क्योंकि पाकिस्तान की एजेंसी आईएसआई भी ड्रोन की मदद से आतंकवादियों को नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार भेजने के अपने प्रयासों को तेज कर रही है। उन्होंने कहा कि कश्मीर क्षेत्र के साथ-साथ किश्तवाड़ और राजौरी में ऊंचाई वाले इलाकों में छुपे कुछ आतंकवादी अपनी ओर आने वाले सैनिकों पर निगरानी के लिए इन ड्रोनों का इस्तेमाल कर रहे है। उन्होंने इसे पिछले कुछ आतंकवाद-रोधी अभियानों में सफलता की दर कम रहने का एक कारण बताया।

अधिकारियों ने बताया कि कुछ मामलों में माना जाता है कि ड्रोन जम्मू क्षेत्र के ऊपरी इलाकों में छुपे आतंकवादियों के लिए सूखा राशन ले जा रहे है। जम्मू-कश्मीर में महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने के लिए आतंकवादी समूहों द्वारा ड्रोन का इस्तेमाल 27 जून, 2021 को शुरू हुआ, जब दो मानवरहित हवाई यान (यूएवी) जम्मू हवाई अड्डे की इमारतों से टकराए, जिससे संघर्ष में वृद्धि हुई। साल 2017 के बाद, ड्रोन का इस्तेमाल शुरू में नशीली दवाओं की तस्करी के लिए और बाद में पंजाब में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर हथियार गिराने के लिए किया गया, जिसे अधिकारियों ने जम्मू-कश्मीर में सीधे हमलों के लिए उनके इस्तेमाल से पहले का प्रथम कदम माना।

अधिकारियों ने कहा कि आईएसआई घुसपैठ के प्रयासों से पहले उसी समय सटीक स्थिति का आकलन करने के लिए ड्रोन तकनीक का लाभ उठा रही है। अधिकारियों ने यह भी कहा कि नई रणनीति के तहत, आईएसआई नियंत्रण रेखा या अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सेना की मौजूदगी पर नजर रखने, कमजोरियों की पहचान करने और आतंकवादियों को नियंत्रण रेखा पार कराने में मदद के लिए इलाके का विश्लेषण करने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल कर रही है। अधिकारियों ने कहा कि इस बात की प्रामाणिक जानकारी मिली है कि इस साल मई के तीसरे सप्ताह में, आईएसआई अधिकारियों और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद संगठनों के शीर्ष आतंकवादियों की बैठक हुई थी, जिसमें भर्ती बढाने और ''घुसपैठ की कोशिशों से पहले की स्थिति पर नजर रखने के लिए नियंत्रण रेखा पर ड्रोन निगरानी के महत्व'' पर जोर दिया गया था।

■ सैनिकों पर निगरानी के लिए ड्रोनों का इस्तेमाल कर रहे हैं आतंकवादी

उन्होंने कहा कि घुसपैठ के रास्तों को ज्यादा प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के लिए सक्रिय गाइडों की जगह पीओके या पाकिस्तान के स्थानीय निवासियों को तैनात करने की योजना थी। अधिकारियों ने कहा कि आईएसआई इन आतंकी संगठनों के लिए एक विस्तृत योजना पर काम कर रही थी, जिसमें पीओके के भीतर आतंकी प्रशिक्षण शिविरों और लॉन्चिंग पैड को स्थानांतरित करना और भारत के साथ संभावित सशस्त्र संघर्ष की तैयारी में भूमिगत बंकरों का निर्माण शामिल था। आईएसआई के इस कदम को 'ऑपरेशन सिंदूर' का जवाब माना जा रहा है, जिसमें भारतीय वायु सेना ने छह-सात मई की रात को पीओके और पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर तबाह कर दिया था। इनमें प्रतिबंधित जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा आतंकी समूहों के मुख्यालय भी शामिल थे। ड्रोन तकनीक के उदय ने वैश्विक आतंकवाद में एक नया और खतरनाक अध्याय खोल दिया है, जहां अब आतंकवादी समूह विभिन्न प्रकार के नापाक कार्यों के लिए यूएवी का उपयोग कर रहे है, जिनमें खुफिया जानकारी एकत्र करना और विस्फोटकों की आपूर्ति शामिल है। अमेरिकी सेना के लिए काम कर रहे गैर-लाभकारी पेशेवर संगठन 'एसोसिएशन ऑफ द यूनाइटेड स्टेट्स आर्मी' (एयूएसए) की एक रिपोर्ट में कहा गया है, ''एक बार जब पिटारा खुल गया, तो बुरे तत्व जल्दी से इसके अनुरूप ढल गए और हमलों की योजना बनाने और उन्हें अंजाम देने के लिए उन्होंने ड्रोन का उपयोग करना शुरू कर दिया।''

रिपोर्ट में कहा गया कि आतंकवादी संगठन पिछले संघर्षों से सबक ले रहे है और लगातार अपने तरीकों में बदलाव कर रहे है। आतंकवादियों द्वारा ड्रोन का पहला इस्तेमाल इस्लामिक स्टेट ने इराक के मोसुल में सैन्य अभियानों के दौरान किया था जहां उन्होंने टोह के लिए और बम गिराने, दोनों के लिए यूएवी तैनात किए थे।

अधिकारियों के मुताबिक जैसा कि पिछले संघर्षों में देखा गया है, ये समूह सीख रहे है और अपनी रणनीतियां बना रहे है। अधिकारियों ने कहा कि ड्रोन तकनीक में तेजी से होती प्रगति और इसकी बढ़ती पहुंच आतंकवादी संगठनों को डर फैलाने तथा हमले करने के नए रास्ते प्रदान करती है, जिससे आतंकवाद-रोधी प्रयास जटिल हो जाते है।

भारतीय फुटबॉल की वर्तमान स्थिति बहुत चिंताजनक है। मुझे न केवल मेरे क्लब से, बल्कि अन्य क्लबों से भी खिलाड़ियों, स्टाफ सदस्यों, फिजियो, मालिश करने वालों से ढेर सारे संदेश मिले हैं। भारतीय फुटबॉल पारिस्थितिकी तंत्र में अभी जो अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है उससे हर कोई चिंतित, आहत और डरा हुआ है। मुझे सबसे पहले यह चिंता हुई कि मेरे पास खेल का जो समय बचा है उसको मैं कैसे बिताऊंगा। लेकिन विभिन्न क्लबों के खिलाड़ियों से बात करने के बाद मुझे एहसास हुआ कि मेरी समस्या उतनी महत्वपूर्ण नहीं है।

- सुनील छेत्री @chetrisunil11

आईसीसी एजीएम में दो स्तरीय टेस्ट प्रणाली टी-20 विश्व कप के विस्तार पर होगी चर्चा

सिंगापुर (भाषा)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की बृहस्पतिवार से यहां शुरू हो रही चार दिवसीय वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के दौरान बहुचर्चित दो स्तरीय टेस्ट प्रणाली, टी-20 विश्व कप का विस्तार और नए सदस्यों को स्वीकृति देने जैसे विषयों पर गहन चर्चा की जाएगी। नया विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र (2025-27) शुरू हो चुका है और ऐसे में दो स्तरीय टेस्ट प्रणाली पर चर्चा धन आवंटन और प्रमोशन (निचली से शीर्ष लीग में जाना) तथा रेलीगेशन (शीर्ष लीग से निचली में खिसकना) से संबंधित प्रावधानों के इर्द-गिर्द घूमने वाली है।

यह सामान्य रूप से स्वीकार किया गया है कि मौजूदा डब्ल्यूटीसी चक्र में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा और नई प्रणाली संभावित रूप से 2027 के बाद लागू होगी। आईसीसी चेयरमैन जय शाह और नवनियुक्त सीईओ संजोग गुप्ता की अध्यक्षता में होनी वाली एजीएम में इस पद्धति पर गंभीरता से विचार होगा। क्रिकेट आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड इसके प्रमुख समर्थक हैं।

हालांकि 50 ओवर के विश्व कप में और टीम जोड़ने का कोई इरादा नहीं है लेकिन आईसीसी टी-20 विश्व कप में और टीम शामिल करने पर विचार कर सकता है जिससे संभावित रूप से इसमें 24 प्रतिभागी शामिल हो सकते हैं। हालांकि अगले साल से पहले कोई ठोस निर्णय लिए जाने की उम्मीद नहीं है। पिछले साल के विश्व कप से चार और टीम के जुड़ने के बाद वर्तमान में 20 टीम इस प्रतियोगिता में प्रतिस्पर्धा कर रही हैं और यह मॉडल कम से कम 2026 के टूर्नामेंट तक जारी रहेगा।

2028 के लॉस एंजिलिस खेलों के जरिए ओलंपिक में क्रिकेट की वापसी और अगले साल भारत तथा श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए इटली के क्वालीफाई करने से इस विस्तार के विचारों को बल मिला है।

लंदन : बुधवार को लंदन स्थित किंग चार्ल्स तृतीय क्लेरेंस हाउस में एक मुलाकात के दौरान हाथ मिलाते भारतीय महिला क्रिकेटर स्मृति मंधाना और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह। भारत की महिला और पुरुष क्रिकेट टीमें इन दिनों इंग्लैंड दौरे पर हैं।

भारत अंडर-19 टीम को इंग्लैंड ने पहले युवा टेस्ट में ड्रा पर रोका

बेकेनहम (भाषा)। इंग्लैंड अंडर-19 ने कप्तान हमजा शेख के जुझारू शतक की बदौलत भारत अंडर-19 टीम की जीत की उम्मीदों पर पानी फेरते हुए उसे पहले युवा टेस्ट क्रिकेट मैच के चौथे और अंतिम दिन ड्रा पर रोक दिया। भारतीय टीम ने इंग्लैंड के सामने 350 रन का लक्ष्य रखा था। इंग्लैंड ने 63 ओवर में सात विकेट पर 270 रन बनाकर भारत को दो मैचों की सीरीज में 1-0 की बढत हासिल नहीं करने दी।

शेख ने मंगलवार को 140 गेंदों पर 11 चौकों और दो छक्कों की मदद से 112 रन बनाए। उन्हें बेन मेयस से महत्वपूर्ण सहयोग मिला, जिन्होंने 82 गेंदों पर 51 रन बनाए। उनके अलावा विकेटकीपर-बल्लेबाज थॉमस रीव ने 35 गेंद पर 50 रन का योगदान दिया। भारत ने 14वें ओवर में इंग्लैंड का स्कोर तीन विकेट पर 62 रन कर दिया था लेकिन इसके बाद वह दबाव बनाने में असफल रहा। इंग्लैंड ने शेख की मेयस और रीव के साथ उपयोगी साझेदारियों से अच्छी वापसी की।

जब खेल समाप्त होने में एक घंटे का समय बचा था तब भारत ने लगातार ओवरों में दो रन आउट करके अपनी उम्मीद जगाई। उसने पहले शेख को आउट किया और फिर अगले ओवर में एकांश सिंह को वापस पैवेलियन भेजा। लेकिन राल्फी अल्बर्ट (37 गेंदों पर नाबाद नौ रन) और जैक होम (36 गेंदों पर नाबाद सात रन) ने दबाव में धैर्य से काम लिया और मैच को ड्रा कराया।

भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में 540 रन बनाए थे जिसके जवाब में इंग्लैंड ने 439 रन बनाए। भारत ने अपनी दूसरी पारी में 248 रन बनाकर इंग्लैंड के सामने 350 रन का लक्ष्य रखा था। आयुष म्हात्रे की अगुआई में भारत अंडर-19 ने इससे पहले पांच मैचों की युवा वनडे सीरीज 3-2 से जीती थी।

संक्षिप्त खबरें

एआईसीएफ 10 फिडे ट्रेनर सेमिनार की करेगा मेजबानी

नई दिल्ली। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) इस साल 10 और जनवरी 2026 में एक फिडे ट्रेनिंग सेमिनार की मेजबानी करेगा। ट्रेनर सेमिनार का उद्देश्य भारतीय शतरंज प्रशिक्षकों को सभी स्तरों की उभरती प्रतिभाओं को प्रशिक्षित करने के लिए सशक्त बनाना है। इसकी शुरुआत अगस्त में विजयवाड़ा में होगी और अंतिम सेमिनार जनवरी 2026 में रांची में होगा। देश के अन्य शहरों में भी सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। टीआरजी (फिडे प्रशिक्षक आयोग) के अध्यक्ष सामी खादर ने कहा, 'पहली बार हम एक राष्ट्रीय महासंघ को एक ही कैलेंडर वर्ष में 10 फिडे ट्रेनर सेमिनार आयोजित करते हुए देख रहे हैं और 11वें सेमिनार का प्रस्ताव जनवरी के लिए पहले ही प्रस्तुत किया जा चुका है।'

ब्रिटिश टेनिस खिलाड़ी तारा पर चार साल का प्रतिबंध

लंदन। खेल पंचाट ने डोपिंग के एक मामले में ब्रिटिश टेनिस खिलाड़ी तारा मूर पर चार साल का प्रतिबंध लगा दिया गया है। खेल पंचाट ने अंतरराष्ट्रीय टेनिस इंटीग्रिटी एजेंसी के साथ सहमति व्यक्त की है कि प्रदर्शन बढाने वाली दवाओं के सेवन के लिए उन्हें निलंबित किया जाना चाहिए। मूर को अप्रैल 2022 में एनाबॉलिक स्टेरॉयड बोल्डेनोन और नैंड्रोलोन के सेवन के लिए पॉजिटिव पाया गया था, लेकिन दिसम्बर 2023 में उन्हें खेलने की मंजूरी दे दी गई थी, जब एक स्वतंत्र पंचाट ने फैसला दिया कि कोलंबिया में एक प्रतियोगिता में भाग लेने के दौरान दूषित मांस खाने के कारण ऐसा हुआ था। आईटीआईए ने उस फैसले के खिलाफ खेल पंचाट में अपील की थी।

यूएस ओपन टेनिस में भाग्य आजमाएंगे 10 पूर्व चैंपियन

न्यूयॉर्क। मौजूदा चैंपियन यानिक सिनर और एरीना सबालेंका उन 10 पूर्व यूएस ओपन टेनिस विजेताओं में शामिल हैं, जो अगले महीने होने वाले वर्ष के इस अंतिम ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में अपना भाग्य आजमाएंगे। अमेरिकी टेनिस एसोसिएशन ने 24 अगस्त से शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की प्रवेश सूची जारी की है जिसमें 18 पूर्व ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन शामिल हैं। यूएस ओपन में सीधा प्रवेश 14 जुलाई तक की रैंकिंग पर आधारित था। पुरुषों के लिए कटऑफ 101 और महिलाओं के लिए 99 नंबर था। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी सिनर ने हाल में विम्बलडन फाइनल में दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज को हराकर अपना चौथा ग्रैंड स्लैम खिताब जीता था। दुनिया की नंबर एक महिला खिलाड़ी सबालेंका जो सातवें नंबर पर हैं और शीर्ष आठ में शामिल चार अमेरिकी महिला खिलाड़ियों में से एक हैं। अमेरिका के सर्वाधिक 30 खिलाड़ियों (16 महिला, 14 पुरुष) को सीधे प्रवेश मिला है।

गोल्फर अमनदीप ने दो शॉट की बढ़त बनाई

होसुर (तमिलनाडु)। भारतीय गोल्फर अमनदीप द्राल ने बुधवार को महिला प्रो गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के नौवें चरण के पहले दौर में तीन अंडर 69 का शानदार कार्ड खेलकर दो शॉट की बढ़त बनाई। अमनदीप 16वें और 17वें होल में दो बोगी कर बैठीं लेकिन इसके बावजूद उन्होंने अनुभवी नेहा त्रिपाठी और सहर अटवाल पर बढ़त बनाई जिन्होंने एक अंडर 71 के कार्ड खेले। पांच अन्य गोल्फर विधात्री उर्स, अनघा वेंकटेश, जैस्मिन शेखर, स्नेहा सिंह और जाह्नवी वालिया इवन पार 72 के कार्ड से संयुक्त चौथे स्थान पर हैं।

सात्विक-चिराग और लक्ष्य दूसरे दौर में, सिंधु पहले दौर में हारी

जापान ओपन बैडमिंटन

टोक्यो (भाषा)। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु एक बार फिर पहले दौर से आगे बढ़ने में नाकाम रही लेकिन लक्ष्य सेन पुरुष एकल तथा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी बुधवार को यहां जापान ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में आसान जीत के साथ दूसरे दौर में पहुंच गए।

पूर्व विश्व चैंपियन 30 वर्षीय सिंधु को इस सुपर 750 टूर्नामेंट में कोरिया की सिम यू जिन के हाथों 15-21, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा। यह इस वर्ष पांचवां अवसर है जबकि सिंधु पहले दौर की बाधा पार नहीं कर पाई। सिंधु ने पहले गेम में थोड़ी चुनौती पेश की लेकिन इस बीच उन्होंने काफी गलतियां भी की जिसका फायदा उठाकर सिम यह गेम जीतने में सफल रही।

दूसरे गेम में सिंधु जल्दी ही 1-6 से पीछे हो गईं। वह हालांकि स्कोर 11-11 से बराबर करने में कामयाब रहीं, लेकिन कोरियाई खिलाड़ी ने आसानी से बढ़त बनाकर सीधे गेम में मैच अपने नाम कर लिया। सिम ने इस तरह से भारतीय खिलाड़ी के खिलाफ अपने कॅरियर की पहली जीत हासिल की।

इससे पहले पुरुष युगल में वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज सात्विक और चिराग ने कांग मिन ह्युक और किम डोंग जू की कोरियाई जोड़ी को केवल 42 मिनट में 21-18, 21-10 से हराया। विश्व की पूर्व नंबर एक भारतीय जोड़ी को लय हासिल करने में थोड़ा समय लगा और कोरिया के खिलाड़ियों में पहले गेम में उनके सामने कड़ी चुनौती पेश की। सात्विक और चिराग ने दूसरे गेम में शुरू से ही दबदबा बना कर रखा और आसानी से अगले दौर में प्रवेश किया।

इस बीच पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म में चल रहे लक्ष्य सेन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चीन के वांग झेंग जिंग को 21-11, 21-18 से हराया। विश्व के 18वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य ने पहले गेम में पूरी तरह नियंत्रण बनाए रखा और 11-2 की बढ़त बना ली और फिर बिना किसी परेशानी के गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में जिंग ने चुनौती पेश की, लेकिन लक्ष्य ने शुरुआती लय का फायदा उठाते हुए बढ़त बनाए रखी और सीधे गेम में मैच जीत लिया। अब उनका सामना जापान के सातवें वरीय खिलाड़ी कोडाई नाराओका से होगा।

महिला एकल में अनुपमा उपाध्याय ने दो भारतीय खिलाड़ियों के बीच हुए मुकाबले में रक्षित रामराज को 21-15, 18-21, 21-18 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। अनुपमा अगले दौर में चीन की दूसरी वरीय वांग झी यी से भिड़ेंगी। उन्नति हुड्डा को हालांकि पहले दौर में थाईलैंड की सातवीं वरीय पोर्नपावी चोचुवोंग के खिलाफ 8-21, 12-21 से शिकस्त का सामना करना पड़ा।

अन्य भारतीयों में हरिहरन अम्साकरुणन और रूबन कुमार रेथिनासबापति की पुरुष युगल जोड़ी को किम वोन हो और सियो सेयुंग जेइ की कोरिया की तीसरी वरीय पुरुष युगल जोड़ी के खिलाफ 15-21, 9-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी जबकि कविप्रिया सेलवम और सिमरन सिंघ की महिला युगल जोड़ी ल्यु लोक लोक और सेंग हियु येन की हांगकांग की जोड़ी के खिलाफ 6-21, 15-21 से हार गई।

पंत और नायर के आउट होने से इंग्लैंड के लिए जीत का रास्ता खुला : शास्त्री

लंदन (भाषा)। भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा कि पहली पारी में ऋषभ पंत के आउट होने और दूसरी पारी में करुण नायर के विकेट से लॉर्ड्स में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड के लिए जीत का रास्ता खुला। इंग्लैंड ने 193 रन के लक्ष्य का पीछा कर रहे भारत को 170 रन पर आउट कर 22 रन से जीत हासिल की और इस तरह से पांच मैचों की सीरजी में 2-1 की बढ़त बना ली।

शास्त्री ने 'द आईसीसी रिव्यू' में कहा, 'इस टेस्ट मैच में मेरे लिए पहला टर्निंग प्वाइंट ऋषभ पंत का आउट होना (पहली पारी में) था।' शास्त्री ने इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स की सूझबूझ की सराहना की, जिन्होंने तीसरे दिन लंच के समय पंत को 74 रन पर रन आउट किया। उन्होंने कहा, 'बेन स्टोक्स ने पंत को रन आउट करने के लिए अद्भुत सूझबूझ का परिचय दिया। अगर यह विकेट नहीं गिरता तो भारत अच्छी स्थिति में पहुंच जाता।'

करुण और केएल राहुल ने चौथे दिन दूसरी पारी में भारत का स्कोर एक विकेट पर 41 रन तक पहुंचाया था, लेकिन तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स की गेंद पर करुण ने कोई शॉट नहीं खेला और पगबाधा आउट करार दे दिए गए। इससे भारतीय आपरी लड़खड़ा गई और इंग्लैंड को वापसी करने का मौका मिल गया। शास्त्री ने कहा, 'नायर की एकाग्रता को लेकर यह बहुत बड़ी चूक थी। उन्होंने एक सीधी गेंद को छोड़ दिया और इंग्लैंड के लिए रास्ता खोल दिया। मैच का वह महत्वपूर्ण दौर था और मुझे लगता है कि इससे मैच की स्थिति बदल गई।'

पूर्व भारतीय कप्तान ने यह भी कहा कि भारतीय शीर्ष क्रम को दूसरी पारी में थोड़ी अधिक समझदारी दिखानी चाहिए थी। शास्त्री ने कहा, 'क्योंकि हमने देखा कि जब सिराज ने बल्लेबाजी की, जब बुमराह ने बल्लेबाजी की, जब जडेजा ने बल्लेबाजी की, एक बार जब गेंद 40 ओवर पुरानी हो गई, तो उन्होंने शायद ही कोई गलती की।' उन्होंने कहा, 'उनका डिफेंस काफी मजबूत था और पांचवें दिन लंच के समय लग रहा था कि मैच अगले 10 मिनट में समाप्त हो जाएगा। ऐसे में 82 या 83 रन के अंतर को 22 रन पर लाना बड़ी उपलब्धि थी।'

अंक कटने से इंग्लैंड डब्ल्यूटीसी तालिका में तीसरे स्थान पर खिसका

लंदन (भाषा)। इंग्लैंड की टीम बुधवार को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका में एक पायदान नीचे तीसरे स्थान पर खिसक गई क्योंकि लॉर्ड्स में भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच में धीमी ओवर गति के कारण उसके दो अंक काट दिए गए। बेन स्टोक्स की अगुआई वाली टीम पर टेस्ट के बाद मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना भी लगाया गया है। इंग्लैंड ने यह मैच 22 रन से जीता था।

■ धीमी ओवर गति के कारण इंग्लैंड के दो अंक कटे

आईसीसी के अनुसार मैच रेफरी रिची रिचर्डसन ने इंग्लैंड पर यह जुर्माना लगाया क्योंकि उसकी टीम ने निर्धारित समय में दो ओवर कम किए थे। भारत अभी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में चौथे स्थान पर है। आईसीसी ने एक बयान में कहा, 'खिलाड़ियों और उनके सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता की न्यूनतम ओवर गति से जुड़ी धारा 2.22 के अनुसार खिलाड़ियों पर उनके द्वारा निर्धारित समय में प्रत्येक ओवर कम फेंकने पर मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है।'

इसमें कहा गया है, 'इसके अलावा आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की खेल शर्तों के अनुच्छेद 16.11.2 के अनुसार निर्धारित समय में प्रत्येक ओवर कम होने पर टीम का प्रत्येक ओवर के लिए एक अंक काट दिया गया है। इस तरह से इंग्लैंड के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के कुल अंकों में से दो अंक काट दिए गए हैं।'

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में इंग्लैंड के से 24 से घटकर 22 हो गए हैं। इस कारण उसका अंक प्रतिशत (पीसीटी) 66.67 प्रतिशत से घटकर 61.11 प्रतिशत हो गया। श्रीलंका को इसका फायदा मिला जिसका प्रतिशत 66.67 है और वह इंग्लैंड को पीछे छोड़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गया है।

टोक्यो : जापान ओपन बैडमिंटन के पहले दौर के मुकाबले में एक्शन में भारत के सात्विकसाईराज रंकी रेड्डी और चिराग शेट्टी।

अर्जुन व प्रशांत स्विस ओपन के क्वार्टर फाइनल में

नई दिल्ली (भाषा)। अर्जुन काधे और विजय सुंदर प्रशांत की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने स्विट्जरलैंड के गस्टाड में चल रहे स्विस ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई जबकि एन. श्रीराम बालाजी और रित्विक बोलीपल्ली की उनकी हमवतन जोड़ी इस एटीपी 250 टूर्नामेंट के पहले दौर में हारकर बाहर हो गई। अर्जुन और प्रशांत ने कोलंबिया के निकोलस बेरिएनटोस और मैक्सिको के मिगुएल रायेस वारेला की जोड़ी को क्ले कोर्ट प्रतियोगिता के पहले दौर में 7-5, 6-3 से हराया।

बालाजी और बोलीपल्ली को हालांकि कड़े मुकाबले में जैकब पॉल और डोमीनिक स्ट्राइकर की स्थानीय वाइल्ड कार्ड धारक जोड़ी के खिलाफ 4-6, 7-6, 7-10 से शिकस्त झेलनी पड़ी। इस बीच लॉस काबोस में एटीपी 250 हार्ड कोर्ट प्रतियोगिता में जीवन नेदुनचेझियान और निकी कल्याण पूनाचा की भारतीय जोड़ी को राजीव राम और क्रिस्टियन हैरिसन की दूसरी वरीय जोड़ी के खिलाफ 4-6, 3-6 से हार का सामना करना पड़ा।

हॉकी : स्ट्राइकर दीपिका ने मैजिक स्किल पुरस्कार जीता

नई दिल्ली (भाषा)। भारतीय महिला हॉकी टीम की स्ट्राइकर दीपिका ने एफआईएच प्रो लीग 2024-25 सत्र के भुवनेश्वर चरण के दौरान नीदरलैंड के खिलाफ किए गए अपने मैदानी गोल के लिए पोलिग्रास मैजिक स्किल पुरस्कार जीता है। एफआईएच हॉकी प्रो लीग के 2024-25 सत्र के लिए पोलिग्रास मैजिक स्किल अवार्ड के विजेता का फैसला विश्व भर के हॉकी खेल प्रेमियों के मतदान के आधार पर किया गया।

दीपिका ने यह गोल फरवरी 2025 में प्रो लीग के भुवनेश्वर चरण के दौरान किया था। कलिंगा स्टेडियम में खेला गया यह मैच निर्धारित समय में 2-2 से बराबर रहा था जिसके बाद भारत ने शूटआउट में नीदरलैंड को हराया। भारतीय टीम जब दो गोल से पीछे चल रही थी तब दीपिका ने 35वें मिनट में यह अविश्वसनीय गोल किया।

उन्होंने नीदरलैंड की रक्षा पंक्ति को भेदते हुए बायीं ओर से शानदार तरीके से ड्रिबल किया, बेसलाइन को छुआ और एक डिफेंडर की स्टिक के ऊपर से गेंद को आगे निकालकर गोलकीपर को छकाते हुए गेंद को नेट में पहुंचाया। दीपिका ने कहा,

'यह पुरस्कार पाकर मैं सचमुच सम्मानित महसूस कर रही हूं। नीदरलैंड जैसे कड़े प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ गोल करना मेरे लिए सचमुच में विशेष पल था और अब यह सम्मान पाना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। मैं अपने साथियों, कोचों, परिवार और दोस्तों का शुक्रिया अदा करती हूं जो हर दिन मेरा हौसला बढाते रहते हैं।' उन्होंने कहा, 'यह पुरस्कार सिर्फ मेरा नहीं है, यह भारतीय हॉकी का है। आइए हम सब मिलकर आगे बढ़ते रहें।'

दीपिका को इस पुरस्कार के लिए स्पेन की पैट्रिशिया अल्वारेज के आस्ट्रेलिया के खिलाफ किए गए गोल तथा आस्ट्रेलिया की महिला टीम के इंग्लैंड के खिलाफ सामूहिक प्रयास से किए गए गोल के साथ नामांकित किया गया था। पुरुष वर्ग में यह पुरस्कार बेल्जियम के विक्टर वेगनेज को मिला जिन्होंने स्पेन के खिलाफ गोल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

जो रूट फिर बने दुनिया के नंबर एक टेस्ट बल्लेबाज

दुबई (भाषा)। इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट ने एक सप्ताह के अंदर फिर से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की पुरुष टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है जबकि भारत के ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा बुधवार को जारी नवीनतम सूची में 34वें स्थान पर पहुंच गए। लॉर्ड्स में भारत के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज के तीसरे टेस्ट में रूट ने 104 और 40 रन बनाए थे, जिसे इंग्लैंड ने 22 रन से जीता।

इस शानदार प्रदर्शन से रूट अपने कॅरियर में आठवीं बार दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज बने। रूट अभी 34 साल के हैं और वह दिसम्बर 2014 में कुमार संगकारा के बाद सबसे उम्रदराज नंबर एक टेस्ट बल्लेबाज हैं। श्रीलंका के खिलाड़ी ने 37 साल की उम्र में यह उपलब्धि हासिल की थी। रूट ने अपना शीर्ष स्थान हमवतन हैरी ब्रुक से खो दिया था, जो अब केन विलियमसन से पीछे तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं।

भारतीय बल्लेबाजों में सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और उपकप्तान ऋषभ पंत एक-एक पायदान नीचे क्रमशः पांचवें और आठवें स्थान पर खिसक गए हैं। कप्तान शुभमन गिल भी तीन पायदान गिरकर नौवें स्थान पर आ गए हैं। लॉर्ड्स में 72 और नाबाद 61 रन की पारी खेलने वाले जडेजा पांच पायदान ऊपर चढ़कर 34वें स्थान पर आ गए हैं। इसी मैच में 100 और 39 रन की पारी खेलने वाले केएल राहुल भी पांच पायदान ऊपर चढ़कर 35वें स्थान पर हैं।

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने लॉर्ड्स में 77 रन और पांच विकेट लेकर 'मैन ऑफ द मैच' का पुरस्कार जीता, जिससे वह बल्लेबाजों की सूची में दो स्थान ऊपर 42वें और गेंदबाजों की सूची में एक स्थान ऊपर 45वें स्थान पर पहुंच गए हैं। भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में अपना दबदबा बनाए हुए हैं और दक्षिण अफ्रीका के कागिसो रबाडा पर 50 अंकों की बढ़त के साथ शीर्ष स्थान पर बरकरार हैं।

आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड ने छह स्थान की छलांग लगाकर अपने कॅरियर के सर्वश्रेष्ठ छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। इस तरह से वह अपने चार हमवतन गेंदबाजों पैट कमिंस, जोश हेजलवुड, नाथन लियोन और मिशेल स्टार्क के साथ शीर्ष 10 में शामिल हो गए हैं।

सोनेट क्लब की उदय भान अकादमी पर शानदार जीत

नई दिल्ली (एसएनबी)। मैन ऑफ द मैच रोहित शर्मा (37 रन व 2/17) के ऑलराउंड खेल और साहिल (49 रन) व कौरव सिंघानी (48 रन) की पारियों से सोनेट क्रिकेट क्लब ने पहले ऑल इंडिया प्रदीप श्रीस्वास्तव अंडर-19 क्रिकेट मेमोरियल टूर्नामेंट में उदय भान क्रिकेट अकादमी को छह विकेट से पराजित कर दिया। उदय भान अकादमी की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए सैफिन (37 रन) व नमन (32 रन) की पारियों से 26 ओवर में 163 रन बनाकर आउट हो गयी। सोनेट क्लब के लिए शौर्य सिंधु (3/17), रोहित शर्मा (2/17) और यश पूनिया (2/39) ने अच्छी गेंदबाजी की। जवाब में सोनेट क्लब की टीम ने 31.4 ओवर में चार विकेट पर 164 रन बनाकर मैच जीत लिया। उदय भान अकादमी के लिए अंश गर्ग ने दो विकेट लिए।

अर्शियान की शानदार गेंदबाजी

मैन ऑफ द मैच अर्शियान मेहदी (4/22) की शानदार गेंदबाजी, मयंक मृदुला (58 रन ना.), ईशान झा (33 रन) व तनुभव ज्ञान (31 रन) के शानदार खेल की बदौलत फोनिक्स क्रिकेट फाउंडेशन (165/6) ने दूसरे स्पोर्ट्स सन शील मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में हर्षा स्पोर्ट्स (33 ओवर में 164 रन पर ऑलआउट) पर चार विकेट से जीत दर्ज की। पराजित टीम की ओर से विशांत (36 रन, 2/35), युवराज चोपड़ा (34 रन), अक्षत अरोरा (28 रन) ने शानदार खेल दिखाया। विशांत को फाइटर ऑफ द मैच का अवार्ड दिया गया।

प्रथम और विक्की चमके

मैन ऑफ द मैच प्रथम राज (नाबाद 117) की शानदार पारी और विक्की महतो के पांच विकेट की बदौलत आरकेवाई क्रिकेट अकादमी (197/7) ने द्वितीय स्वर्गीय श्री चमन लाल आसीवाल क्रिकेट टूर्नामेंट के पांच मैचों की सीरीज के उद्घाटन मैच में केसीए तमिलनाडु (145/10) को 52 रनों से हरा दिया। **संक्षिप्त स्कोर -** आरकेवाई क्रिकेट अकादमी : 40 ओवर में 197/7 (प्रथम राज 117 रन ना., सरगुन 21 रन, हेमेश कुमार 3/23, हरि 2/18)। केसीए तमिलनाडु : 35.5 ओवर में 145/10 (कीर्तिवासन 40 रन, हेमेश कुमार 32 रन, विक्की महतो 5/24, पारस ठाकुर 3/22)।

डीडीसीए टी-20 लीग : राहुल दलाल के शतक से ऑफ बड़ौदा जीता

कप्तान राहुल दलाल (104 रन ना.) के शानदार शतक, सलिल मल्होत्रा (74 रन ना.), चेतन बिष्ट (27 रन) की पारियों और विशाल चौधरी (5/16) व राहुल चौधरी (2/39) की गेंदबाजी से बैंक ऑफ बड़ौदा (20 ओवर में 210/1) ने डीडीसीए टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में दिल्ली ऑडिट (16.4 ओवर में 138 रन पर ऑल आउट) पर 72 रनों से जीत दर्ज की। पराजित टीम की ओर से प्रियांशु विजयन ने 55 रन व पंकज जोशी ने 33 रन बनाए।

लंदन की अपनी छोटी और प्यारी वीकेंड ट्रिप पर धूप और ब्रिटिश चीज़ों का आनंद रही हूं
प्रीति जी. जिंटा@realpreityzinta

भारत जुगाड़ से नहीं चल सकता। हमें स्थायी समाधान, मज़बूत मूल्य और सही संस्कृति की ज़रूरत है। असली नेतृत्व दीर्घकालिक सोच, स्पष्टता और कठिन फ़ैसले लेने वाले ही करते हैं
हर्ष मारीवाला@hcmariwala

संक्षिप्त खबरें

बंधन एएमसी के 25 साल पूरे

नई दिल्ली। बंधन एएमसी ने भारतीय म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री में अपने 25 वर्ष पूरे कर लिये हैं। बंधन का इतना लंबा सफर विश्वास, इनोवेशन और बचतकर्ताओं को निवेशक बनने में मदद करने की अटूट प्रतिबद्धता पर आधारित एक विरासत का प्रतीक है। अपने निवेशकों और साझेदारों के साथ इस उपलब्धि को सांझा करने के लिए बंधन एएमसी ने 'राजू भैया की कहानी', को पेश किया है। राजू भैया की कहानी, एक पुरानी यादों से भरी, संगीतमय फिल्म जो कई लोगों के लिए एक-जाने पहचाने सफर को दर्शाती है। कंपनी की इस उपलब्धि पर बंधन एएमसी के सीईओ विशाल कपूर ने खुशी जताई है।

आईओबी ने ऋण दर घटाई

चेन्नई। सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) ने कोष की सीमांत लागत आधारित ब्याज दर (एमसीएलआर) 8.85 प्रतिशत से 0.5 प्रतिशत घटाकर 8.35 प्रतिशत कर दी है। आईओबी ने बुधवार को एक बयान में यह जानकारी देते हुए बताया कि नई दरें 15 जुलाई से प्रभावी हो गई हैं। बैंक की परिसंपत्ति देयता प्रबंधन समिति (एल्को) ने 14 जुलाई को आयोजित बैठक में बैंक की एमसीएलआर की समीक्षा कर इसे 15 जुलाई से घटाने का फैसला किया। आईओबी ने बताया कि एक दिन की अवधि के लिए एमसीएलआर मौजूदा के 8.25 प्रतिशत से घटाकर 8.15 प्रतिशत कर दी गई है।

सेंसेक्स 64 अंक चढ़ा

मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को मामूली तेजी रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 64 अंक चढ गया। वहीं एनएसई निफ्टी में 16 अंक की बढत रही। वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख और शुल्क को लेकर अनिश्चितताओं के बीच निवेशक बाजार से दूर रहे। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स में लगातार दूसरे दिन तेजी रही और यह 63.57 अंक यानी 0.08 प्रतिशत बढकर 82,634.48 अंक पर बंद हुआ। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 16.25 अंक यानी 0.06 प्रतिशत की मामूली तेजी के साथ 25,212.05 अंक पर बंद हुआ।

एसएईएल सोलर संयंत्र बनाएगा

नई दिल्ली। एसएईएल इंडस्ट्रीज अपनी सब्सिडियरी एसएईएल सोलर पी6 प्राइवेट लिमिटेड के ज़रिए, यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (वायईआईडीए) के तहत एक इंटीग्रेटेड सोलर मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी लगाने के लिए करीब ₹8,200 करोड़ का इन्वेस्टमेंट करेगी। उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने एसएईएल इंडस्ट्रीज लिमिटेड के को-फाउंडर एवं डायरेक्टर सुखबीर सिंह आवला को इस सौर परियोजना के लिए लेटर ऑफ कम्फर्ट प्रदान किया। इस अत्याधुनिक संयंत्र का निर्माण कार्य इसी वर्ष प्रारंभ होने की योजना है।

आईटीसी का लाभ बढ़ा

नई दिल्ली। आईटीसी होटल्स लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 53 प्रतिशत बढ़कर 133.71 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि मुनाफे में यह वृद्धि आमदनी बढ़ने के कारण हुई। पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 87.16 करोड़ रुपये रहा था। आईटीसी होटल्स ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसकी एकीकृत परिचालन आय आलोच्य तिमाही के लिए 815.54 करोड़ रुपये रही है, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 705.84 करोड़ रुपये थी। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी का खर्च 674.97 करोड़ रहा।

एडवर्ब का राजस्व लक्ष्य तय

नई दिल्ली। रोबोट बनाने वाली कंपनी एडवर्ब ने वित्त वर्ष 2029-30 तक अपने राजस्व को एक अरब डॉलर (लगभग 8,500 करोड़ रुपये) तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। कंपनी एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। एडवर्ब के सह-संस्थापक बीर सिंह ने कहा कि कंपनी का राजस्व पिछले वित्त वर्ष में सात करोड़ डॉलर रहा था, जबकि चालू वित्त वर्ष (2025-26) में कंपनी का लक्ष्य 12 से 15 करोड़ डॉलर का राजस्व जुटाने का है। उन्होंने बताया कि कंपनी का लक्ष्य अगले पांच साल में यानी 2029-30 में एक अरब डॉलर का राजस्व जुटाने का है। इस मौके पर आवला ने कहा, "हम उत्तर प्रदेश सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हैं।(एजेंसी)

कुल वाहन बिक्री में ईवी की हिस्सेदारी 7% के पार होगी

नई दिल्ली (भाषा)।

दुर्लभ खनिज तत्व (आरईई) की समस्या के समय पर समाधान और नए मॉडल की पेशकशों के साथ वित्त वर्ष 2027-28 तक कुल कार बिक्री में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) की हिस्सेदारी बढ़कर सात प्रतिशत से अधिक हो जाएगी।

रेटिंग एजेंसी केयरएज एडवाइजरी की एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया है। यह वृद्धि देश में चार्जिंग बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए सरकार के प्रयासों पर भी निर्भर करेगी। भारत के इलेक्ट्रिक कार परिवेश में पिछले तीन साल में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है।

केयरएज एडवाइजरी एंड रिसर्च की वरिष्ठ निदेशक एवं प्रमुख तन्वी शाह ने कहा, ''भारत में इलेक्ट्रिक कारों की हिस्सेदारी 2027-28 तक सात प्रतिशत को पार कर जाने की संभावना है, बशर्ते दुर्लभ खनिज संबंधी व्यवधान का समय पर समाधान किया जाए। मॉडल पेशकश की एक मज़बूत शृंखला, ईवी चार्जिंग बुनियादी ढांचे का विस्तार और पीएलआई (उत्पादन से जुड़ी

प्रोत्साहन) योजना के तहत बैटरी स्थानीयकरण के साथ, देश ईवी स्वीकार्यता में तेज़ी लाने को लेकर अच्छी स्थिति में है।'

कुल ईवी बिक्री में चार पहिया वाहनों की हिस्सेदारी फिलहाल कम है लेकिन इसमें दोपहिया और तिपहिया वाहनों का दबदबा है। हालांकि, चार-पहिया ईवी खंड अब सार्वजनिक नीति और निजी क्षेत्र की प्रतिबद्धता, दोनों के समर्थन से उच्च वृद्धि पथ पर उतर रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चार्जिंग ढांचे में अभूतपूर्व वृद्धि देखी जा रही है, जो ऐतिहासिक रूप से भारत में ईवी की स्वीकार्यता की यात्रा में सबसे महत्वपूर्ण बाधाओं में से एक रहा है।

रिपोर्ट के अनुसार, ईवी चार्जिंग स्टेशनों की संख्या वित्त वर्ष 2020-21 के 5,000 से बढ़कर 2024-25 में 1.07 लाख से अधिक हो गई है। इनमें सार्वजनिक ईवी चार्जिंग स्टेशनों (ईवीपीसीएस) की संख्या लगभग पांच गुना हो गई है। यह कैलेंडर साल 2022 के 5,151 से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 की शुरुआत में 26,000 से अधिक हो गई है।

सरकार ने वित्त वर्ष 2029-30 तक कुल वाहनों में 30 प्रतिशत ईवी बिक्री का लक्ष्य हासिल करने की प्रतिबद्धता जताई है और इस परिवर्तन को सक्षम करने में सक्रिय भूमिका निभा रही है।

एचडीएफसी बैंक के बोर्ड की बैठक 19 को

नई दिल्ली (भाषा)।

एचडीएफसी बैंक का निदेशक मंडल 19 जुलाई को होने वाली बैठक में बोनस शेयर और विशेष अंतरिम लाभांश जारी करने पर फैसला करेगा। बैंक ने बुधवार को यह घोषणा की जिसके बाद उसके शेयर में तेजी आई है।

एचडीएफसी बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसका निदेशक मंडल वित्त वर्ष 2025-26 के लिए बैंक के शेयर पर विशेष अंतरिम लाभांश की घोषणा और बैंक के शेयरधारकों के अनुमोदन के अधीन बोनस शेयर जारी करने के प्रस्तावों पर विचार करेगा। बैंक के एमडी एवं सीईओ शशिधर जगदीशन ने कहा था कि उन्हें अग्रिम या ऋण राशि बढ़ने का पूरा भरोसा है।

छोटे देशों पर भी 10% से ज्यादा शुल्क लगाएंगे ट्रंप

■ अफ्रीका एवं कैरिबियाई देशों पर भी होगा 10 फीसद से ज्यादा शुल्क

वाशिंगटन (एपी)।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि उनकी योजना अफ्रीका और कैरिबियाई देशों सहित छोटे देशों पर 10 प्रतिशत से अधिक शुल्क लगाने की है। ट्रंप ने पत्रकारों से कहा, 'हम संभवतः उन सभी के लिए एक शुल्क निर्धारित करेंगे।'

उन्होंने कहा कि कम से कम 100 देशों के सामान पर यह '10 प्रतिशत से थोड़ा अधिक शुल्क' लागू हो सकता है। मौके पर मौजूद वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक ने कहा कि जिन देशों के उत्पादों पर इन दरों पर कर लगाया जाएगा, वे अफ्रीका और कैरिबियाई देश होंगे जो आमतौर पर अमेरिका के साथ अपेक्षाकृत मामूली स्तर पर व्यापार करते हैं। शेष विश्व के साथ व्यापार असंतुलन को कम करने के ट्रंप के लक्ष्यों को पूरा करने में इनकी अपेक्षाकृत अधिक भूमिका नहीं होगी। राष्ट्रपति ने इस महीने करीब 24 देशों और यूरोपीय संघ को पत्र भेजे हैं, जिनमें एक अगस्त से लागू होने वाले शुल्क दर का ब्योरा है। ट्रंप ने साथ ही कहा कि वह संभवतः इस महीने के अंत में दवाओं पर शुल्क की घोषणा करेंगे। उन्होंने कहा कि वह कम शुल्क दरों से शुरुआत करेंगे और कंपनियों को उच्च आयात कर दरों का सामना करने से पहले घरेलू स्तर पर कारखाने खोलने के लिए एक साल का समय देंगे।

ट्रंप ने कहा कि कंप्यूटर चिप पर भी इसी तरह के शुल्क लगेंगे। गौरतलब है कि अमेरिका ने कई देशों पर बढ़ाए गए शुल्क को टालने की अवधि एक अगस्त तक बढ़ा दी है जो नौ जुलाई को समाप्त हो रही थी।

शुल्क पर चर्चा को अमेरिका जाएगा श्रीलंका का दल

कोलंबो (भाषा)। श्रीलंका के विदेश मंत्री विजिता हेराथ ने कहा कि एक अगस्त की समय सीमा समाप्त होने से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के द्वीपीय देश पर लगाए गए शुल्क पर बातचीत के लिए श्रीलंकाई प्रतिनिधिमंडल इस सप्ताह वॉशिंगटन जाएगा।

हेराथ ने मंगलवार को पत्रकारों से कहा, 'वे द्विपक्षीय समझौते पर बात करने के लिए 18 जुलाई को रवाना होंगे।' उन्होंने कहा कि श्रीलंका पिछले सप्ताह ट्रंप प्रशासन से मिले पत्र में उल्लेखित 30 प्रतिशत शुल्क में कटौती पाने की पूरी कोशिश करेगा।

ट्रंप प्रशासन ने अप्रैल में श्रीलंका पर 44 प्रतिशत शुल्क लगाया था, जबकि इस द्वीपीय देश ने अमेरिकी वस्तुओं पर 88 प्रतिशत शुल्क लगा रखा है।

वित्तीय केंद्र के रूप में विकसित हो रहा अहमदाबाद

नई दिल्ली (एजेंसी)।

कंफडरेशन ऑफ रियल एस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशंस ऑफ इंडिया (क्रेडाई) ने रियल एस्टेट डेटा इंटेलिजेंस लीडर सीआरई मैट्रिक्स के सहयोग से कैलेंडर वर्ष 2025 की पहली छमाही के लिए अहमदाबाद ऑफिस मार्केट रिपोर्ट जारी की है, जो एक उभरते हुए व्यवसाय और वित्तीय केंद्र के रूप में शहर की तेजी से विकसित हो रही स्थिति को दर्शाती है।

रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि अहमदाबाद का ऑफिस मार्केट अब मकान मालिकों के पक्ष में आ गया है, जिसमें ग्रेड ए/ए प्लस ऑफिस स्पेस में मार्केट किराए और पासिंग किराए के बीच 25.5% का प्रीमियम है। किराये में आया यह बदलाव बेहतर मूल्य निर्धारण शक्ति, मजबूत लीजिंग गति और शहर के वाणिज्यिक रियल एस्टेट परिदृश्य में बढ़ते किरायेदार विश्वास का स्पष्ट संकेतक है। अहमदाबाद का ऑफिस बाजार तेजी से बढ़ रहा है, और यह मकान मालिकों के लिए अच्छा समय है। शहर में कुल ग्रेड ए ऑफिस स्पेस 30.5 मिलियन वर्ग फीट है, जिसमें 19.6% जगह खाली है, जो स्वस्थ स्थिति दर्शाता है। क्रेडाई के प्रेसिडेंट शेखर पटेल ने कहा, 'अहमदाबाद अब एक बड़े बदलाव के दौर से गुजर रहा है।

त्योहारी मौसम में निकलेंगे 2.16 लाख अस्थायी जॉब

मुंबई (भाषा)। आगामी त्योहारी मौसम के दौरान देश भर में 2.16 लाख से अधिक अस्थायी नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है। यह सालाना आधार पर 15-20 प्रतिशत की वृद्धि है। बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह संभावना जताई गई। कार्यबल समाधान फर्म एडेको इंडिया ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि त्योहारी मांग की पूर्ति के लिए अस्थायी एवं अंशकालिक रोजगार में उछाल आने का अनुमान खुदरा क्षेत्र, ई-कॉमर्स, बैंकिंग एवं वित्तीय सेवा, लॉजिस्टिक, आतिथ्य, यात्रा और दैनिक उपभोग के सामान जैसे क्षेत्रों से प्रेरित है। रक्षा बंधन, दशहरा और दिवाली जैसे आगामी त्योहारों के समय त्योहारी बिक्री होने और शादियों के मौसम में बिक्री तेज होने की उम्मीद में अस्थायी कामगारों की भर्ती गतिविधियों में तेजी आई है।

कई कंपनियां मांग को आसानी से पूरा करने और अपेक्षित रूप से मजबूत त्योहारी अवधि के लिए अपनी परिचालन तैयारी को सुनिश्चित करने के लिए निर्धारित समय से पहले ही भर्तियों का दौर शुरू कर चुकी है। एडेको इंडिया के निदेशक और जनरल स्टाफिंग प्रमुख दीपेश गुप्ता ने कहा, 'इस साल का त्योहारी मौसम एक तेज और अधिक संरचनात्मक मांग वक्र देख रहा है। हमने इस मांग को पहले ही पूरा करने के लिए सक्रिय रूप से तैयारी की है।' रिपोर्ट में कहा गया है कि इस वर्ष की भर्ती में वृद्धि उपभोक्ता धारणा में सुधार, ग्रामीण मांग को बढ़ावा देने वाले अनुकूल मानसून, चुनाव के बाद के आर्थिक आशावाद और आक्रामक त्योहारी विज्ञापनों से प्रेरित है। दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, बेंगलुरु और चेन्नई जैसे महानगर त्योहारी भर्ती की मांग में सबसे आगे है, जिनमें पिछले साल की तुलना में 19 प्रतिशत अधिक अवसर है।

वहीं, लखनऊ, जयपुर और कोयंबटूर जैसे दूसरी श्रेणी के शहरों में मांग में 42 प्रतिशत की वृद्धि देखी जा रही है। इससे पता चलता है कि त्योहारी भर्तियों का सिलसिला व्यापक रूप ले चुका है। रिपोर्ट के मुताबिक, नई भर्तियों के दौरान मिलने वाले वेतन में महानगरों में 12-15 प्रतिशत और उभरते शहरों में 18-22 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद है। इसके साथ ही लचीली, अल्पकालिक भूमिकाओं के लिए बढ़ती प्राथमिकता के कारण इस वर्ष की मौसमी भर्तियों के दौरान महिलाओं की भागीदारी में 23 प्रतिशत बढ़ोतरी देखी जा रही है। लॉजिस्टिक एवं आपूर्ति क्षेत्र में भर्तियां 30-35 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है, जबकि बैंकिंग, वित्तीय सेवा एवं बीमा क्षेत्र में 30 प्रतिशत बढ़ोतरी की उम्मीद है।

औसत खुदरा मुद्रास्फीति चार फीसद रहेगी : क्रिसिल

कोलकाता (भाषा)।

रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने चालू वित्त वर्ष में खुदरा मुद्रास्फीति औसतन चार प्रतिशत रहने की उम्मीद जताई है, जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह 4.6 प्रतिशत थी।

क्रिसिल ने अपनी नवीनतम अध्ययन रिपोर्ट में कहा है कि भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के सामान्य से बेहतर मानसून के पूर्वानुमान को देखते हुए वित्त वर्ष 2025-26 में खाद्य मुद्रास्फीति कम रहने की उम्मीद है। रिपोर्ट के मुताबिक, जिंस उत्पादों के दाम कम होने से गैर-खाद्य मुद्रास्फीति भी इस दौरान कम रहेगी। भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) प्रमुख ब्याज दर के संबंध में कोई भी निर्णय करते समय खुदरा मुद्रास्फीति को ही आधार बनाती है।

क्रिसिल ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। हालांकि, इसमें गिरावट का जोखिम बना हुआ है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि अमेरिका में सीमा शुल्क बढ़ाए जाने को निर्यात के लिए जोखिम के रूप में देखा जा रहा है, जबकि बढ़िया मानसून एवं रेपो दर में कटौती जैसे घरेलू कारक वृद्धि के लिए मददगार साबित होंगे।

रिपोर्ट कहती है कि प्रणाली में सहयोगी तरलता होने से अर्थव्यवस्था की वित्तीय स्थिति में मदद मिलनी चाहिए, लेकिन रुपये के साथ पूंजी प्रवाह में भी उतार-चढ़ाव की आशंका है। बैंक ऋण वृद्धि कमजोर बनी हुई है। इसके मुताबिक, मई, 2025 तक उपलब्ध आंकड़े पहली तिमाही में बैंक ऋण वृद्धि में नरमी का संकेत देते हैं।

क्रिसिल ने कहा कि मुद्रास्फीति में नरमी मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) को इस वित्त वर्ष में एक बार फिर रेपो दर में कटौती करने और फिर कुछ समय के लिए विराम देने की गुंजाइश देगी। वैश्विक अनिश्चितताएं पूंजी प्रवाह और मुद्रा की गतिविधियों में अस्थिरता जारी रख सकती हैं। एमपीसी ने अपनी जून की बैठक में रेपो दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती की थी, जिससे यह घटकर 5.5 प्रतिशत हो गई थी।

वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया है, जो जनवरी, 2025 के बाद पहली बार जून में 80 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया था। इससे बॉन्ड प्रतिफल, शेयर बाज़ार और रुपये पर दबाव देखने को मिला।

राजू इंजीनियर्स लिमिटेड का क्यूआईपी 21 को बंद होगा

मुंबई (एजेंसी)।

प्लास्टिक एक्सट्रूज़न मशीनरी के निर्माता राजू इंजीनियर्स का क्यूआईपी 21 जुलाई को बंद होगा। कंपनी को अपने योग्य संस्थागत प्लेसमेंट (क्यूआईपी) के माध्यम से 18,000 लाख तक जुटाने की उम्मीद है।

कंपनी ने बताया कि उसके बोर्ड ने 114.42 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के न्यूनतम मूल्य के साथ इक्विटी शेयरों के योग्य संस्थागत प्लेसमेंट (क्यूआईपी) के निर्गम को मंजूरी दे दी है। 14 जुलाई, 2025 को बीएसई पर इक्विटी शेयरों का समापन मूल्य 131.20 था एनएसई पर प्रति इक्विटी शेयर 131.15 था। कंपनी इस निर्गम के न्यूनतम मूल्य पर 5% से अधिक की छूट नहीं दे सकती।

₹20000 करोड़ के बांड जारी करेगा एसबीआई

नई दिल्ली (भाषा)।

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने बुधवार को कहा कि वह चालू वित्त वर्ष 2025-26 में घरेलू निवेशकों को बांड जारी कर 20,000 करोड़ रुपये तक जुटाएगा।

एसबीआई ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसके निदेशक मंडल ने 'वित्त वर्ष 2025-26 में घरेलू निवेशकों को 20,000 करोड़ रुपये तक की राशि के लिए 'बेसल' अनुरूप अतिरिक्त टियर-1 बॉन्ड (इक्विटी पूंजी) और टियर दो बॉन्ड (निश्चित अवधि के लिए जुटाई जाने वाली राशि) जारी करके भारतीय रुपये में धन जुटाने की मंजूरी दे दी है। इसके

लिए जहां भी आवश्यक हो भारत सरकार से मंजूरी लेनी होगी।' 'बेसल ' बैंकिंग विनियमन का एक अंतरराष्ट्रीय ढांचा है जिसे बैंकिंग पर्यवेक्षण पर बेसल समिति द्वारा विकसित किया गया है।

यह 2008 के वैश्विक वित्तीय संकट के बाद लाया गया था, जिसका मुख्य उद्देश्य भविष्य में ऐसे संकटों को रोकने के लिए बैंकिंग प्रणाली को मजबूत और अधिक लचीला बनाना है।

ग्राहकों को मिलेगा ब्याज दरों में कटौती का लाभ

नई दिल्ली (भाषा)।

फिच रेटिंग्स ने बुधवार को कहा कि आरबीआई के 2025 की शुरुआत से बैंकिंग प्रणाली में पर्याप्त नगदी डालने और प्रणाली में पर्याप्त नगदी बनाए रखने की प्रतिबद्धता से 2025 में ब्याज दरों में एक प्रतिशत की कटौती का लाभ ग्राहकों तक पहुंचाने में मदद मिलेगी।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद के माध्यम से 2025 में लगभग 5.6 लाख करोड़ रुपये (प्रणाली परिसंपत्तियों का दो प्रतिशत) का टिकाऊ वित्तपोषण किया है, जिसके परिणामस्वरूप मार्च से प्रणाली में अधिशेष नगदी हो गई है। वैश्विक रेटिंग एजेंसी ने कहा कि नकद-आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में एक प्रतिशत की कटौती करने के उसके निर्णय से चरणबद्ध तरीके से लगभग 2.7 लाख करोड़ रुपये की नगदी जारी होगी।

फिच ने बयान में कहा कि जनवरी 2025 से बैंकिंग प्रणाली में आरबीआई द्वारा पर्याप्त नगदी डाले जाने तथा भविष्य में पर्याप्त नगदी उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता से

- ■ रिजर्व बैंक द्वारा बैंकिंग प्रणाली में पर्याप्त नगदी बनाए रखने की प्रतिबद्धता से यह होगा संभव
- ■ भारतीय रिजर्व बैंक अब तक ब्याज दरों में कर चुका है एक फीसद तक की कटौती
- ■ वर्ष 2025 में केंद्रीय बैंक बैंकिंग प्रणाली में डाल चुका है 5.6 लाख करोड़ रुपये की धनराशि
- ■ रेटिंग एजेंसी फिच ने कहा, रिजर्व बैंक द्वारा किए गए उपायों से ग्राहकों को मिलेगा पर्याप्त लोन
- ■ मौद्रिक नीति समिति की बैठक चार से छह अगस्त के बीच आयोजित की जाएगी

वित्तपोषण की स्थिति काफी आसान हो गई है।

रेटिंग एजेंसी ने कहा कि ये उपाय अक्टूबर 2024 की रिपोर्ट के बाद से आरबीआई के नगदी रुख में महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत देते हैं, क्योंकि इसका उद्देश्य वित्तपोषण लागत दबावों को बढ़ाए बिना ऋण वृद्धि को बढ़ावा देना है। उल्लेखनीय है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा पेश करते हुए नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में एक प्रतिशत की भारी कटौती करने का फैसला किया था। इससे अर्थव्यवस्था के उत्पादक क्षेत्रों को कर्ज देने के लिए बैंकिंग प्रणाली में 2.5 लाख करोड़ रुपये की अतिरिक्त नकदी उपलब्ध होगी।

सीआरआर में 29 नवंबर 2025 को समाप्त होने वाली अवधि में चार बराबर किस्तों (हर बार 25 प्रतिशत) में कटौती होगी और यह घटकर तीन प्रतिशत रह जाएगी। इसका मतलब यह है कि वाणिज्यिक बैंकों को नकदी के रूप में तीन प्रतिशत का निचला स्तर बनाए रखना होगा। मौद्रिक समिति की बैठक चार से छह अगस्त तक आयोजित होगी।

नीतिगत दरों में और कटौती से पहले स्थिति पर नजर रख रहा आरबीआई

नई दिल्ली (भाषा)।

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा है कि केंद्रीय बैंक नीतिगत दर में आगे किसी भी कटौती का फैसला लेने से पहले उभरती स्थिति पर नजर रखते हुए 'देखो और इंतजार करो' का रुख अपनाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि आर्थिक वृद्धि और मूल्य स्थिरता दोनों समान रूप से महत्वपूर्ण हैं।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) मुद्रास्फीति में गिरावट के साथ मानक रेपो दर में कटौती कर रही है। साथ ही इसने तटस्थ रुख अपनाया है। तटस्थ रुख का मतलब है कि रिजर्व बैंक जरूरत के मुताबिक प्रमुख ब्याज दर में घट-बढ़ कर सकता है। केंद्रीय बैंक फरवरी से अब तक रेपो दर में कुल मिलाकर एक प्रतिशत की कटौती कर चुका है।

मल्होत्रा ने एक टीवी चैनल दिए साक्षात्कार में कहा कि मुद्रास्फीति के अनुमान पर आंतरिक आकलन किया जा रहा है और उन्हें नहीं पता कि यह तीन प्रतिशत होगी या नहीं। इसका कारण ये आकलन अभी चल रहा है।

उन्होंने कहा, 'हम निश्चित रूप से अपना नवीनतम अनुमान जारी करेंगे और एमपीसी हमेशा की तरह, भविष्य के अनुमान को लेकर उभरती स्थिति को ध्यान में रखेगी। उसके आधार पर यह निर्णय लेगी कि अर्थव्यवस्था को वास्तव में किस प्रकार की नीतिगत दर की जरूरत है।'

मुद्रास्फीति के अनुमान पर आंतरिक आकलन किया जा रहा है, हमें नहीं पता कि यह 3% होगी या नहीं। इसका कारण ये है कि आकलन अभी चल रहा है। हम निश्चित रूप से अपना नवीनतम अनुमान जारी करेंगे और एमपीसी हमेशा की तरह, भविष्य के अनुमान को लेकर उभरती स्थिति को ध्यान में रखेगी

संजय मल्होत्रा, गवर्नर आरबीआई

मल्होत्रा ने कहा, 'अगर मुद्रास्फीति कम है, या वृद्धि दर कम है, तो निश्चित रूप से नीतिगत दर में कटौती की जा सकती है, लेकिन हमें इस पर नजर रखनी होगी।' गवर्नर के अनुसार, यह नहीं कहा जा सकता कि मुद्रास्फीति वृद्धि दर के आंकड़ों से ज्यादा महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा, 'जैसा कि आप जानते है, हम मुख्य रूप से मूल्य स्थिरता पर ध्यान देते है। यही हमारा मुख्य कार्य है, हमारा प्राथमिक उद्देश्य है। और फिर हम वृद्धि दर पर भी ध्यान देते है। दोनों ही समान रूप से महत्वपूर्ण है। मै यह नहीं कहूंगा कि हम अभी किसी भी आंकड़े पर ज्यादा जोर दे रहे है।'

रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की अगली बैठक अगले महीने चार से छह अगस्त को होने वाली है। मौद्रिक नीति समीक्षा की घोषणा छह अगस्त को की जाएगी। मल्होत्रा ने कहा कि नीतिगत दर में कटौती का असर शुरुआती दौर में है। उनके पास अभी मई तक के आंकड़ें है।

मल्होत्रा ने कहा, 'जून में हमने 0.5 प्रतिशत तक की कटौती की थी। कुल एक प्रतिशत के मुकाबले अभी एक प्रतिशत तक पहुंचने में काफी समय है, अभी भी, मेरे पास जून के आंकड़े नहीं है। मई तक यह 0.24 प्रतिशत था।

उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि इसमें सुधार हुआ है, लेकिन हमें अभी काफी दूरी तय करनी है।'

मुट्ठी में दुनिया

'जीवन में कभी सब कुछ खत्म नहीं होता, हमेशा एक नया प्रारंभ हमारी प्रतीक्षा कर रहा होता है!'
-अरुण गोविल @arungovil12

' चुप रहना भी एक कला है; ज़्यादा चुप रहना एक बड़ी कला है;
बहुत ज़्यादा चुप रहने की कला को कुएं में डाल!'
-अमिताभ बच्चन@SrBachchan

कल्कि आईएफएफएम में सर्वश्रेष्ठ फिल्म के लिए नामित

मुंबई (वार्ता)। ब्लॉकबस्टर फिल्म कल्कि 2898 एडी इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न(आईएफएफएम) में सर्वश्रेष्ठ फिल्म के लिये नामांकित की गयी है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित फिल्म कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हसन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी सहित कई शानदार कलाकार हैं। वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित यह फिल्म पिछले साल दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हुयी थी। इस फिल्म ने वर्ल्डवाईड 1200 करोड़ की कमाई की थी।कल्कि 2898 ने एक बार फिर ग्लोबल मंच पर अपना डंका बजा दिया है। इस फिल्म को अब इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न में सर्वश्रेष्ठ फिल्म कैटेगरी में नामांकन मिला है।

लव एंड वॉर में होगी रणबीर कपूर और विक्की कौशल के बीच टक्कर !

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड फिल्मकार संजय लीला भंसाली की आने वाली फिल्म लव एंड वॉर में रणबीर कपूर और विक्की कौशल के बीच जबरदस्त टक्कर देखने को मिल सकती है। रणबीर कपूर, विक्की कौशल और आलिया भट्ट स्टारर संजय लीला भंसाली की फिल्म'लव एंड वॉर'को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह है। समय के साथ फिल्म को लेकर बेसब्री बढ़ती जा रही है। इसी बीच एक दिलचस्प अपडेट सामने आया है कि फिल्म में रणबीर कपूर और विक्की कौशल के बीच जोरदार टक्कर देखने को मिलेगी। कहा जा रहा है कि लव एंड वॉर में रणबीर कपूर और विक्की कौशल के किरदारों के बीच जबरदस्त भिड़ंत होगी।

सुभाष घई ने बताई संगीत और डांस के प्रति अपनी गहरी रुचि की वजह

मुंबई (आईएएनएस)। अपनी शानदार फिल्मों के लिए मशहूर फिल्ममेकर सुभाष घई ने बुधवार को सोशल मीडिया पर एक तस्वीर शेयर की। इस पोस्ट में उन्होंने बताया कि उन्हें हमेशा से संगीत और डांस में गहरी रुचि क्यों रही है। फिल्म निर्माता सुभाष घई ने हाल ही में पुणे के ओशो आश्रम में डांसिंग पोज में अपनी एक तस्वीर इंस्टाग्राम पर साझा की। इस तस्वीर में उनके पीछे स्टेचू के पोज में एक आदमी भी खड़ा है। तस्वीर शेयर कर उन्होंने कैप्शन में लिखा, मैं जीवन में हमेशा से ही संगीत और नृत्य में रुचि रखता रहा हूं क्योंकि यह मेरे प्रोफेशन में एक बेहतर प्रदर्शन करने और खुद को खुलकर व्यक्त करने में मदद करता है। उन्होंने यह भी कहा कि आजकल एआई और चैट जीपीटी जैसे टूल्स का कई चीजों पर कब्जा हो गया है, जिसे उन्हें कोई चिंता नहीं हैं।

चांगेरी
चटनी-सूप के स्वाद में छुपा है सेहत का राज

नई दिल्ली (आईएएनएस)। चांगेरी को आमतौर पर खट्टी घास भी कहते हैं। यह एक छोटा-सा पौधा है जो भारत में आसानी से पाया जाता है। इसका उपयोग विभिन्न रोगों के इलाज के लिए किया जाता है। चांगेरी का वैज्ञानिक नाम 'ऑक्सालिस कार्निकुलाटा'है। यह एक बारहमासी पौधा है, जिसकी पत्तियां स्वाद में खट्टी होती हैं। यह आमतौर पर बगीचों, मैदानों और सड़क के किनारों में पाया जाता है। आयुर्वेद में, चांगेरी का उपयोग पाचन समस्याओं, दस्त, और बवासीर जैसी बीमारियों के इलाज के लिए किया जाता है। इसके पत्तों का उपयोग चटनी, सूप और अन्य व्यंजनों में भी किया जाता है।

चरक और सुश्रुत संहिता में चांगेरी का वर्णन मिलता है। चरक संहिता में इसे शाक वर्ग और अम्लस्कन्ध, तथा सुश्रुत संहिता में इसे शाक वर्ग में उल्लेखित किया गया है। इसका मुख्य उपयोग दस्त (अतिसार) पाचन संबंधी समस्याओं के उपचार में किया जाता है। चांगेरी के पत्तों का काढा (20-40 मिली) भुनी हुई हींग के साथ मिलाकर पीने से पेट दर्द और पाचन संबंधी समस्याओं में लाभ मिलता है। यह महिलाओं में पाचन तंत्र को मजबूत करने में सहायक है। बताया जाता है इसका उपयोग महिलाओं में होने वाली ल्यूकोरिया (व्हाइट डिस्चार्ज) की समस्या में भी किया जाता है। इसके पत्तों का रस मिश्री के साथ सेवन करने से ल्यूकोरिया के कारण होने वाली दर्द और हड्डियों की कमजोरी में राहत मिलती है।

चांगेरी त्वचा के लिए फायदेमंद हो सकती है। इसमें मौजूद एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीफंगल गुण मुंहासे, काले धब्बे और त्वचा की जलन को कम करने में मदद कर सकते हैं। वहीं, चांगेरी के फूलों को पीसकर चावल के आटे के साथ मिलाकर चेहरे पर लगाने से त्वचा का रंग निखरता है और दाग-धब्बों से छुटकारा मिलता है। चांगेरी विटामिन-सी का एक अच्छा स्रोत है, जो प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने में मदद करता है और स्कवी जैसी बीमारियों को रोकता है। चांगेरी के पत्तों का लेप जोड़ों के दर्द, गठिया और सूजन को कम करने में बहुत फायदेमंद है। इसके पीछे मुख्य कारण इसके सूजन-रोधी गुण हैं। ये गुण सूजन को कम करने और दर्द से राहत दिलाने में मदद करते हैं।

20 जुलाई को दिल्ली में होगा इंडियाज गॉट टैलेंट का ऑडिशन

मुंबई (वार्ता)। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन इंडियाज गॉट टैलेंट का ऑन-ग्राउंड ऑडिशन शुरू करने जा रहा है, जिसकी शुरुआत दिल्ली से 20 जुलाई को होगी। सेंट्रल एकेडमी इंटरनेशनल स्कूल, सेक्टर 10, द्वारका, दिल्ली और सुबह 8 बजे से ऑडिशन शुरू होंगे। यह शो हर उम्र और हर क्षेत्र के टैलेंट को मंच देता है। चाहे डांस हो, सिंगिंग, जादू, ऐक्रोबैटिक्स या कुछ अलग हटकर करने वाले एक्ट, यह मंच हर उस इंसान, जोड़ी, तिकड़ी या ग्रुप के लिए खुला है, जो बड़ा सपना देखते हैं और उसे बड़े अंदाज में दिखाते हैं।

गुरु की तलाश में तीन दिन बर्फीली पहाड़ियों में बैठे रहे शेखर कपूर

मुंबई (आईएएनएस)। फिल्ममेकर शेखर कपूर ने बुधवार को इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर करते हुए पहाड़ों के सफर से जुड़ा दिलचस्प किस्सा सुनाया, जो उनके जीवन का खास अनुभव रहा। उन्होंने अपनी काव्यात्मक शैली में लिखा कि कैसे वे अपने गुरु से मिले और उन्हें आत्म-ज्ञान का गहरा अनुभव हुआ। कपूर ने इंस्टाग्राम पर बफीले पहाड़ों के बीच बैठे अपनी एक तस्वीर साझा की, जिसमें वे शांत और विचारमग्न दिख रहे हैं। उन्होंने कैप्शन में एक लंबा नोट लिखा है, जिसमें उन्होंने बताया कि वह तीन दिन तक वहीं बैठे रहे थे। उन्होंने नोट में लिखा, मैं वहां तीन दिन तक बैठा रहा।

मैं इतने लंबे समय से इस पहाड़ पर चढ़ रहा था और थक चुका था... लेकिन मेरे गुरु मेरी तरफ देख कर भी ध्यान नहीं दे रहे थे। मैं बस उनकी सांसें सुन पा रहा था... और शायद प्रार्थना की आवाजें भी... हो सकता है कि वह आवाजें पहाड़ों से टकराती हवाओं की हों. आखिरकार, मैंने हिम्मत जुटाकर बात करने की कोशिश की।थ शेखर कपूर ने आगे कहा, थमैंने अपने गुरु की तलाश कई सालों तक की, सच कहें तो पूरी जिंदगी। एक पल के लिए लगता कि मैंने उनकी आवाज सुनी है, और दूसरे पल लगता शायद यह मेरी कल्पना थी, क्योंकि आस-पास बस हवा की आवाजें ही आ रही थीं। मेरे आंसू चेहरे पर गिर रहे थे। मैंने प्यार किया है, प्यार पाया है, धोखा दिया है और धोखा भी खाया है। मैंने बड़ी सफलताएं देखी हैं और गहरी निराशा भी महसूस की है। मैंने कभी-कभी खुद का अस्तित्व महसूस किया है, कभी-कभी ऐसा लगा है कि मेरा कोई अस्तित्व ही नहीं है। फिर भी, मुझे पता है कि जो कुछ भी मैंने किया या नहीं किया, वह सब बस एक सांस भर था, एक कदम था उस तलाश की ओर, जिसमें मैं अपने गुरु को ढूंढ रहा था। उन्होंने लिखा, वहां सन्नाटा था, फिर एक आवाज आई। मुझे समझ नहीं आया कि वह आवाज गुरु की थी या फिर तेज हवाओं की। लेकिन मैंने हिम्मत करके सवाल पूछा, 'गुरुजी, मेरे जीवन का अस्तित्व क्या है? मैं यहां क्यों हूं?' लेकिन गुरु ने मुड़कर जवाब नहीं दिया। कुछ देर बाद एक आवाज आई, 'जब तुम समय का असली महत्व समझ लोगे, तब तुम अपने जीवन का मतलब भी समझ जाओगे।

भारत में कॉन्सर्ट कल्चर के साथ बेहतर सुविधाओं की जरूरत कैलाश खेर

मुंबई (आईएएनएस)। मशहूर सिंगर कैलाश खेर, जिन्होंने अपने करियर में कई हिट गाने दिए हैं, ने हाल ही में भारत में बढते कॉन्सर्ट कल्चर से जुड़ी चुनौतियों के बारे में बात की। कैलाश खेर ने बताया कि भारत में जो कॉन्सर्ट्स हो रहे हैं, उनमें भीड़ तो बहुत होती है, लेकिन वहां जरूरी सुविधाएं नहीं होतीं। जब उनसे पूछा गया कि म्यूजिक शो या इवेंट्स में साफ-सुथरे पब्लिक टॉयलेट जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी है, तो उन्होंने इस पर सहमति जताई और कहा कि कॉन्सर्ट में आए लोग मस्ती में इतने डूबे रहते हैं कि वे अक्सर बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी कर देते हैं। कैलाश खेर ने आगे कहा कि जैसे-जैसे लोगों की सोच कला और शिक्षा के जरिए आगे बढेगी, वैसे-वैसे ये चुनौतियां भी धीरे-धीरे कम होंगी। उन्होंने कहा, समय के साथ इसमें सुधार होगा।जब लोगों की सोच कला और अच्छी शिक्षा के जरिए आगे बढेगी, तो इन बातों पर ध्यान रखना शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा, असली तरक्की सिर्फ मिसाइल या बारूदों से नहीं होती, बल्कि तरक्की तब होती है जब समाज में समझदार और जागरूक लोगों की संख्या बढती जाए। सही शिक्षा से ऐसे लोग बनते हैं, जो समाज को बेहतर बना सकते हैं। जब कैलाश खेर से पिछले दस सालों में बॉलीवुड म्यूजिक में आए बदलाव के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि वे म्यूजिक को 'बॉलीवुड' या 'नॉन-बॉलीवुड' जैसे हिस्सों में नहीं बांटते। उन्होंने बताया कि आजकल इंडिपेंडेंट और नॉन-फिल्म म्यूजिक बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। उनके खुद के प्लेटफॉर्म ने लोक कलाकारों, मंगणियार, और घुमंतु जनजाति की भी पहचान बढ़ाने में मदद की है। उनका मानना है कि ये बदलाव भारत की संगीत विरासत के लिए एक अच्छा संकेत है, क्योंकि इससे हमारे देश के पारंपरिक संगीत और कलाकारों को सम्मान और पहचान मिल रही है।

अमेरिकन आइडल की संगीत सुपरवाइजर व पति की हत्या

लॉस एंजेल्स (वार्ता)। अमेरिका के लॉस एंजल्स में मशहूर रियलटी शो 'अमेरिकन आइडल' कार्यक्रम की संगीत सुपरवाइजर रॉबिन केय और उनके संगीतकार पति थॉमस डेलुका की अज्ञात हमलावारों ने हत्या कर दी।द हॉलीवुड रिपोर्टर ने यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार संगीत रियलिटी सीरीज की दिग्गज केय 2009 से लेकर वर्तमान समय तक अमेरिकन आइडल से जुड़ी हुई थी। इस बीच लॉस एंजेल्स पुलिस विभाग के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि एनकिनो में पुलिस अधिकारी को दोनों के शव तब मिले जब उनके घर पर वेलफेयर चेकिंग के लिए पहुंचे थे।

सिद्धार्थ मल्होत्रा, कियारा आडवाणी बने बेटी के माता-पिता

नयी दिल्ली (भाषा)। अभिनेता दंपति सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी ने बुधवार को अपनी पहली संतान के जन्म की खुशखबरी दी। सोशल मीडिया मंच 'इंस्टाग्राम' पर एक संयुक्त पोस्ट के माध्यम से यह खबर साझा करते हुए दोनों ने बताया कि अब वे

एक बेटी के माता-पिता बन चुके है। उन्होंने अपने-अपने 'इंस्टाग्राम पेज' पर पोस्ट किया, 'हमारे दिल भर आए है और हमारी दुनिया सदा के लिए बदल चुकी है"।मल्होत्रा (40) और आडवाणी (33) ने फरवरी 2023 में राजस्थान के जैसलमेर के सूर्यगढ पैलेस में शादी की थी।

'वॉर 2'का नया पोस्टर रिलीज

मुंबई (वार्ता)। यशराज फिल्म्स (वाईआरएफ) ने अपनी आने वाली फिल्म वॉर 2 का नया पोस्टर रिलीज कर दिया है।अयान मुखर्जी द्वारा निर्देशित वॉर 2 में ऋतिक रोशन, एनटीआर जूनियर और कियारा आडवाणी की मुख्य भूमिका है।वाईआरएफ ने'वॉर 2'का नया पोस्टर जारी किया है, जिसमें तीनों स्टार्स का दमदार लुक देखने को मिल रहा है। फिल्म वॉर 2 14 अगस्त को हिंदी, तेलुगु और तमिल में रिलीज होगी।

42 वर्ष की हुई कैटरीना कैफ

मुंबई (वार्ता)। अभिनेत्री कैटरीना कैफ बुधवार को 42 वर्ष की हो गई। 16 जुलाई 1983 को हांगकांग में जन्मी कैटरीना कैफ मूल नाम कैटरीना टॉरकेटी ने 14 वर्ष की उम्र में मॉडलिंग से अपने करियर की शुरूआत की। वह मॉडलिंग करने के उद्देश्य से मुंबई आयी थी लेकिन इस दौरान उनकी मुलाकात कैजाद गुस्ताद से हुई। कैजाद गुस्ताद उन दिनों बूम बना रहे थे। उन्होंने कैटरीना को बूम में काम करने का प्रस्ताव दिया जिसे कैटरीना ने सहर्ष स्वीकार कर लिया। वर्ष 2003 में प्रदर्शित फिल्म बूम आपराधिक पृष्ठभूमि पर आधारित थी। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन और जैकी श्राफ ने मुख्य भूमिका निभायी थी। कमजोर पटकथा के कारण बूम बॉक्स ऑफिस पर कोई धूम नहीं मचा सकी।

वर्ष 2005 में कैटरीना कैफ को एकबार फिर से अमिताभ के साथ सरकार में काम करने का अवसर मिला लेकिन फिल्म की सफलता के बावजूद उन्हें कोई खास फायदा नहीं मिला। वर्ष 2005 में प्रदर्शित फिल्म मैंने प्यार क्यों किया कैटरीना कैफ के सिने करियर की पहली सुपरहिट फिल्म साबित हुई। बताया जाता है कि यह फिल्म कैटरीना को सलमान खान की वजह से मिली थी। इस फिल्म की सफलता के बाद कैटरीना को फिल्म इंडस्ट्री में अच्छी फिल्मों के प्रस्ताव मिलने शुरू हो गए। कैटरीना कैफ के सिने करियर में उनकी जोड़ी खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार के साथ काफी पसंद की जाती है। अक्षय और कैटरीना की जोड़ी सर्वप्रथम वर्ष 2006 में प्रदर्शित फिल्म 'हमको दीवाना कर गए' में एक साथ नजर आयी। फिल्म हालांकि टिकट खिड़की पर कामयाब नहीं हुई लेकिन दोनों की जोड़ी को पसंद किया गया। हमको दीवाना कर गए के बाद अक्षय और कैटरीना की जोड़ी वर्ष 2007 में प्रदर्शित फिल्म 'नमस्ते लंदन' में नजर आई। यह फिल्म सुपरहिट साबित हुई। इसके बाद इस जोड़ी ने वेलकम, सिंह इज किंग, दे दना दन और तीसमार खान जैसी कई फिल्मों में एक साथ काम किया। कैटरीना की जोड़ी सलमान के साथ मैंने प्यार क्यूं किया, पार्टनर एक था टाइगर,टाइगर जिंदा है भारत और टाइगर 3 जैसी फिल्मों में पसंद की गई।

2005 में प्रदर्शित फिल्म मैने प्यार क्यों किया कैटरीना कैफ के सिने करियर की पहली सुपरहिट फिल्म साबित हुई। बताया जाता है कि यह फिल्म कैटरीना को सलमान खान की वजह से मिली थी

कैटरीना कैफ को फिल्म इंडस्ट्री में आए हुए दो दशक हो चुके है और इस दौरान उन्होंने शाहरुख, सलमान, ऋतिक रोशन और अक्षय कुमार जैसे बड़े कलाकारों के साथ काम किया है। वर्ष 2021 में कैटरीना कैफ ने विक्की कौशल के साथ शादी कर ली। कैटरीना कैफ के करियर की अन्य उल्लेखनीय फिल्मों में अपने, रेस, न्यूयार्क, ब्लू, अजब प्रेम की गजब कहानी, राजनीति, जिंदगी ना मिलेगी दुबारा, मेरे बद्रर की दुल्हन, जब तक है जान, धूम-3, बैंगबैंग, फैंटम, फितूर ,सूर्यवंशी,और मेरी क्रिसमस प्रमुख है।